
RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 298
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 09 दिसंबर, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



टेस्ट रैंकिंगः अश्विन दूसरे और अग्रवाल 30 पायदान ऊपर 11वें स्थान पर पहुंचे

पेज - 12

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,649 | ▲ 1016 | |
| निफ्टी | 17,469 | ▲ 293 | |
| सोना | 47,267 | ▲ 117 | /10 gm |
| चांदी | 60,533 | ▼ 1112 | /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 23.01°C
न्यूनतम 11.01°C

## क्विक न्यूज

### ब्रह्मोस के आकाश से मार करने वाले संस्करण का सफल परीक्षण

**बालासोर (ओडिशा)।** भारत ने बुधवार को ओडिशा के तट पर चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज से सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस का आकाश से मार करने वाले संस्करण का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस अभियान को ब्रह्मोस के विकास में मील का एक प्रमुख पत्थर बताते हुए सूत्रों ने कहा कि मिसाइल के आकाश से मार करने वाले संस्करण का सुबह साढ़े 10 बजे सुपरसोनिक लड़ाकू विमान सुखोई 30 एमके-आई से परीक्षण किया गया।

### उपमहापौर को पुलिस ने दो साल के लिए तड़ीपार किया

**पुणे।** महाराष्ट्र में सोलापुर शहर की पुलिस ने स्थानीय नगर निकाय के उपमहापौर राजेश काले को दो साल के लिए तड़ीपार कर दिया है। उनके खिलाफ उगाही, सरकारी कर्मचारियों पर हमला करने समेत कई मामले दर्ज हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि काले को सोलापुर और उस्मानाबाद जिलों तथा पुणे जिले के इंदापुर तहसील से तड़ीपार किया गया है। भाजपा पार्षद काले को इस साल के शुरू में पार्टी ने निष्कासित कर दिया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने समिति से चार सप्ताह में रिपोर्ट मांगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने विकास परियोजनाओं के लिए पेड़ों की कटाई के संबंध में निर्णय लेने और ऐसे पेड़ों के मूल्यांकन के वास्ते वैज्ञानिक और नीतिगत दिशा-निर्देश बनाने के संबंध में उसके द्वारा गठित एक विशेषज्ञ समिति को चार सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने का बुधवार को निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने इस आशय का आदेश मथुरा में एक सड़क चौड़ीकरण परियोजना के लिए 1803 पेड़ों की कटाई की अनुमति देते हुए पारित किया, जो ताज ट्रेपेजियम जोन (टीटीजेड) के अंतर्गत आता है। टीटीजेड यूपी के आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, हाथरस और एटा जिलों और राजस्थान के भरतपुर जिले में फैले लगभग 10,400 वर्ग किमी के क्षेत्र में है।

### शादी के बंधन में बंधेंगे लालू के छोटे बेटे तेजस्वी

**पटना।** बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद के छोटे पुत्र तेजस्वी प्रसाद यादव के शादी के बंधन में बंधने की खबर आने पर बुधवार को राजद के नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच खुशी की लहर दिखी। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री (32) तेजस्वी गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अपनी होने वाली जीवनसंगनी से सगाई करने वाले हैं।

हेलिकॉप्टर क्रैश के बाद नहीं रहे देश के पहले सीडीएस

# जनरल बिपिन रावत, पत्नी मधुलिका समेत 13 की मौत



सीडीएस जनरल बिपिन रावत
16 मार्च 1958-8 दिसंबर 2021


**पायनियर समाचार सेवा।** चेन्नई/दिल्ली

**देश** के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत हैलीकॉप्टर क्रैश की एक घटना में शहीद हो गए। जनरल रावत के साथ हैलीकॉप्टर क्रैश की यह दूसरी घटना थी। इससे पहले तीन फरवरी 2015 को उनका चीता हेलिकॉप्टर नगालैंड के दीमापुर में क्रैश हुआ था, हालांकि तब बिपिन रावत लेफ्टिनेंट जनरल थे। बुधवार को हुआ हादसा तमिलनाडु के कुन्नूर में दोपहर करीब 12 बजकर 20 मिनट पर हुआ। इसमें जनरल रावत की पत्नी मधुलिका रावत समेत सेना के 14 लोग सवार थे। इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई है, जबकि ग्रुप कैप्टन वरुण कुमार गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। एक महीने के अंदर देश में दूसरा एमआई-17 हेलिकॉप्टर क्रैश हुआ है। पिछला चॉपर 19 नवंबर को अरुणाचल प्रदेश में क्रैश हुआ था। उस घटना में चॉपर में सवार सभी 12 लोग मारे गए थे।

हादसे के बाद पहले ये खबर आई कि हादसे में घायल हुए कुछ लोगों को गंभीर हालत में वेलिंगटन के मिलिट्री अस्पताल ले जाया गया। जहां से करीब साढ़े पांच घंटे तक खबर आती रही कि जनरल रावत और उनकी पत्नी समेत कुछ अफसर बुरी तरह घायल हुए हैं, लेकिन फिर बारी-बारी से मौत की खबर आने लगी। शाम तक ये खबर आई कि हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई है। सिर्फ एक व्यक्ति जिंदा है, जो पुरुष है। इसके बाद कयास लगाए जाते रहे कि ये जनरल रावत ही हैं, लेकिन देर शाम सबसे बुरी खबर आई कि जनरल रावत नहीं रहे। उनकी पत्नी मधुलिका की भी मौत हो गई। सीडीएस रावत के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने दुख जाहिर किया है। मोदी ने ट्वीट में लिखा, जनरल रावत बेमिसाल सैनिक थे। सच्चे देशभक्त थे और उन्होंने हमारी सेनाओं के मॉर्डनाइजेशन के लिए योगदान दिया। उनके जाने से मुझे गहरा दुख हुआ है। रक्षामंत्री राजनाथ ने कहा, रावत का असमय निधन देश और सेना के लिए कभी पूरी न हो पाने वाली क्षति है।

● संबंधित खबरें पेज-11







## 12:20 बजे तमिलनाडु के कुन्नूर में हुआ हादसा

### रावत, उनकी पत्नी समेत 14 लोग थे सवार

हादसे का शिकार हुए एमआई-17 हेलिकॉप्टर में जनरल रावत, उनकी पत्नी के अलावा 12 लोग और थे। इनके अलावा ब्रिगेडियर एलएस लिद्दर, लेफ्टिनेंट कर्नल हरजिंदर सिंह, नायक गुरसेवक सिंह, नायक जितेंद्र कुमार, लांस नायक विवेक कुमार, लांस नायक बी. साई तेजा और हवलदार सतपाल समेत पांच और सवार थे। चश्मदीदों के मुताबिक हादसे से पहले बहुत तेज आवाज सुनाई दी। हेलिकॉप्टर पहले पेड़ों पर गिरा। इसके बाद उसमें आग लग गई, वो आग का गोला बन गया था। एक और चश्मदीद का कहना है कि उसने जलते हुए लोगों को हेलिकॉप्टर से बाहर गिरते हुए देखा। हादसा तब हुआ जब जनरल रावत कुन्नूर में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वापस सुलूर लौट रहे थे। हेलिपैड से 10 मिनट के दूरी पर घने जंगलों के बीच हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक हादसे की वजह खराब मौसम बताया जा रहा है।

### घने जंगल और कम विजिबिलिटी रहे हादसे की वजह

दिल्ली में उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया कि हादसे की वजह घने जंगल और कम विजिबिलिटी रहे। खराब मौसम के दौरान बादलों में विजिबिलिटी कम होने की वजह से हेलिकॉप्टर को कम ऊंचाई पर उड़ान भरनी पड़ी। लैंडिंग पॉइंट से दूरी कम होने की वजह से भी हेलिकॉप्टर काफी नीचे उड़ान भर रहा था। नीचे घने जंगल थे इसलिए क्रैश लैंडिंग भी फेल हो गई। इस हेलिकॉप्टर के पायलट ग्रुप कमांडर और सीओ रैंक के अधिकारी थे, ऐसे में मानवीय भूल की आशंका न के बराबर है।

### एमआई-17 को 2012 से इस्तेमाल कर रहा है भारत

जिस हेलिकॉप्टर में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत सवार थे, वह एमआई-17 सीरीज का हेलिकॉप्टर है। इस हेलिकॉप्टर को सोवियत संघ में बनाया गया था। भारत 2012 से इसे इस्तेमाल कर रहा है। यह मीडियम ट्विन टर्बाइन हेलिकॉप्टर है, जिसमें दो इंजन होते हैं। इस हेलिकॉप्टर को ट्रांसपोर्ट और बैटल दोनों ही रोल में इस्तेमाल किया जाता है। तकनीकी तौर पर एमआई-17 को इसके पिछले वर्जन एमआई-8 में सुधार करके डेवलप किया गया था। इस चॉपर में भारी बोझ उठाने की क्षमता है।

भारत ने कारगिल युद्ध के समय पाकिस्तानी घुसपैठियों पर अटैक के लिए एमआई-17 का इस्तेमाल किया था। दुश्मन की मिसाइल ने एक एमआई-17 चॉपर को मार गिराया था। इसके बाद ही भारत ने अपने फाइटर जेट को हमले के लिए भेजा था। भारत में इसे वीआईपी ट्रांसपोर्ट के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है। घटनास्थल पर सबसे पहले पहुंचने वाले कृष्णास्वामी के मुताबिक जिस जगह हेलिकॉप्टर गिरा, वहां से उनका घर महज 100 मीटर दूर है। घटना दोपहर करीब 12 बजकर 20 मिनट पर हुई। कृष्णा ने कहा- मैंने जैसे ही आवाज सुनी, मैं उस दिशा में भागा। पहली नजर में वहां सिर्फ आग और धुआं ही था। आग की लपटें मेरे घर की ऊंचाई से ज्यादा थीं। इलाके में रहने वाला कुमार नाम का लड़का दौड़कर पुलिस और फायर ब्रिगेड के पास सूचना देने गया। पेड़ों के बीच गिरे हेलिकॉप्टर में से दो या तीन लोग बाहर गिरते भी दिखे। सभी के शरीर में आग लगी हुई थी।

केंद्र के प्रस्ताव पर संयुक्त किसान मोर्चा की मुहर

# सरकार की चिट्ठी आते ही आज घर वापसी का ऐलान होगा



**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**दिल्ली** बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक खत्म हो गई है। जिसमें केंद्र सरकार और मोर्चे के बीच सहमति बन गई है। केंद्र सरकार के साथ बातचीत के बाद तैयार प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। अब सरकार की तरफ से इसे मानने के लिए अधिकारिक चिट्ठी भेज दी जाएगी, तो बृहस्पतिवार दोपहर 12 बजे फिर मोर्चे की बैठक बुला किसानों की घर वापसी का ऐलान हो जाएगा।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में हरियाणा के किसान नेता गुरनाम चढ़ूनी ने कहा कि मंगलवार को सरकार की तरफ से जो ड्राफ्ट आया था, उस पर हमारी सहमति नहीं बनी थी। हमने उसमें कुछ सुधारों की मांग कर लौटा दिया था। सरकार दो कदम और आगे बढ़ी है। जो ड्राफ्ट आया है, उसको लेकर हमारी सहमति बन गई है। अब सरकार उस ड्राफ्ट पर हमें अधिकारिक चिट्ठी भेजे। इसी पर सबकी सहमति है। जैसी चिट्ठी आएगी, उस पर बृहस्पतिवार को बैठक कर फैसला लेंगे। इसके लिए 12 बजे बैठक बुला ली गई है, जिसमें अंतिम फैसला लिया जाएगा।

किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार ने जो ड्राफ्ट भेजा था, उसे सर्वसम्मति से पास कर दिया गया है। इस ड्राफ्ट के अनुसार मृतकों को पांच लाख का मुआवजा राज्य सरकार देगी।

### पंजाब के किसान भी केस वापसी पर हरियाणा के साथ

पंजाब के 32 में से अधिकांश किसान संगठन घर वापसी के लिए तैयार हैं। उनकी कृषि कानून वापसी की मुख्य मांग पूरी हो चुकी है। हालांकि, किसानों पर दर्ज केस को लेकर वह हरियाणा के साथ हैं। पंजाब में किसानों पर केस दर्ज नहीं किए गए, लेकिन हरियाणा में हजारों किसानों पर केस दर्ज हैं। हरियाणा के अलावा उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, चंडीगढ़ के अलावा दूसरे राज्यों और रेलवे के भी केस हैं। किसानों का कहना है कि अगर ऐसे ही घर आ गए तो आंदोलन वापसी के बाद केस भुगतने पड़ेंगे। पहले भी हरियाणा के जाट आंदोलन और मध्यप्रदेश के मंदसौर गोलीकांड में ऐसा हो चुका है।

वहीं, राज्य सरकार ही किसानों पर केस वापस लेगी। अब इसे सरकार को वापस भेजा गया है। जैसे ही सरकार अधिकारिक तौर पर इसे जारी कर देगी, तो आंदोलन खत्म करने का ऐलान कर दिया जाएगा। इसके लिए बृहस्पतिवार दोपहर 12 बजे मीटिंग बुला ली गई है। इसी दौरान हरियाणा सरकार ने भी किसानों को मुआवजे के तौर पर पांच लाख की मदद और केस वापस लेने की सहमति दे दी है। केंद्र सरकार ने भी सभी केस वापस लेने पर सहमति दे दी है। केंद्र ने एमएसपी कमेटी में सिर्फ मोर्चे के नेताओं को रखने की बात भी मान ली है। दिल्ली बॉर्डर पर 377 दिन से किसान आंदोलन चल रहा है।

## पीएम मोदी छह लेन वाले गंगा एक्सप्रेसवे का शिलान्यास करेंगे

**शाहजहांपुर (यूपी)।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही यहां एक कार्यक्रम के दौरान मेरठ को प्रयागराज से जोड़ने के लिए छह लेन वाले गंगा एक्सप्रेसवे का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के सिलसिले में बुधवार को यहां पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा, उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देने के दृष्टिकोण से प्रधानमंत्री मोदी का यहां का कार्यक्रम बहुत ही महत्वपूर्ण है। प्रशासन के सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी संभवत 18 दिसंबर को यहां एक जनसभा को संबोधित करने तथा गंगा एक्सप्रेस-वे के शिलान्यास करने के लिए आ सकते हैं।

## 'भाई, भाभी और भतीजे करें अपने बयानों पर पश्चाताप'

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**चौटाला** परिवार के एकजुट होने के संकेतों पर अभय चौटाला ने विराम लगा दिया। अभय ने कहा कि भाई, भाभी और भतीजों ने जिस प्रकार के बयान दिए, उन पर पहले सभी को विराम लगाना चाहिए। बतां दें कि कुछ दिन पहले अभय के भाई बड़े अजय चौटाला ने परिवार के एकजुट होने के संकेत दिए थे।

साथ ही प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने एक शादी समारोह में अपने दादा ओपी चौटाला के पैर छुए थे। इसके बाद चौटाला परिवरा के एकजुट होने की अटकलें तेज हो गईं। अभय चौटाला ने कहा कि राजनीतिक में सभी चीजे संभव है, लेकिन जिस किस्म के बयान अजय सिंह के आए और जो बातें भाभी नैना, भतीजे दुष्यंत व दिग्विजय ने बोलीं, पहले उन लोगों को अपने बयानों पर पश्चाताप करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये लोग अब ये न कहे कि बड़े चौटाला को फैसला करना चाहिए। बड़े चौटाला ने तो फैसला बहुत पहले ही सुना दिया था। बड़े चौटाला अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं करते हैं। चाहे वो परिवार है या पार्टी। अजय सिंह के पास ऐसा क्या फार्मूला था, जो परिवार एकजुट होने की ओर इशारा कर रहे हैं।

## 71 बहु-राज्य सहकारी समितियों के खिलाफ कार्रवाईः अमित शाह

**नई दिल्ली।** सरकार ने सहकारी आंदोलन की भावना के उल्लंघन के कारण 71 बहु-राज्य सहकारी समितियों को बंद करने पर कार्रवाई की है। गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को संसद को इसकी जानकारी दी। केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि कुछ बहु-राज्य सहकारी समितियों के खिलाफ नियमों के उल्लंघन के लिए शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिसमें चुनाव से संबंधित विवाद भी शामिल हैं, जो सहकारी आंदोलन की भावना का गंभीर उल्लंघन हैं। उन्होंने कहा कि बहुराज्य सहकारी समितियों द्वारा परिपक्वता अवधि के बाद जमा राशि का भुगतान न करने के खिलाफ भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

फोर्ब्स की सूची में इन भारतीय महिलाओं का भी दबदबा

## निर्मला सीतारमण भारत की सबसे शक्तिशाली महिला

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण एक बार फिर भारत की सबसे शक्तिशाली महिला बनीं हैं। फोर्ब्स की ताजा सूची में उन्हें 37वां स्थान दिया गया है। गौरतलब है कि फोर्ब्स मैग्जीन ने दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची जारी की है। इससे पहले हाल ही में जारी की गई फॉर्च्यून इंडिया की सूची में भी वित्तमंत्री को पहला स्थान दिया गया था। बता दें फोर्ब्स की इस सूची में और भी भारतीय महिलाओं को स्थान दिया गया है।

फोर्ब्स मैग्जीन द्वारा जारी की गई दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली



महिलाओं की सूची में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को 37वां स्थान मिला है, इसके साथ वे भारत की सबसे सबसे शक्तिशाली महिला बन गई हैं। 2020 की सूची में सीतारमण 41वें पायदान पर थीं। बता दें कि फोर्ब्स ने सीतारमण को लगातार तीसरी बार दुनिया की 100 सबसे ताकतवर महिलाओं की सूची में शामिल किया है।

सूची के मुताबिक, वित्तमंत्री सीतारमण ने इस बार काफी आगे बढ़ते हुए अमेरिका की ट्रेजरी सेक्रेटरी जैनेट येलेन को पीछे छोड़ दिया है। इससे पूर्व जारी की गई सूचियों में जैनेट सीतारमण से आगे रही थीं, लेकिन इस बार बाजी पलटी है और जैनेट पीछे छूट गई हैं। दुनिया की 100 सबसे ताकतवर महिलाओं की इस ताजा सूची में अन्य भारतीयों को देखें तो वित्तमंत्री निर्मला के साथ ही एचसीएल कॉरपोरेशन की रोशनी नाडर भी मौजूद हैं। रोशनी को इस सूची में 52वां स्थान मिला है। इसके अलावा बायोकॉन की किरन मजूमदार शॉ को 72वां और नायका की संस्थापक और सीईओ फाल्गुनी नायर को सूची में 88वां स्थान दिया गया है।

## सुरक्षाबलों-आतंकियों के बीच मुठभेड़ में तीन ढेर

**एजेंसी।** जम्मू

**दक्षिणी** कश्मीर के शोपियां में बुधवार को सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-ताइबा (टीआरएफ) के तीन दहशतगर्दों को ढेर कर दिया। मारे गए आतंकियों से हथियार बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह जिले के चेक चोला इलाके में सुरक्षाबलों को आतंकियों के एक समूह के छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके आधार पर जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने सेना की 34 राष्ट्रीय राइफल्स और सीआरपीएफ के साथ मिलकर इलाके की घेराबंदी कर संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान एक



मकान में छिपे आतंकियों ने सर्च पार्टी पर फायरिंग की। इससे आतंकियों के छिपे होने की पुष्टि हो गई। फिर उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया। कई बार मौका देने के बाद भी वे नहीं माने और फायरिंग करते रहे। अंततः जवानों की जवाबी कार्रवाई से मुठभेड़ शुरू हो गई। शुरुआत में एक आतंकी मारा गया। इसके बाद आतंकी लगातार लोकेशन बदलते रहे, जिससे देर शाम तक मुठभेड़ चलती रही। इसमें दो और आतंकियों को मार गिराने में सफलता मिली।

निर्माण क्षेत्र के जरिये ओला को टक्कर, 2500 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा करेगी

## सिंपल एनर्जी बनाएगी दुनिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर फैक्ट्री

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**सिंपल** एनर्जी ने बुधवार को ऐलान किया कि उसने तमिलनाडु राज्य सरकार के साथ एक मैन्युफेक्चरिंग प्लांट के लिए 2500 करोड़ रुपये तक के निवेश के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी का दावा है कि यह इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए दुनिया का सबसे बड़ा प्लांट होगा। कुछ इसी तरह का दावा बीते समय में ओला इलेक्ट्रिक ने भी अपने प्लांट के लिए किया था, जिसका नाम फ्यूचर फैक्ट्री है। ओला भी तमिलनाडु में अपने प्लांट का निर्माण कर रही है, जिसमें हर साल 10 मिलियन (एक करोड़) यूनिट्स के उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है।

सिंपल एनर्जी बिक्री के खेल में भी ओला इलेक्ट्रिक को टक्कर देने के लिए दृढ़ है। पहले चरण में, होसुर में शूलगिरी के पास कंपनी की निर्माणाधीन प्लांट का लक्ष्य साल 2022 की शुरुआत में हर साल 10 लाख यूनिट्स तैयार करना है। दूसरे चरण में, कंपनी का कहना है कि वह अपने दूसरे प्लांट में 1,000 करोड़ रुपये का शुरुआती निवेश करेगी, जो धर्मपुरी में 600 एकड़ जमीन पर बनेगा। इस विशेष प्लांट में भविष्य के लिए तैयार अनुसंधान एवं विकास केंद्र, विश्व स्तरीय टेस्टिंग सेंटर और एक विक्रेता पार्क भी होगा। सिंपल एनर्जी के संस्थापक और सीईओ सुहास राजकुमार ने कहा, समझौता ज्ञापन के साथ, हम भारत में ई2डब्लयू (इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर) बाजार का नेतृत्व करने के लिए एक संसाधनपूर्ण इकोसिस्टम स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो देश के विजन के तहत तेज गति से कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में मदद करेगा। सिंपल एनर्जी इस तरह भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को फिर से परिभाषित करेगी।

इलेक्ट्रिक टू व्हीलर की मांग लगातार बढ़ रही है। यह स्थापित बड़े वाहन निर्माताओं के साथ-साथ नए खिलाड़ियों के लिए उत्साह बढ़ाने वाला संकेत है, जो बाजार में मजबूत पैर जमाने की तलाश में हैं। बाजार विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले समय में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स की बिक्री पारंपरिक स्कूटरों और बाइक्स से आगे निकल जाएगी।



### ईवी बिक्री में यूपी, दिल्ली, कर्नाटक अग्रणी राज्यः सरकार



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश, दिल्ली और कर्नाटक भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के पंजीकरण के मामले में शीर्ष तीन राज्यों के रूप में उभरे हैं। सरकार ने बुधवार को यह जानकारी दी है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि भारत में 870141 इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीकरण किया गया है। उत्तर प्रदेश (2,55,700) में सबसे अधिक पंजीकृत इलेक्ट्रिक वाहन हैं। उन्होंने कहा कि इसके बाद दिल्ली (125347) और कर्नाटक (72544) का स्थान आता है। चौथे और पांचवें स्थान पर बिहार (58014) और महाराष्ट्र (52506) का कब्जा है।

Good Morning!
# फरीदाबाद पायनियर
हरियाणा, बृहस्पतिवार, 09 दिसंबर, 2021 | ओल्ड फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

### शहर का तापमान
- अधिकतम 23.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 11.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज
- बीके अस्पताल की ओपीडी शुरू: सुबह 9 बजे
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेश कैम्प: सुबह 10 बजे
- कोरोना जांच प्रयोगशाला में जांच शुरू: सुबह 9 बजे
- वुमेंस पावर की तरफ से सेक्टर-23 में आर्ट एंड क्राफ्ट कक्षा: दोपहर 2 बजे

### निवेश गुरु

**म्यूचुअल** फंड में निवेश शुरू करने के लिए जरूरी नहीं है कि आपको बड़ी रकम की जरूरत पड़ेगी। आप महज 100 रुपये की छोटी बचत से भी निवेश शुरू कर सकते हैं। कई म्यूचुअल फंड्स स्कीम्स में महज 100 रुपये मंथली शीप निवेश किया जा सकता है। शीप में लॉन्ग टर्म का निवेश किया जाए तो, इसमें कम्पाउंडिंग का जबरदस्त फायदा मिलता है। कई ऐसे फंड्स हैं, जिन्होंने मंथली निवेश से करोड़ों का फंड बना दिया। जैसेकि, आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल वैल्यू डिस्कवरी फंड की एसआईपी (शीप) परफार्मेंस की बात की जाए तो, इसके लॉन्च के समय से 10,000 रुपये मंथली का एसआईपी निवेश 17 साल में (31 जुलाई 2021 को) 1.08 करोड़ रुपये का फंड हो गया. 2004 में यह फंड लॉन्च हुआ था।

### यूटीलिटी न्यूज

#### साइकिल जोन घोषित

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बुधवार को कार फ्री डे पर लघु सचिवालय सेक्टर 12 से सेक्टर 15 तक रेड लाइट तक के क्षेत्र को साइकिल ट्रैक घोषित किया है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ और वातावरण को शुद्ध बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक बुधवार को कार फ्री डे मनाया जा रहा है। लघु सचिवालय में सभी अधिकारी व कर्मचारी साइकिलों से या प्राइवेट वाहनों से या पैदल कार्यालयों में पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में लघुसचिवालय सेक्टर- 12 से सेक्टर 15 तक रेड लाइट टर्न साइड बाई साइड टाऊन पार्क तक प्रतिदिन प्रात:काल और सायं काल 6 से 8 बजे तक आम जनता के लिए साइकिल ट्रैक बना रहेगा। जिलाधीश जितेंद्र यादव ने फरीदाबाद शहर में यह आदेश पारित किए हैं।

### क्विक न्यूज

#### निगम आयुक्त की आईसीएआई संग बैठक

**फरीदाबाद।** आयुक्त नगर निगम ने स्थानीय इंडियन इन्टीटयूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के सदस्यों के साथ एक बैठक की। आईसीएआई के सभी सदस्यों ने निगमायुक्त के द्वारा किये जा रहे समर्पित और ईमानदार प्रयासों के लिए प्रशंसा की और निगमायुक्त का स्वागत किया। निगमायुक्त ने फरीदाबाद को स्वच्छ बनाने के लिए नगर निगम फरीदाबाद द्वारा उठाए जा रहे कदमों पर आईसीएआई के सदस्यों को विस्तार से अवगत कराया और चर्चा की। सदस्यों ने बताया कि फरीदाबाद और पलवल के क्षेत्र में उनके लगभग 2500 सदस्य हैं और उनके सदस्य निगम के सभी 40 वार्डों में स्वच्छता और ठोस कचरे के पृथक्करण के बारे में घर-घर जागरुकता लाने का कार्य करेंगे। निगमायुक्त ने आईसीएआई के सदस्यों से अनुरोध किया कि वार्ड समितियों की गतिविधियों को मजबूत करने के लिए आईसीएआई प्रत्येक वार्ड के लिए एक चार्टड एकाउंटेंट को वार्ड समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त करें।

# ईकोग्रीन : कूड़े से बिजली तो बनी नहीं, अब गोबर से ईंधन बनाने के दावे

## कूड़े के बाद नगर निगम ने ईकोग्रीन को दिया डेयरियों से गोबर उठाने का ठेका

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**ईकोग्रीन** कंपनी घरों से कूड़ा उठाने के बदले लोगों के साथ-साथ सरकार से भी भारी भरकम रकम की वसूली कर रही है। घरों से तो कंपनी के कर्मचारी मनमाने ढंग से शुल्क वसूल रहे हैं। कंपनी ने कूड़े से बिजली बनाने का दावा करते हुए यह ठेका लिया था। लेकिन इतना लंबा समय गुजर जाने के बाद कंपनी आज तक बिजली बनाने में कामयाब नहीं हो पाई है। कंपनी की लापरवाही के कारण बंधवाड़ी में कूड़े के बड़े बड़े पहाड़ खड़े हो गए है। जिनका आकार हर रोज बढ़ रहा है। कूड़े से रिसने वाले जहरीले रसायन के कारण बंधवाड़ी और आसपास के कई गांवों का भूजल तक जहरीला हो चुका है।

लाख असफलता के बावजूद नगर निगम न जाने किन कारणों से कंपनी के लिए आय के रास्ते खोल रही है। कूड़े का निस्तरण करने में पूरी तरह असफल होने के बावजूद अब निगम द्वारा कंपनी को शहर भर में स्थित डेयरियों से गोबर उठाने का ठेका दिया गया है। कंपनी प्रति पशु 250 रुपये की दर से डेयरियों से वसूली करेगी। कंपनी निगम के प्लांट में गोबर पहुंचाएगी। जहां निगम द्वारा ईधन के लिए गोबर से ब्रिक्स बनाएगी। इस ईधन को कहां खपाएंगे, इसकी कोई योजना नहीं है।


सैनिक कॉलोनी रोड पर बिजली कार्यालय पर लगा गोबर का ढेर।


बड़खल-अनखीर रोड के स्मार्ट डिवाइडर पर लगा गोबर का ढेर।

### बिजली बनाने के बाद गोबर से ईधन

**ईकोग्रीन** कंपनी द्वारा कूड़े से बिजली बनाने का वायदा करके वर्ष 2017 से फरीदाबाद और गुरूग्राम नगर निगम से कूड़े का प्रबंधन करने का ठेका लिया था। लेकिन इस कंपनी ने दोनों निगमों और स्थानीय लोगों से पैसों की वसूली के अलावा कुछ नहीं किया। कंपनी की लापरवाही से पर्यावरण को लगातार भारी नुकसान पहुंच रहा है। कंपनी ने बंधवाड़ी के पहाड़ों पर कूड़े का विशाल पहाड़ खड़ा कर दिया। प्रबंधन न होने की वजह से इस पहाड़ का आकार लगातार बढ़ता जा रहा है। लगातार कूड़ा डंप किये जाने से आसपास कई किलोमीटर तक जमीन जहरीली हो चुकी है। पिछले दिनों नीरी (राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान) ने इलाके में जांच करने के बाद अपनी रिपोर्ट पेश की थी। जिसमें कहा गया था कि इस कूड़े के डंपिंग यार्ड की वजह से आसपास के कई गांवों का भूजल जहरीला हो चुका है। इन गांवों में बंधवाड़ी, मांगर, ग्वाल पहाड़ी, बाल्यावास और मांडी गांव शामिल है। यदि बंधवाड़ी के जंगल में कूड़े के पहाड़ का आकार यदि इसी तरह बढ़ता रहा दोनों जिलों की जमीन जहरीली हो जाएगी।

### विकास की तरह हवा में गोबर की खपत

**नगर** निगम द्वारा जिस तरह से विकास कार्य हवा में करवाए जाते हैं। ठीक उसी तरह निगम अब डेयरियों से निकलने वाले गोबर को भी खपाने की योजना बना रहा है। शहर भर में अवैध रूप से चल रही डेयरियों से निकलने वाला गोबर नगर निगम के लिए सिरदर्द बन चुका है। शहर के मुख्य सड़कों के किनारे, ग्रीनबेल्ट और खाली प्लॉट में जहां देखों वहीं बड़े पैमाने पर पशुओं का गोबर पड़ा हुआ नजर आता है। जिससे एक तरफ जहां शहर का बदसूरत चेहरा उजागर हो रहा है, वहीं दूसरी तरफ वहां से गुजरने वाले लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्याओं को दूर करने के लिए निगम ने कूड़े का निस्तारण करने में फ्लॉप साबित हुई ईकोग्रीन कंपनी को डेयरियों से गोबर उठाने का ठेका दिया है। बदले में डेयरी संचालक को प्रति पशु 250 रुपये देने होंगे। कंपनी गोबर निगम के ब्रिक्स बनाने के प्लांट में पहुंचाएगी। निगम द्वारा प्लांट कहां लगाया जा रहा है और वहां बनने वाली गोबर की ब्रिक्स को कहां खपाया जाएगा, इसकी योजना के बारे में निगम द्वारा बताने की जरूरत महसूस नहीं की जा रही है।


एनएच चार की ग्रीनबेल्ट पर चेतावनी बोर्ड के नीचे थापे गए उपले।

### ईकोग्रीन पर ही भरोसा क्यों



**पर्यावरण** प्रेमी वैशाली राणा का कहना है कि फरीदाबाद और गुरुग्राम के कूड़ा निस्तारण के मामले में ईकोग्रीन फ्लॉप साबित हो चुकी है। इसके बावजूद कंपनी को गोबर उठाने का ठेका देना हैरानी की बात है। जबकि वेस्ट मैनेजमेंट के क्षेत्र में कई कंपनियां मौजूद हैं। अन्य कंपनियों को भी आगे लाने पर प्रतियोगिता बढ़ने से बेहतर काम हो सकता है। बिना योजना के गोबर उठाने का ठेका देने के दुष्प्रभाव भी जल्द नजर आ सकते हैं।

### कार्रवाई करने के खोखले दावे

**नगर** निगम की तरफ से सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने और कूड़ा जलाने वालों के खिलाफ पिछले लंबे समय से कार्रवाई करने के दावें किये जा रहे हैं। प्रदूषण का स्तर बढ़ने पर निगम द्वारा दिखावे के लिए चंद चालान काट दिये जाते हैं। जबकि शहर में बड़े पैमाने पर कूड़ा जलाने वाले कबाड़ियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती।

वहीं दूसरी तरफ आम लोग तो कूड़ा फेंक ही रहे हैं। साथ ही ईकोग्रीन कंपनी के डंपिंग यार्डों में भी कई कई दिनों तक कूड़ा सड़ता रहता है। लेकिन निगम की तरफ से इनके खिलाफ कभी कार्रवाई नहीं की जाती। वहीं अब नगर निगम शहर में सार्वजनिक स्थानों पर पशुओं का गोबर डालने वालों के खिलाफ भारी भरकम जुर्माना लगाने के दावे कर रही है।

जबकि शहर में जगह जगह गोबर के ढेर लगे हुए आम देखे जा सकते हैं। सरकारी जमीन, सड़क किनारे, फुटपाथ और सड़कों की डिवाइडरों पर भी लोगों ने गोबर थाप रखी है। यहां लोग चेतावनी के बोर्ड के नीचे ही उपले थाप रहे हैं। लेकिन निगम द्वारा आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# बेहतर करियर के लिए कौशल पर ध्यान दें विद्यार्थी

## जेसी बोस के इंडक्शन प्रोग्राम में विद्यार्थियों को कुलपति राज नेहरू ने किया संबोधित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


जेसीबोस विश्वविद्यालय में इंडक्शन प्रोग्राम का दीप जला कर शुभारंभ करते कुलपति राज नेहरू और अन्य।

**जेसी** बोस विवि एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति राज नेहरू ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने और उसे प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी केवल सिर्फ डिग्री हासिल करने को लक्ष्य न बनाये, अपितु बेहतर करियर के लिए कौशल और ज्ञान हासिल करने पर ध्यान दें।


कुलपति विवि के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए डीन छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा आयोजित प्रेरण कार्यक्रम (इंडक्शन प्रोग्राम) को संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों के नए प्रवेशित छात्रों के लिए ऑफलाइन एवं ऑनलाइन मोड में एक सप्ताह का प्रेरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 1300 से अधिक छात्र चरणबद्ध तरीके से हिस्सा ले रहे हैं। इससे पूर्व सत्र का शुभारंभ कुलपति राज नेहरू ने दीप जला कर किया।

कॉर्पोरेट क्षेत्र में एचआर प्रोफेशनल के रूप में दो दशकों से अधिक का अनुभव रखने वाले श्री नेहरू ने छात्रों को समय प्रबंधन के लिए कुछ उपयोगी टिप्स भी दिए। उन्होंने छात्रों से जीवन में संतुलन बनाने को कहा। कुलपति ने कहा कि छात्रों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी शामिल होना चाहिए। कौशल और ज्ञान को एक अच्छे करियर की कुंजी बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी विकास ने कामकाज के माहौल में व्यापक बदल किया है। इस बदलते माहौल में काम करने के लिए विद्यार्थियों को भी खुद तैयार करना होगा। उन्हें खुद को अपडेट रखना चाहिए। कुललपति ने विद्यार्थियों को उद्यमिता के लिए भी प्रेरित किया और कहा कि वे केवल नौकरी चाहने वाले न बने, अपितु नौकरी देने वाले बने। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को करियर व रोजगार की जरूरतों के अनुरूप भी सॉफ्ट स्किल्स एवं प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# हैकथॉन का ग्रैंड फिनाले शुरू

## विजेता टीमों को 40 लाख का पुरस्कार दिया जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


मानव रचना विश्वविद्यालय में आयोजित साइबर सुरक्षा हैकथान मंथन 2021 के ग्रैंड फिनाले में भाग लेते अथिति।

**पुलिस** अनुसंधान और विकास ब्यूरो, शिक्षा मंत्रालय के नवाचार प्रकोष्ठ (एमआईसी) और एआईसीटीई एक हैकथॉन 'मंथन 2021' का आयोजन कर रहे हैं, जो कि सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करने के लिए नवीन अवधारणाओं और प्रौद्योगिकी समाधानों की पहचान करने के लिए एक अनूठी राष्ट्रीय पहल है।

यह बड़े गर्व की बात है कि मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज को 8-10 दिसंबर, 2021 तक मंथन 2021 के ग्रैंड फिनाले की मेजबानी के लिए नोडल सेंटर के रूप में चुना गया है। मंथन 2021 के उद्घाटन सत्र को प्रो. अनिल डी. सहस्त्रबुद्धे, अध्यक्ष, एआईसीटीई, डॉ. अभय जेरे, सीआईओ, एमओई, बालाजी श्रीवास्तव, डीजी, बीपी आरएंडडी डॉ. मोहित गंभीर, इनोवेशन डायरेक्टर, एमओई और डॉ. संजय श्रीवास्तव, वीसी, एमआरआई आईआरएस ने संबोधित किया। बालाजी श्रीवास्तव ने कहा, ये हैकथॉन क्राउडसोर्सिंग के विचारों में उपयोगी रहे हैं क्योंकि नागरिक सीधे तौर पर खुद को समाज की चुनौतियों या सरकार के सामने आने वाली चुनौतियों के समाधान के लिए शामिल करते हैं। उन्होंने कहा, बीपीआरएंडडी जीतने वाली टीमों को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करेगा। स्टार्टअप में सफलतापूर्वक परिवर्तित होने के लिए कुछ विचारों को बीपीआरएंडडी से सीड फंड भी दिया जाएगा।

प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धे ने साझा किया कि पिछले कुछ हैकथॉन में चुने गए विचारों को लागू किया जा रहा है। डॉ. संजय श्रीवास्तव ने मंथन 2021 के ग्रैंड फिनाले के तकनीकी सत्रों के संचालन के लिए मानव रचना को सौंपने के लिए एमआईसी और बीपीआरएंडडी को धन्यवाद दिया।

# प्राइवेट स्कूल संचालकों ने किया प्रदर्शन

## डीसी को सौंपा स्कूलों को खोलने का ज्ञापन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव को ज्ञापन सौंपते प्राइवेट स्कूल संचालकों की एसोसिएशन के सदस्य।

**बल्लभगढ़** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के बैनर तले फरीदाबाद के प्राइवेट स्कूल संचालक सेक्टर 12 के टाउन पार्क में एकत्रित हुए वहां से अध्यक्षचंद्र सेन शर्मा के नेतृत्व में अपनी स्कूल खोलने की मांग पर प्रदर्शन करते हुए लगभग 220-230 निजी स्कूल संचालक डीसी ऑफिस पहुंचे। प्रशासन ने तालमेल बैठाकर ज्ञापन लेने की बात रखी।

उस पर सभी प्राइवेट स्कूल संचालक अपनी बात पर अड़े रहे और डीसी से मिलने और उन्हें ही ज्ञापन देने की बात करते रहे अंत में प्रशासन ने स्थिति देखते हुए प्रदर्शनकारियों की मांगों को माना और एसोसिएशन के 7 प्रतिनिधियों को डीसी के ऑफिस में बुलाकर विस्तार से चर्चा की। अध्यक्ष चंद्र सेन शर्मा ने बताया कि डीसी जितेंद्र यादव ने स्कूलों को खोलने की मांग पर भरोसा दिलाया है वे आज ही मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री और प्रदूषण बोर्ड के चेयरमैन से प्राइवेट स्कूलों की मांग को विस्तार से रखेंगे। महामंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि जब पढ़ाई का माहौल बनता है तभी दिल्ली की वजह से फरीदाबाद के स्कूलों को बंद कर दिया जाता है-यह बच्चों के हित में नहीं है शिक्षाविद सतीश फौगाट ने कहा कि बार-बार स्कूलों को बंद करने से फरीदाबाद के स्कूलों का शिक्षा का स्तर अन्य जिलों की तुलना में गिर जाएगा। डीसी ने इन सभी तर्कों को सुनने के बाद कहा कि मैं आज ही उच्च अधिकारियों से चंडीगढ़ संपर्क करके आप की मांग को रखूंगा और शीघ्र ही स्कूलों को खोलने की कार्रवाई करेंगे।

# ओमिक्रॉन अधिक संक्रामक है : डॉ. नायर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**कोरोना** वायरस के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन से बचाव के लिए कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन करें। इस बारे में क्यूआरजी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल से वरिष्ठ सांस रोग विशेषज्ञ डॉ. विद्या नायर बताती हैं कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कोरोना वायरस के नए वेरिएंट बी.1.1.529 ओमिक्रॉन को 'वैरिएंट ऑफ कंसर्न' का दर्जा दिया है।

इसका मतलब यह है कि या तो ये स्ट्रेन बहुत ज्यादा संक्रामक है यानि बहुत लोगों में फैल सकता है या फिर बहुत ही गंभीर प्रकार के इंफेक्शन फैला सकता है। इस वायरस से प्रभावित मरीजों की ट्रेवल हिस्ट्री को देखते हुए इस वायरस स्ट्रेन में तेजी से फैलने की संभावना नजर आती है।


डॉ. विद्या नायर।

कोरोना वायरस के इतने म्युटेशन का कारण यह है कि किसी भी वायरल या वायरस की अपनी यह खासियत होती है कि यह ज्यादातर लोगों में खुद फैलता है और इसके अन्दर ऐसे जेनेटिक मटेरियल होते हैं जो शरीर की रोगों से लड़ने की शक्ति के विरुद्ध काम करने के लिए रूप बदलते रहते हैं तो इस तरह से विभिन्न वैरिएंट आये हैं। डेल्टा और डेल्टा प्लस की तरह ही ओमिक्रॉन वैरिएंट आया है लेकिन इस नए वायरस के सिर में अत्यधिक मात्रा में उपस्थित प्रोटीन में बहुत ज्यादा बदलाव आते रहते हैं।

हाई रिस्क केटेगरी वाले मरीज जैसे पहले से किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित, बुजुर्ग लोग, जिन लोगों के शरीर की रोगों से लड़ने की शक्ति कमजोर होती है, जिनका कोई ट्रांसप्लांट हुआ है या कैंसर जैसे घातक रोग से पीड़ित लोग किसी भी वायरस इंफेक्शन से ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं। कोविड से ठीक हो चुके मरीजों को सतर्क रहने की आवश्यकता है क्योंकि ओमिक्रॉन वैरिएंट में म्युटेशन अलग हैं इसलिए हमारे शरीर में मौजूद एंटीबॉडी कभी-कभी ओमिक्रॉन रोकने में सक्षम नहीं हो सकती है। इसे ब्रेकथ्रू इंफेक्शन कहते हैं। जिन लोगों के शरीर में पहले से इम्युनिटी सेल्स बने हुए हैं हो सकता है ये कभी-कभी ओमिक्रॉन वायरस इंफेक्शन को न रोक पाए। इसी वजह से ओमिक्रॉन 'वैरिएंट ऑफ कंसर्न' बना हुआ है। क्योंकि इसका ट्रांसमिशन बहुत ज्यादा है और जिनको पहले कोविड हो चुका है उनको भी हो सकता है लेकिन अभी तक मौजूद डेटा के अनुसार, भले ही टीका लगने के बाद या पहले कोविड होने के बाद संक्रमण हुआ है, ज्यादातर लोगों में लक्षण हल्के ही देखने को मिले हैं।

इस समय कोरोना वैक्सीन का टीकाकरण बहुत मददगार है इसलिए जिन लोगों ने कोरोना टीका नहीं लगवाया है उन्हें टीकाकरण जरूर कराना चाहिए और बाकी सभी लोग वैक्सीन डोज पूरा करें। टीकाकरण आपको गंभीर इन्फेक्शन से बचाने में सहायक है। कुछ अध्ययन का कहना है कि शायद बूस्टर डोज की भी जरूरत पड़ सकती है।

### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**समझ पाया न ये सँसार क्या है मौत की सूरत**
**बुलावा आए जब उसका वहीं ले जाती है क़िस्मत**
**वतन पर मिट गए पल में अचानक हादसे में जो**
**नमन इस देश के सैनिक नमन जनरल विपिन रावत**

# स्वच्छता के लिए एकजुट होकर प्रयास करने होंगे

## निगम के सभागार कक्ष में सफाई कर्मचारियों मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सम्बोधित किया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



नगर निगम में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों के सफाई कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपते केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और निगमुक्त यश पाल यादव।

**स्वच्छता** ही बेहतर स्वास्थ्य का आधार है इसे बनाए रखने के लिये सभी को एकजुट होकर गंभीर प्रयास करने चाहिए। यह बात ऊर्जा एवं भारी उद्योग केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बुधवार को नगर निगम के सभागार कक्ष में सफाई कर्मचारियों की बैठक को सम्बोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने स्वच्छता को एक मुहिम के तौर पर शुरू किया है। सभी को मिलकर सरकार के स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनकर इसमें अपनी हर संभव प्रतिभागिता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन में स्वच्छता एक आवश्यक गुण है। हर इंसान को अपने आस-पास स्वच्छता बना कर रखनी चाहिए। स्वच्छता मनुष्य को रोगों व बिमारियों से दूर रखती है और जब व्यक्ति बीमारियों से दूर रहता है, तभी उसका शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर होता है। स्वच्छ वातावरण में रहने वाले लोगों का मन शांत होता है। ऐसे लोग समाज और देश को एक बेहतर सोच प्रदान करते हैं। इसलिए हमेशा अपने आस-पास स्वच्छता रखने का हर सम्भव प्रयास करना चाहिए, तभी हम राष्ट्र के नवनिर्माण मे अपनी महती भूमिका का निर्वाह कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अपने आस-पास के क्षेत्रों में स्वच्छता रखना हम सबका नैतिक कर्तव्य है। जिसके लिये सबको मिलकर स्वच्छता के प्रति अपने कर्तव्य को निभाना कर अपने आस-पास के क्षेत्रों में गंदगी को फैलने से रोकने के लिए सभी को अपना योगदान देना चाहिए। इसके लिये स्वच्छता अभियान से जुड़े सभी लोगो को जन-जागरुकता की ओर कदम बढ़ाते हुए आमजन के बीच स्वच्छता का विचार उत्पन्न करने के लिए अधिक से अधिक प्रचार- प्रसार करना चाहिए।

उन्होंने नगर निगम और नगर निगम से जुड़े सफाई कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि शहर को स्वस्थ और स्वच्छ बनाने में नगर निगम व उससे जुड़े कर्मचारियों की महती भूमिका है और इस भूमिका को सभी पूर्ण निष्ठा ईमानदारी से पूरा करें । उन्होंने हाल ही में ग्राम पंचायतों से नगर निगम में लिए गए सफाई कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र देकर उन्हें अपनी ओर से बधाई दी और पूर्ण स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। नगर निगम कमिश्नर यशपाल यादव ने कहा कि सभी के साझा प्रयासों से निगम क्षेत्र मे आने वाले वार्डों को पूरी तरह साफ-सुथरा बनाए रखने में कोई कसर बाकी नहीं रहने दी जाएगी।


### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण सुचित किया जाता है कि दिनांक 13.09.2021 को हसीना खातून पत्नी मुस्मी सैयद अली पुत्र हसन अली अंसारी निवासी गली नंबर 6, रमेश कालोनी सेहतपुर फरीदाबाद, अपने बच्चे को साथ लेकर कही चली गई है। जो अभी तक वापस नही आयी है। जिसका हुलिया इस प्रकार से हैं रंग गोरा, लम्बुतरा चहरा, सेहतनुमा शरीर, जिसका कद 5 फुट वा उम्र 20 वर्ष है। जिसने गुलाबी रंग की साड़ी और गुलाबी रंग की चप्पल पहने हुए हैं एवं बच्चे ने खाकी रंग की टी शर्ट पहने हुए हैं। जिस पर मुकदमा नंबर 469 दिनांक 31.10.2021, थाना पल्ला फरीदाबाद में दर्ज है। पता चलने पर निम्नलिखित नम्बरो पर सुचित किया जाये।

आई/ओ हैंड कांस्टेबल सन्नी -8860034513
पुलिस कन्ट्रोल रूम फरीदाबाद-0129-2227200,100
पुलिस थाना पल्ला - 0129-2257477
प्रबन्धक अफसर - 9582200139

### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण सुचित किया जाता है कि दिनांक 28.08.2021 को यादव लाबड पुत्र गोरे लाबड मूलरूप से नेपाल निवासी फिलहाल एससीएफ-24 सेक्टर 11डी फरीदाबाद से कही चला गया है।जो अभी तक वापस नही आया है। जिसका हुलिया इस प्रकार से हैं रंग गेहुआ, लम्बुतरा चहरा, पतला फर्तीला शरीर, जिसका कद 5 फुट वा उम्र 19 वर्ष है। जिसने नीले रंग की टी शर्ट, काली रंग की पजामी तथा लाल रंग की चप्पल पहने हुए हैं। मुकदमा नंबर 599 दिनांक 04.09.2021 थाना सेक्टर-7 फरीदाबाद में दर्ज है। पता चलने पर निम्नलिखित नम्बरो पर सुचित किया जाये।

आईसी चौकी सेक्टर.11 फरीदाबाद - 9582200166
थाना प्रबन्धक सेक्टर-7 फरीदाबाद - 9582200134

### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण सुचित किया जाता है कि ललित कुमार पत्नी रश्मि आर्य निवासी मकान नंबर 557 सेक्टर 55 फरीदाबाद, अपनी मर्जी से कही चला गया। जो अभी तक वापस नही आया है। जिसका हुलियां इस प्रकार से हैं रंग गोरा, गोल चेहरा, मजबूत हस्ट-पुष्ट शरीर, सीधे कंधे पर निशान चोट का, कद 6 फुट 1 इंच, उम्र 30 साल, जिसने मेहंदी रंग का ट्राउजर नीले रंग की गर्म जर्सी व पैर में हल्के वाईट रंग के लोफर शुज पहले हुए था। मुकदमा न0 648 दिनांक 07.12.2021 धारा 346 थाना सेक्टर-58 फरीदाबाद में दर्ज है। मिलने पर नीचे दिए नम्बरों पर सम्पर्क करें।

एसएचओ सेक्टर-58- 9582200129
थाना सेक्टर-58 फरीदाबाद - 01292307071
एसआई धर्मवीर - 9871469499

# जिले में नवंबर से नहीं आ रहे अंतरा इंजेक्शन

## परिवार नियोजन के तहत महिलाओं को लगाए जाते हैं अंतरा इंजेक्शन

**कविता।** फरीदाबाद



2021 में अंतरा डोज लगवाने वाली महिलाओं का आंकड़ा

| माह | प्रथम | द्वितीय | तृतीय | चौथा |
|---|---|---|---|---|
| अप्रैल | 02 | 01 | 02 | 00 |
| मई | 01 | 01 | 00 | 00 |
| जून | 02 | 04 | 04 | 02 |
| जुलाई | 02 | 02 | 03 | 05 |
| अगस्त | 05 | 00 | 01 | 02 |
| सितंबर | 09 | 05 | 08 | 05 |
| अक्टूबर | 04 | 04 | 01 | 06 |

**स्वास्थ्य** मुख्यालय द्वारा वर्ष 2016 में सलामती प्रोजेक्ट के तहत फरीदाबाद, रेवाड़ी, पलवल और मेवात में परिवार नियोजन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गर्भ निरोधक इंजेक्शन की शुरुआत की थी। जिसके तहत बीके सिविल अस्पताल और स्वास्थ्य केन्द्रों में डिम्पा यानी अंतरा इंजेक्शन (पहले अंतरा इंजेक्शन को डिम्पा नाम दिया गया था) लगाये जा रहे हैं। अप्रैल से अक्टूबर माह तक मात्र 81 महिलाओं को ही अंतरा का इंजेक्शन लगे हैं। वहीं दूसरी तरफ नवंबर माह से इंजेक्शन न आने के कारण महिलाएं परेशान है।

बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए राज्य सरकार द्वारा काफी प्रयास किए जा रहे हैं। 2015 में पहले राज्य सरकार द्वारा डीएपीए इंजेक्शन लांच किया था। जिसके तहत प्रत्येक तीन माह बाद इंजेक्शन लगवाने से महिलाएं गर्भवती होने से बच सकती है। मई 2016 में इसे कौराली स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में लगाना शुरू किया था। जिसमें अब तक करीब दो हजार महिलाएं इसे लगवा चुकी है। बीके सिविल अस्पताल में इसे दिसंबर 2017 में शुरू किया गया। यहां अब तक हजारों महिलाएं इसे लगवा चुकी है। लेकिन अब इंजेक्शन न आने से महिलाएं परेशान हो रही है।

### नि:शुल्क हैं ये इंजेक्शन

**सरकार** द्वारा इंजेक्शन गत 28 मार्च 2016 को इसे लांच किया गया था। लेकिन यहां इसे कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के बाद गत 19 मई 2016 से कौराली स्वास्थ्य केन्द्र में शुरू कर दिया गया था। इससे पहले हरियाणा में यह इंजेक्शन केवल निजी अस्पतालों में ही लगाऐ जा रहे थे। इसकी शुरुआत 1992 से यहां शुरू हो चुकी थी। लेकिन स्वास्थ्य विभाग की तरफ से इस योजना को 2016 में शुरू किया था। इंजेक्शन हार्मोंस से बना है। इसे लगाने से मात्र महावरी में अनियमिता आती है। इसके अलावा किसी तरह का कोई साइडइफैक्ट नहीं होता है। ऐसे में सरकार की तरफ से सलामती प्रोजेक्ट के तहत शुरू किया गया इंजेक्शन कारगार साबित हो रहा है। सूत्रों का कहना है कि अब तक करीब जिले में करीब 81 महिलाएं इंजेक्शन को लगवा चुकी है। उन्होंने बताया कि यह इंजेक्शन सरकार की तरफ से बिल्कुल मुफ्त लगाया जा रहा है। सरल होने के कारण महिलाएं भी इसमें रूचि दिखाती है।

## बीके चौक फायरिंग मामले में केस दर्ज

**फरीदाबाद।** रात 11:50 बजे के आस-पास, बीके चौक के पास आमलेट की दुकान पर कार सवार चार लड़के आये। एक लड़के ने दुकानदार से 200 रुपये देकर गोल्ड फ्लैक की डिब्बी मांगी। दुकानदार ने सिगरेट की छोटी डिब्बी दी तो उसने गाली-गलौज करते हुए दुकानदार से बड़ी डब्बी मांगी, दुकानदार ने गाली गलौज करने से मना किया तो, कार सवार एक अन्य लड़का उतरकर आया और गोली चला दी। गोली दीवार में जा लगी और चारों आरोपी कार में सवार होकर मौके से फरार गये। पुलिस को सूचना मिलते ही तुरन्त एसीपी बड़खल, एसएचओ एसजीएम नगर, पुलिस चौकी नंबर 3 प्रभारी तथा क्राइम ब्रांच 56, ऊंचागांव और 48 घटना स्थल पर पहुंचे।

# साइकिल रैली निकाल किया गीता जयंती महोत्सव के लिए जागरूक

## पर्यावरण संरक्षण के लिए सप्ताह में एक दिन साइकिल जरूर प्रयोग करें : उपायुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



साइकिल से प्रभात फेरी निकाल कर गीता जयंती महोत्सव के लिए लोगों को जागरूक करते उपायुक्त जितेंद्र यादव।

**जिला** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने साइकिल प्रभातफेरी की अध्यक्षता कर लोगों को गीता जयंती महोत्सव में शामिल होने का जागरुकता का सन्देश दिया। जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव 12 से 14 दिसम्बर तक मनाया जा रहा है। इसमें अधिक से अधिक जनभागीदारी हो इसके लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य और स्वच्छ पर्यावरण की सुरक्षा के लिए साइकिलिंग बहुत जरूरी है। इसलिए हर व्यक्ति को सप्ताह में एक दिन अपनी गाड़ी छोड़कर साइकिल का जरूर प्रयोग करना चाहिए। जिला उपायुक्त ने यह बात गीता जयंती महोत्सव के चलते लोगों में जागरुकता फैलाने के लिए जिला प्रशासन की तरफ से प्रभातफेरी, साइकिल रैली को आज जिला खेल स्टेडियम सेक्टर-12 से हरी झंडी दिखाते हुए कही।

इस अवसर पर जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा पर्यावरण संरक्षण के पहले चरण में सप्ताह में एक दिन बुधवार को कार फ्री-डे को गंभीरता से लागू किया गया है। प्रशासन द्वारा हर बुधवार को कार फ्री-डे मनाया जा रहा है। वहीं दूसरे चरण में प्रशासन का अपने स्वच्छता का उद्देश्य मार्निग हेल्थ क्लब के साथ क्लीन फरीदाबाद ग्रीन फरीदाबाद बनाने में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करना है। इसी के चलते सभी अधिकारी और कर्मचारी मार्निग हेल्थ क्लब की टीम के साथ पेड़-पौधों की कटाई व छंटाई करके उनकी सुरक्षा कर रहे हैं क्योंकि हमें आक्सीजन इन्हीं पेड़-पौधों से मिलती है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी पर्यावरण में गाड़ियों से होने वाले प्रदुषण को कम करने के भागीदार बन रहे हैं। डीसी जितेंद्र यादव ने कहा कि कार फ्री-डे फरीदाबाद में एक जन-आंदोलन के रूप में बनाया बन रहा है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे भी कार फ्री-डे मे प्रशासन का अपना सहयोग दें और सप्ताह में प्रत्येक बुधवार या किसी भी एक दिन कार फ्री-डे जरूर मनाएं।

जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि सप्ताह में एक दिन पैदल चलना चाहिए क्योंकि इससे पर्यावरण को भी शुद्धता मिलती है। इसलिए सप्ताह में प्रत्येक बुधवार के दिन यह मुहिम फरीदाबाद को ग्रीन फरीदाबाद क्लीन फरीदाबाद बनाने में कारगर सिद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि सप्ताह में कम से कम एक दिन सरकारी वाहनों से होने वाला प्रदूषण भी कम होगा और पर्यावरण में भी शुद्धता आएगी। जिला उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने इस अवसर पर लोगों को अपना संदेश देते हुए कहा कि अपने शहर को साफ-सुथरा रखना हम सबकी अपनी जिम्मेवारी है, जिसमें सभी आमजन को अपनी भागेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। मार्निग हेल्थ क्लब के मेंबर्स इस जिम्मेदारी को जिस तरह निभा रहे हैं, उसी तरह आमजन को भी चाहिए कि वो सप्ताह में कम से कम एक दिन सफाई जरूर करें।

# अस्पताल में तोड़फोड़ कर सवा लाख रुपये लूटे

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



प्रेम नगर ऊंचा गांव के अस्पताल में पिस्टल लहराते बदमाश।

**प्रेम** नगर ऊंचा गांव में बदमाशों ने अस्पताल में घुसकर तोड़फोड़ की। पिस्टल लहराते हुए अस्पताल कर्मचारियों के साथ मारपीट की और सवा लाख रुपये लूटकर ले गए। अस्पताल संचालक का कहना है कि यह हमला गांव मच्छगर निवासी आदित्य उर्फ कातिया के इशारे पर हुआ है। पुलिस ने अस्पताल संचालक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ऊंचा गांव निवासी मुनेश भाटी ने पुलिस को बताया कि वह यहां मानवता नाम से अस्पताल चलाता है। पहले उसका प्रापर्टी का काम था। तब गांव आमरू पलवल में सरपंच ओमवीर के यहां उसका आना-जाना था। आरोप है कि आदित्य उर्फ कातिया व उसके भाइयों ने ओमवीर सरपंच के साथ खाली जमीन पर कब्जा किया था। इस संबंध में उनके खिलाफ सेक्टर.58 थाने में मुकदमा दर्ज हो गया। कातिया ने समझा कि यह मुकदमा मुनेश भाटी ने दर्ज कराया है। इसके चलते रात करीब 11 बजे कातिया के साथी गांव मच्छगर निवासी मनोज उर्फ मुखी, बंटी, शेरू, प्रीतम, गांव दयालपुर निवासी चिट्टी और अटाली निवासी ईश्वर सफेद रंग की क्रेटा कार में मुनेश भाटी के अस्पताल पहुंचे। वहां उन्होंने कर्मचारी योगेश से पूछा कि मुनेश भाटी कहां है। योगेश ने जानकारी होने से इन्कार कर दिया। इसके बाद बदमाशों ने धमकी दी कि वे मुनेश की हत्या कर देंगे। इसके बाद सभी ने अपनी पिस्टल निकाल ली। अस्पताल के कैश काउंटर में रखे करीब सवा लाख रुपये लूट लिए। उन्होंने कर्मचारी योगेश को पीटा। वहीं अस्पताल में तोडफ़ोड़ की। जाते हुए वे हत्या की धमकी देकर गए। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। बता दें कि मच्छगर निवासी आदित्य उर्फ कातिया व उसके साथियों को सेक्टर.58 थाना पुलिस ने प्लाट पर कब्जे की कोशिश मामले में मंगलवार को गिरफ्तार किया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को बनाई 14 बैंच : सीजेएम

## 11 दिसंबर को जिला न्यायालय सेक्टर 12 फरीदाबाद में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा

**फरीदाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश कम चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशवीर सिंह राठौर के दिशा निर्देशानुसार 11 दिसंबर को जिला न्यायालय सेक्टर 12 फरीदाबाद में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए 14 जजों बैंच बनाए गए हैं।

यह जानकारी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंगलेश कुमार चौबे ने दी। उन्होंने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जजों की 14 बैंचों में राजेश शर्मा अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, नरेंद्र सुरा क्षेत्र न्यायाधीश, कुमुद गूगनानी प्रिंसिपल जज फैमिली कोर्ट, राजेश कुमार ऑफिसर लेबर कोर्ट इंडस्ट्रियल ट्रिब्यूनल, संदीप चौहान मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, गगनदीप गोयल जुडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, अनुराधा जुडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, रूपम जुडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, आकृति वर्मा जुडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, गौरव खटाना जुडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, अस्मिता देशवाल जुडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, रिशु जुडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, डॉ प्रियंका जैन जुडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, विद्या प्रकाश पाठक चेयरमैन परमानेंट लोक अदालत की होंगी। मुख्य न्याय दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आमजन से अपील की है कि वे अपने विवादों को ज्यादा से ज्यादा राष्ट्रीय लोक अदालत में रखें। विवाद का हमेशा हमेशा के लिए निपटारा हो जाता है। जिसकी सुप्रीम कोर्ट तक कोई अपील नहीं होती।

# 'एट होम इन द यूनिवर्स' का पुस्तक विमोचन

## किताब कॉर्पोरेट उपलब्धियों और आध्यात्मिक खोज का अनोखा संगम है

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**हाल** ही में डीएचएफएल प्रॉपर्टी सर्विसेज लिमिटेड के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी बी के मधुर की किताब 'एट होम इन द यूनिवर्स' का विमोचन केंद्रीय सड़क विकास मंत्रालय के सलाहकार आरसी सिन्हा ने किया। बीके मधुर की यह किताब आत्मकथा है, जिसमें उन्होंने अपने सफर को बयां किया है कि किस तरह दक्षिण भारत के एक गांव से उनकी यात्रा शुरू होकर कॉर्पोरेट सफलता के शिखर पर पहुंची।

अपनी आत्मकथा में मधुर ने भूमिहीन किसान और रोज कमाने वाले मजदूर के बेटे के शुरुआती दिनों में कठिनाइयों और विषमताओं की बात कही है। 344 पन्नों की इस किताब में उनके अब तक के पूरे सफर का वृतांत किया गया है कि किस तरह उस गांव से निकलकर मुंबई पहुंचे और किस तरह एक साधारण सेल्समैन से उठकर एक सफल बड़े व्यक्ति बने। किताब में भारत की अग्रणी हाउसिंग फाइनेंस कंपनी की स्थापना करने के सफर को भी बयां किया गया है।

किताब विमोचन के मौके पर आरसी सिन्हा ने कहा कि इस किताब में एक गरीब पृष्ठभूमि से कॉर्पोरेट के शीर्ष तक पहुंचने की यह कहानी कइयों को प्रेरणा देगी। आत्मकथा के लेखक बीके मधुर ने कहा कि किताब में मेरी जिंदगी के कई चरणों का चित्रण किया गया है। विमोचन के अवसर पर एलआईसी के पूर्व एमडी जीपी कोहली, रिटायर्ड आईपीएस डीए चौधरी, आयकर आयुक्त उदय भास्कर और अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। किताब जल्दी ही पूरे भारत के अग्रणी बुक स्टोर्स में अवेलेबल होगी।

## बच्चों ने बुजुर्ग मां को घर से निकाला

**फरीदाबाद।** बच्चों द्वारा मारपीटकर घर से निकाली गई बुजुर्ग मां को नवजन मोर्चा समिति ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम 2डी-ब्लॉक ब्लॉक ने सहारा देकर नेक काम किया है। आश्रम के संचालक किशन लाल बजाज को पैनल एडवोकेट रविन्द्र गुप्ता (डीएएलएसए) का फोन आया कि बीके अस्पताल के मेन गेट के पास एक बुजुर्ग महिला लावारिस हालत में बैठी हुई है। किशन लाल बजाज तुरंत अपनी टीम जिसमें सत्यपाल चौहान सूरज आर्य के साथ मौके पर पहुंचे और बुजुर्ग को अपने साथ आश्रम लेकर आए। पूछताछ करने पर वृद्धा ने अपना नाम जमुना उम्र 60 पत्नी लेखराज निवासी भारत कॉलोनी ओल्ड फरीदाबाद बताया। उसने बताया कि उसके चार बच्चे हैं और उन्होंने उसे घर से निकाल दिया है। किशन लाल बजाज ने वृद्धा को आश्वासन दिया कि वह आश्रम को ही अपना घर समझें। किशल लाल बजाज ने बताया कि इसकी लिखित सूचना 3 नंबर पुलिस चौकी में दे दी जाएगी।

# बिजली कर्मचारियों ने किया मांगों को लेकर प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



बिजली निगम कार्यालय पर प्रदर्शन करते कर्मचारी।

**बिजली** कर्मचारियों ने बुधवार को बिजली संशोधन बिल 2021 को रद्द करवाने और पुरानी पेंशन बहाली व ठेका कर्मचारियों को पक्का करने आदि मांगों को लेकर सर्कल कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

यह प्रदर्शन नेशनल को-आर्डिनेशन कमेटी आफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाईज एंड इंजीनियर (एनसीसीओईईई) के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर किया गया। बल्लभगढ़ यूनिट प्रधान रमेश चंद्र तेवतिया की अध्यक्षता में आयोजित प्रदर्शन में बल्लभगढ़, एनआईटी, ओल्ड व ग्रेटर फरीदाबाद डिवीजन के सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन एसई नरेश कक्कड़ को सौंपा गया। नेशनल को-आर्डिनेशन कमेटी आफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाईज एंड इंजीनियर (एनसीसीओईईई) के सदस्य व इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाईज फैडरेशन ऑफ इंडिया (ईईएफआई) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष लांबा ने प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बिजली संशोधन बिल 2021 को किसानों, गरीब उपभोक्ताओं, कर्मचारियों एवं इंजीनियर विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि इसी बजह से करीब एक दर्जन राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों और सबसे बड़े हितधारक बिजली कर्मचारियों एवं किसानों ने इसका विरोध किया है और इस बिल को वापस लेने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि 15 दिसंबर को संसद मार्च किया जाएगा और जिस दिन बिल सदन में बहस के लिए पेश किया जाएगा उसी दिन देशभर के बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर कार्यबहिष्कार कर धरने पर बैठ जाएंगे। प्रदर्शन में आल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद गनी, पूर्व सर्कल सचिव व सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान अशोक कुमार,खंड प्रधान करतार सिंह, यूनिट कमेटी के प्रधान भूप सिंह, दिनेश शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, सुबोध कुमार नेता आदि मौजूद थे।


## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** सेक्टर 7 थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर नवीन कुमार के नेतृत्व में चौकी सेक्टर 11 की टीम ने पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत दर्ज एक मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी विक्की गाजियाबाद के सेक्टर 16 प्रहलाद गढ़ी का रहने वाला है। जो फरीदाबाद के थाना सेक्टर 7 एरिया रामनगर बाटा मोड़ से पीड़िता लड़की रानी (काल्पनिक नाम) बा उम्र 14 वर्ष को एक दिसम्बर बुधवार के दिन अपने साथ गाजियाबाद ले गया था। जिस का मुकदमा थाना सेक्टर 7 में अपहरण और पोक्सो एक्ट की धाराओं में दर्ज किया गया है। जिसमें आरोपी ने अपने पड़ोस में रहने वाली 14 वर्षीय नाबालिग के साथ बलात्कार की वारदात को अंजाम दिया था। खुफिया जानकारी से पता चलने पर पीड़िता लड़की बा उम्र 14 वर्षीय को गाजियाबाद से बरामद कर लिया गया है। लड़की को अदालत में पेश कर मजिस्ट्रेट साहब के बयान कराए गए।

# पेश किया अनूठी हनुमान चालीसा का उपहार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**प्रेरक** एवं भक्ति उपहारों के अग्रणी ऑनलाइन ब्रांड पॉजिटिवली परफेक्ट ने देवदत्त पटनायक के साथ गठजोड़ में छोटी हनुमान चालीसा के साथ खूबसूरत हनुमान चालीसा मेमोरी बॉक्स गिफ्ट पेश किया है। करोड़ों लोग शक्ति, साहस और मन की शांति के लिए रोजाना हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं। माय इंडिया बाय देवदत्त ने आपकी सकारात्मक ऊर्जा के लिए इस प्रार्थना को खूबसूरत छोटी किताब के रूप में पेश किया है। इसे शानदार बॉक्स में रखा गया है।

खास तरीके से गढ़े हुए मेमोरी बॉक्स पर हनुमान जी के अलग-अलग रूप उकेरे गए हैं। इनमें प्रभु श्रीराम के लिए भजन गाते हनुमान जी, भीम के गुरु के रूप में हनुमान जी, भीम को सहृदयता की सीख देते हनुमान, श्रीराम की अंगूठी सीताजी तक पहुंचाते हनुमानजी, सूर्य के शिष्य के रूप में सूर्य नमस्कार करते हनुमान जी समेत विभिन्न रूप देखने को मिलेंगे। उन्हें समुद्र लांघकर लंका जाते हुए और वीणा वादन करते हुए भी देखा जा सकता है।

इस संबंध में देवदत्त पटनायक ने कहा, 'हनुमान चालीसा की हर पंक्ति हमें हिंदू विचारों की वृहद दुनिया और 4,000 साल से पुरानी धरोहर में गोते लगाने का मौका देती है। बचपन में सूर्य को खाने के लिए उनकी ओर दौड़ पड़े बाल हनुमान से लेकर समुद्र लांघकर लंका की ओर जाते और संजीवनी के लिए पहाड़ उठाकर लाते हनुमान जी तक के कई रूप इसमें दिखते हैं।'

# संक्षिप्त समाचार

## नवनियुक्त प्रशासक से की फीवा के सदस्यों ने मुलाकात



नवनियुक्त प्रशासक जितेंद दहिया का स्वागत करते फीवा के सदस्य।

**फरीदाबाद।** फीवा (फरीदाबाद एस्टेट एजेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन) के पदाधिकारी सात दिसंबर को एचएसवीपी सेक्टर 12 फरीदाबाद में नवनियुक्त प्रशासक जितेंद्र दहिया से उनके कार्यभार संभालने के उपरांत शिष्टाचार भेंट के रूप में मिलने गए और उन्हें एक पौधा भी भेंट किया। प्रधान अकाश गुप्ता, महासचिव गुरमीत सिंह देओल, उपप्रधान मुकेश चौधरी, सहकोषाध्यक्ष सरदार रंजीत सिंह, फीवा एचएसवीपी ग्रीवेंस कमेटी सदस्य रोहताश चहल, राजवीर आदि सदस्यगणों ने विभाग की इमेल से संबंधित समस्याओं के विषय में भी चर्चा की और पुराने बने मकानों या भवनों का रिहायशी प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन करने की स्कीम को आगामी दो वर्षों तक रिओपन करने के लिए भी निवेदन किया। प्रशासक महोदय ने आश्वासन दिया कि, आगामी 10 दिनों में एक बार फिर इस विषय में विशेष चर्चा करने के लिए आप लोगों को पुन: आमंत्रित करके समाधान अवश्य करा दिया जाएगा।

## आईटीआई में मिल रही विशेष छूट



निशा तोमर।

**फरीदाबाद।** इंदर टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (आईटीआई) डायरेक्टर निशा तोमर ने कहा कि जब कभी भी बाजार में कोई नया उत्पाद आता है, तो सफलता की स्थिति में न सिर्फ उसका निर्माण होता है। साथ-साथ ही उसकी खामियां दूर करने यानी रिपेयर करने वालों के रूप में एक नए रोजगार का क्षेत्र का भी विस्तार होता है। जैसे कि नए मोबाइल उत्पाद बढ़ रहा है, वैसे ही मोबाइल कंपनियां भी बढ़ रही हैं। वैसे ही मोबाइल उपभोक्ता बढ़ रहे हैं। मोबाइल की बढ़ती जरूरत के साथ-साथ कंपनियां नई नई सुविधाएं भी देती हैं। आज भारत वर्ष में नए नए सर्विस सेंटर खुल रहे हैं, ताकि लोगों की जरूरत को पूरा कर सकें। मोबाइल रिपेयरिंग की बढ़ती डिमांड पूरी करने के लिए इंदर टेक्नालाजी इंस्टीट्यूट में विशेष छूट मिल रही है। ताकि लोग जो कम पढ़े लिखे आमदनी कम होने पर निराश हो जाते हैं, पर आज की बढ़ती तेजी के साथ कोई भी इंसान खाली नहीं बैठना चाहता। इसलिए आप आज ही फैसला करें कि आपको ऐसा क्या करना है, ताकि आप समय के साथ चल सकें। आईटीआई में अधिक से अधिक ध्यान दिया जाता है कि मोबाइल फोन ठीक प्रशिक्षण करने के बाद व अधिकांश में अपने सेंटर खोले सकें। इसके अलावा यहां पर आईटीआई के पाठ्यक्रम के अनुसार तकनीकी विषय में जैसे इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रानिक्स, रेफ्रिजेशन, एसी और कंप्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवकिंग के क्षेत्र में फरीदाबाद में एकमात्र इंस्टीट्यूट है, जो कि एक एवं दो वर्ष के डिप्लोमा कराता है, ताकि विद्यार्थी सरकारी नौकरी में भी प्रवेश पा सकें।

## शहर में दबंगों का खौफ, अपराधी बेखौफ

**फरीदाबाद।** एनएच दो में गत चार दिसंबर को महिला एवं उसके पति को लोहे की रॉड व कैंची से घायल होने की घटना को लेकर बुधवार को परिजन व समाजसेवी संस्थाओं के लोग फरीदाबाद पुलिस आयुक्त से मिले और बेखौफ घूम रहे अपराधियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की मांग की। चार दिसम्बर को 2 नम्बर सी ब्लाक में सुबह 8.00 बजे कुछ अपराधी तत्वों ने ललित कुमार उर्फ लवली व उसकी पत्नी बिन्नी पर लोहे की रॉड व कैंची से उस समय जानलेवा हमला किया जब ललित कुमार नाश्ते के लिए पड़ोस की दुकान से दूध ब्रैड लेने जा रहा था। झगड़े का शोर सुनकर बिन्नी अपने पति को बचाने घटना स्थल पर पहुंची तो उसके सिर फटा और दिमाग की हड्डी टूटी हुई थी। क्यूआरजी अस्पताल में बड़ा ऑपरेशन कर दिमाग की टूटी हुई निकाल कर प्लेट डाली गई है और हालात अभी नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने घटना में मारपीट और चोट लगने जैसी साधारण धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी इंदर उर्फ हिन्दे, भरत कपूर, विपिन और गौशे को गिरफ्तार भी नहीं किया। पुलिस आयुक्त विकास कुमार ने एसीपी एनआईटी रमेश चंदर और सम्बंधित पुलिस स्टेशन को केस में डॉक्टर की राय लेकर कड़ी धाराओं में केस दर्ज कर जल्द से जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## नगर निगम के एसडीओ के खिलाफ मामला दर्ज

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद निवासी एक महिला की शिकायत पर फरीदाबाद नगर निगम में तैनात एसडीओ सुमेर सिंह के खिलाफ महिला थाना एनआईटी पुलिस ने छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस में दी गयी लिखित शिकायत के अनुसार, महिला नगर निगम कार्यालय में कार्यरत एसडीओ के द्वारा महिला की प्रपोजल को बिना उचित कारण के रद्द कर दिया। महिला ने नगर निगम आयुक्त से शिकायत कर दी। अगले दिन महिला जब नगर निगम कार्यालय पहुंची तो नगर निगम के गेट पर एसडीओ ने महिला का हाथ पकड़कर खींचते हुए अपने खिलाफ आयुक्त को दी शिकायत वापस लेने को कहा साथ ही ऐसा न करने पर जान से मारने की धमकी दी थी। महिला ने एनआईटी स्थित महिला थाना में एसडीओ के विरुद्ध शिकायत दी। पुलिस मामले में विधि-सम्मत कार्रवाई कर रही है।

## निगम ने 15 इकाइयों को किया सील

**फरीदाबाद।** नगर निगम फरीदाबाद द्वारा बकायाजात की वसूली की मुहिम में तेजी लाते हुए आठ दिसंबर को 15 इकाईयों को सील किया जिन पर करीब 28.10 लाख का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। एनआईटी जोन-2 ने 2 चल रही इकाईयों को सील किया। जिन पर करीब 02.10 लाख रुपये, एनआईटी जोन-3 ने 12 चल रही इकाईयों को सील किया जिन पर करीब 18.04 लाख रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। बल्लभगढ़ जोन 2 में एक इकाई को सील किया गया। जिस पर आठ लाख रुपये बकाया है। निगमायुक्त यशपाल यादव ने कहा कि जिन इकाइयों को सील किया जा चुका है और उनकी ओर से बकाया सम्पत्ति कर की राशि प्राप्त नहीं हुई है, उन इकाईयों की जल्दी ही निगम द्वारा नीलामी करने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्परों ने की हड़ताल शुरू

**फरीदाबाद।** आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर्स यूनियनों की संयुक्त तालमेल कमेटी के आह्वान पर जिले की सभी आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर पूर्ण रूप से हड़ताल पर चली गईं। हड़ताल के पहले दिन सभी सेंटर और सब सेंटर से बंद रहे। किसी भी प्रकार का कामकाज नहीं हुआ। विभागीय अधिकारियो ने वर्करों और सहायिकाओं पर हड़ताल में शामिल नहीं होने का दबाव बनाया गया। हड़ताली कर्मचारियों ने सेक्टर 12 के उपायुक्त कार्यालय के सामने पार्क में एकत्रित होकर सरकार की हठधर्मिता के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व राज्य प्रधान देवेंद्ररी शर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन गीता ने किया। सर्व कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान सुभाष लांबा और सीटू के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह डंगवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। सर्व कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष लांबा ने हड़ताल का पूर्ण रूप से समर्थन करते हुए सरकार से हड़ताली आंगनबाड़ी वर्करों और सहायिकाओं की जायज मांगों को अविलंब लागू करने की मांग की। हड़ताली सभा को जिला सचिव मालवती, एनआईटी की प्रधान विधु प्रभा, सुरेंदरी, सीमा, गीता ने भी संबोधित किया।

## 17 को जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन

**फरीदाबाद।** खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 17 व 18 दिसंबर को खेल परिसर सेक्टर-12 फरीदाबाद में किया जा रहा है। इस उत्सव में 15 से 29 वर्ष तक के सभी सरकारी, गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं के छात्र और कोई भी युवक-युवती भाग ले सकते हैं। जगबीर सिंह जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी फरीदाबाद ने बताया गया कि जिला स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ 17 दिसंबर को सुबह नौ बजे किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में कार्यरत मतिमंजूषा वाईसीओ फोन नंबर (9810844026) व सुनीता वाईसीओ फोन नम्बर (8447021569) से संपर्क कर सकते है। प्रत्येक विधा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को विभाग की ओर से पुरस्कृत किए जाएंगे।

# बंगाल की तरह सारे हिंदुस्तान में होगा खेला होबे : सुखेंदु शेखर राय

## गुरुग्राम में टीएमसी का कार्यालय उद्घाटन करने पहुंचे पार्टी के राज्यसभा सांसद सुखेंदु शेखर राय

## टीएमसी नेता अशोक तंवर कार्यकर्ताओं के साथ रहे मौजूद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**तृणमूल** कांग्रेस (टीएमसी) के राज्यसभा सांसद एवं हरियाणा प्रभारी सुखेंदु शेखर राय ने कहा कि बंगाल की तरह भविष्य में पूरे हिन्दुस्तान में खेला होगा। त्रिपुरा में खेला हो चुका है। ममता दीदी का नेतृत्व देश और देश के अनेक राजनीतिक दल चाहते हैं। यह बात उन्होंने बुधवार को गुरुग्राम में टीएमसी का जिला कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर कही।

इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद डा. अशोक तंवर, गुरुग्राम में नेता विजेंद्र जिंदल समेत अनेक नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


गुरुग्राम में टीएमसी कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर प्रेस वार्ता करते राज्यसभा सांसद, हरियाणा प्रभारी सुखेंदु शेखर राय और डॉ. अशोक तंवर मौजूद अन्य।

### चल रहा पार्टी विस्तार का काम

**उन्होंने** कहा कि हमारा जो विस्तार का काम चला रहा है, हरियाणा उसमें सबसे आगे है। नॉर्थ इंडिया में हरियाणा से अशोक तंवर ने ममता बैनर्जी से मुलाकात की और हरियाणा में काम करने का आग्रह किया। उन्हें तुरंत ममता दीदी ने स्वीकार किया। 23 नवम्बर को तंवर ने पार्टी ज्वाइन की, 29 को कलकत्ता में वर्किंग कमेटी की बैठक में भाग लिया। आज कार्यालय भी खुल गया है। इससे पता चलता है कि वे काम के प्रति कितने गंभीर हैं।

सुखेंदु शेखर राय ने कहा कि मोदी की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सब लगे हैं। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा में खेला हो चुका है। गोवा में होने वाला है। हरियाणा में भी खेलेंगे। महाराष्ट्र में चाहे शिवसेना हो या एनसीपी हो, सभी ममता दीदी का नेतृत्व चाहते हैं। यूपी में अखिलेश भी ममता बैनर्जी के रूप में देश में नया विकल्प खड़ा करने के पक्षधर हैं। तीसरे विकल्प पर कांग्रेस की भूमिका को ममता बैनर्जी द्वारा नकारने के सवाल पर राज्यसभा सांसद ने कहा कि ममता के खिलाफ विस चुनाव में सीपीएम, कांग्रेस व एक अन्य पार्टी लगे थे। उनका काम बीजेपी को फायदा पहुंचाना था, जिसमें वे सफल नहीं हो सके। इसके बावजूद ममता दीदी ने चुनाव के कुछ समय पर दिल्ली में सोनिया गांधी से मुलाकात करके कहा कि वे कमान संभलें। जो बिखरे हुए हैं, उन्हें एक छत्र के नीचे लेकर आएं। उस बैठक में राहुल गांधी भी थे।

बैठक के चार महीने तक ममता ने इंतजार किया, लेकिन सोनिया गांधी ने कुछ नहीं किया। इसके बाद ही एकला चलना शुरू किया। इसके बाद वरिष्ठ नेताओं ने ममता बैनर्जी का नेतृत्व स्वीकार करते हुए पार्टी में आस्था दिखाई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा से अशोक तंवर जैसे क्रांतिकारी नेता ने हरियाणा में कमान संभाली है। जो लोग बदलाव चाहते हैं, वे टीएमसी के साथ जुड़ रहे हैं। सांसद सुखेंदु शेखर राय ने कहा कि हमारी किसी पार्टी से दुश्मनी नहीं है, लेकिन आम जतना के लिए हम काम कर रहे हैं। ईमानदारी से काम करने वालों का स्वगात है। एक समुदाय विशेष को ममता बैनर्जी द्वारा लाभ देने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह अफवाह बीजेपी ने ही फैलाई थी। बंगाल की जनता इसका जवाब दे चुकी है। आगे देश की जनता देगी।

# हरियाणा में छोटी से बड़ी पंचायत का चुनाव लड़ेगी टीएमसी : तंवर

## अब पूरे प्रदेश में खोलेंगे कार्यालय

**गुरुग्राम।** हरियाणा में अपनी राजनीतिक सक्रियता दिखाते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर ने गुरु द्रोण की धरती गुरुग्राम से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का हरियाणा में पहला कार्यालय का शुरू कराया। उन्होंने पत्रकार वार्ता में कहा कि आने वाले समय में टीएमसी छोटी से बड़ी पंचायत तक का चुनाव लड़ेगी। यानी गांव के पंच से लेकर सांसद तक का चुनाव लड़ा जाएगा।

डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि डा. तंवर ने कहा कि पूरे हरियाणा में अगले तीन-चार माह में कार्यालय शुरू कर दिए जाएंगे। एक सप्ताह में एडहोक कमेटी राज्य और जिला स्तर पर बनेगी। दो-तीन महीने में ही खंड स्तर तक पदाधिकारी बनाए जाएंगे। हर गांव-शहर, कस्बे में हमारे कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समेत बीजेपी, जेजेपी, इनेलो, बीएसपी व अन्य दलों के लोगों से आग्रह है कि जो लोग देश को बचाना चाहते हैं, वे ममता दीदी के साथ आएं। अशोक तंवर ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 30 साल पहले जो ममता बैनर्जी के साथ हुआ था, वही पिछले दो साल पहले उनके साथ भी हुआ। आज हालत यह है कि कांग्रेस खुद को खड़ा नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ना तो देश का फायदा चाहती है और ना ही अपना। अगर इतनी परवाह होती तो वह कर्मठ कार्यकर्ताओं का सम्मान करती। उन्होंने कहा कि जिस नेता और आम आदमी की उपयोगिता होगी। जो देश के लिए काम करना चाहता है, टीएमसी उन लोगों के लिए है। कांग्रेस व अन्य दलों में इस तरह की कल्चर खत्म हो चुकी है। एक ममता बैनर्जी ही हैं, जो कि बीजेपी व उनके सहयोगियों के घुटने टिकवा सकती हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र में तीसरा मोर्चा नहीं, पहला मोर्चा ममता दीदी के नेतृत्व में होगा। यह पहले मोर्चे की लड़ाई है। यही मोर्चा 2024 में देश की राजनीति को बदलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा में कांग्रेस का साथ स्वीकार नहीं करेंगे। कांग्रेस के बारे में जितना कम बुलवाओ, उतना देश के लिए बढ़िया है।

राज्यसभा में जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अशोक तंवर ना कोई डीलर है, ना कोई ब्रोकर है। दूसरे दलों में ऐसे लोग हैं, जो कि अपना फायदा देखते हैं। हम ना तो कांग्रेस में ही ऐसी सोच के साथ रहे, ना ही टीएमसी में इस सोच के साथ आए हैं। अशोक तंवर ने कहा कि गुरुग्राम में कांग्रेस की दुर्दशा सबके सामने है।

# मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का 120 लोगों को मिलेगा लाभ

**सोहना।** मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान दो द्विवसीय मेले में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र से पहुंचे 354 लाभार्थियों ने रोजगार व व्यवसाय चलाने के लिए अपना पंजीकरण कराया था। जिसमें से 120 को रोजगार और व्यवसाय चलाने के लिए ऋण मिलेगा। मेले का लाभ लेने के लिए नगरपरिषद और बीडीपीओ की 35 ग्राम पंचायतों में से 572 लाभार्थियों को मेले में रोजगार और व्यवसाय चलाने के लिए बुलाया गया था।

मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान दो द्विवसीय मेले में मंगलवार की अपेक्षा बुधवार को 20 फीसदी कम ही लोग पहुंचे। मेले का लाभ लेने के लिए 572 में से करीब 500 लोग ही कुल पहुंचे। खंड की 35 ग्राम पंचायतों में से आए 274 बीपीएल कार्ड धारकों व्यवसाय व रोजगार चलाने के लिए अपना पंजीकरण कराया। जिसके लिए यहा लगी 18 विभागों की अलग-अलग स्टालों पर 37 योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरुक किया। ग्रामीण क्षेत्र आने वाले लाभार्थियों में से 80 ने ही रोजगार व व्यवसाय चलाने के लिए ऋण लेने के लिए अपनी इच्छा जताई है। शहरी क्षेत्र में भी 25 फीसदी ने ही ऋण लेने के लिए इच्छा जताई है। 166 में से 123 ने ही ऋण लेने के लिए पंजीकरण कराया। जिसमें से मात्र 40 लाभार्थियों ने मेले का लाभ उठाते हुए ऋण मिलेगा।

# बिगड़े संस्कारों का नतीजा है लव जेहाद : ज्योति शिखा

## समापन 14 दिसम्बर को होगा, 15 को हवन और विशाल भंडारा होगा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**संस्कारों** का जीवन में बहुत ही महत्व है। कितने ही धर्म को मानने वाले हों, लेकिन संस्कारों का बहुत महत्व है। कलयुग में पाश्चात्य संस्कृति का बहुत प्रभाव बढ़ रही है। युवा अपनी संस्कृति भूल चुका है। भौतिकता की तरफ भाग रहा है। युवा पीढ़ी को स्वयं धर्म से जोड़कर रखना जरूरी है। यह बात श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह में कथा वाचक ज्योति शिखा दीदी ने कही।

बुधवार से गांव बालूदा के राधा-कृष्ण मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इससे पूर्व 101 कलशों के साथ महिलाओं ने शोभायात्रा में भाग लिया। कथा में प्रवचन करते हुए ज्योति शिखा दीदी ने लव जेहाद पर कहा कि यूपी व हरियाणा ही नहीं, पूरे भारत की समस्या है। घरों में बिगड़े संस्कारों का यह नतीजा है। संस्कारों का होना बहुत जरूरी है। सतातन धर्म मूल जड़ है। यह हमें वेदों, शास्त्रों से मिला है। उन्होंने कहा कि अधिक कुछ पाने के लिए दूसरे धर्म में जाते हैं। वर्तमान शिक्षा प्रणाली पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि आज की शिक्षा बहुत कमजोर हो रही है। आज शिक्षा से संस्कार नहीं मिल रहे। व्यापार व कमाई करने वाली शिक्षा पर जोर है। उन्होंने संस्कार देने वाली शिक्षा की पैरवी की। पहला संस्कार बच्चे का घर से होता है दूसरा संस्कार शिक्षा के मंदिरों से होता है। आज के बच्चे मानसिक व शारीरिक रूप से कमजोर हो रहे हैं। ज्योति शिखा दीदी ने कहा कि कलयुग में भागवत सबसे बड़ा साधन है। लोगों का कल्याण करने के लिए भागवत रची गई है। भागवत ही भगवान है। पूरे मानव कल्याण के लिए भागवत बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि भागवत हमें आचरण युक्त जीवन जीना सिखाती है। भगवान से प्रेम करना सिखाती है। भक्ति कैसी हो, वैरागय कैसा हो, ज्ञान कैसा हो, धर्म कैसा हो यह सब सिखाती है। सबसे ज्यादा जरूरी चरित्र की प्रधानता है। कथा के बारे में उन्होंने कहा कि आज के दिन भगवान राम का विवाह समारोह हुआ था और बांके बिहारी जी प्रकट हुए थे। आज का दिन बहुत शुभ है। पहले दिन महातमय महिला की कथा सुनाई गई। यह रोजाना सुबह 10 बजे से 3 बजे तक सुनाई जाएगी। यह भागवत कथा ग्रामीणों द्वारा चंदा करके करवाई जा रही है। सभी ग्रामीणों का इसमें सहयोग है। बता दें कि ज्योति शिखा 12 साल से भक्ति में हैं। वृंदावन में उनका जन्म हुआ है। गिरधर गोपाल कुंड में निवास है। परिवार भक्ति में था, परिवार की प्रेरणा से भागवत कथा करने लगी।


गुरुग्राम के गांव बालूदा में कथा करती ज्योति शिखा और उपस्थित श्रद्धालु।

# 720 लोगों ने लगवाई वैक्सीन की दूसरी डोज

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**कोरोना** रोधी वैक्सीनेशन की दूसरी डोज लगवाने वालों की संख्या दिन प्रति दिन बढ़ने लगी है। मंगलवार को शहर के तीन केंद्रों पर 720 लोगों ने वैक्सीन की दूसरी डोज लगवाई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डोर टू डोर अभियान को हरी झंड़ी दी है।

ओमिक्रोन संक्रमण से अपने आपको सुरक्षित बचाव के लिए कोरोना रोधी दूसरी डोज लगवाने वालों की संख्या एक सप्ताह पहले एक दिन में 100 से 125 तक बहुत ही मुश्किल से पहुंच रही थी, लेकिन ओमिक्रोन संक्रमण के भारत में पैर पसाने की खबर सुनने के बाद लोगों ने दूसरी डोज लगवाने के लिए घरों से निकलना शुरू कर दिया है। मंगलवार को नागरिक अस्पताल में रिकार्ड तोड़ दूसरी डोज का वैक्सीनेशन हुआ। यहां एक ही केंद्र पर 351 लोगों ने टीका लगवाया। देवीलाल खेल स्टेडियम में लगे मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले में बने केंद्र पर 125 लोगों ने दूसरी डोज का टीका लगवाया। मंगलवार को तीन केंद्रों पर एक दिन में 720 लोगों को दूसरी डोज का टीका लगा।


सोहना के नागरिक अस्पताल में कोविड की दूसरी डोज लगवाने के लिए लगी लाइन।

### स्वास्थ्य विभाग ने डोर टू डोर अभियान चलाया

**स्वास्थ्य** विभाग ने बुधवार को शहर के वार्ड 17 में कोरोना रोधी दूसरी डोज के लिए डोर टू डोर का अभियान शुरू कर एक टीम को विशेष रूप से लगाया गया। यह टीम हर दिन घर-घर जाकर दूसरी डोज का टीका लगाएगी।

### मेघा अभियान को बनाना है सफल

**सोहना** एसडएम जितेन्द्र गर्ग ने बताया कि दूसरी डोज वैक्सीनेशन का अभियान मेघा अभियान में तब्दील हो गया है। वैक्सीनेशन की कमी नहीं आने दी जाएगी। शहर की भांति ग्रामीण क्षेत्र में इस अभियान को युद्व स्तर पर चलाया जाएगा।

## आरोपी पति भेजा जेल

**सोहना।** विवाहिता की संदिग्ध हालत में हुई मौत मामले में नामजद आरोपी पति को अदालत ने जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी पति से पूछताछ के बाद शादी में मिले दहेज में से कार समेत अन्य कीमती सामान बरामद कर लिया है। शहर के वार्ड-17 में सोमवार को 32 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध हालत में फांसी लगने से हुई मौत मामले में आरोपी वरुण को मंगलवार दोपहर गिरफ्तार किया था। पुलिस ने अदालत में पेश कर एक दिन का रिमांड मांगा था। रिमांड मिलने पर पुलिस ने वरुण से विवाहिता ललिता के संदिग्ध हालत में हुई मौत और शादी में मिले सामान बरामदगी को लेकर पूछताछ की। बुधवार सुबह सिटी चौकी पुलिस ने वरुण को अदालत में पेश कर 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सिटी चौकी प्रभारी एसआई अशोक कुमार ने बताया कि मृतक ललिता की शादी में ससुराल वालों को दी गई कार समेत 50 फीसदी कीमती सामान बरामद कर लिया है।

# मानेसर के उद्योगों में नहीं हो रही पीएनजी गैस की आपूर्ति: मनोज त्यागी



**गुरुग्राम।** जिले के मानेसर में बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाई कार्यरत हैं। मानेसर को बसे हुए करीब 20 वर्ष हो गए हैं। औद्योगिक इकाईयों में बड़ी संख्या में श्रमिक काम भी करते हैं, लेकिन इकाईयों में पीएनजी गैस की आपूर्ति न होने से उद्यमियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। आईएमटी मानेसर एसोसिएशन के महासचिव मनोज त्यागी का कहना है कि एनजीटी व उच्चतम न्यायालय के आदेशों का पालन करने के कारण व पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रण करने के लिए सभी डीजी सेट्स पर प्रतिबंध लगा हुआ है। केवल वे लोग डीजी या कोई मशीन चला सकते हैं, जो पीएनजी या अन्य गैस से चलते हैं।

उन्होंने कहा कि आईएमटी मानेसर में गत 5 वर्षों से अभी तक गैस की लाईन नहीं डाली गई है। गैसों की सप्लाई करने वाली कंपनियों के आपस में चल रहे विवाद के कारण यह कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। केवल कुछ ही क्षेत्र में गैस की आपूर्ति हो रही है। उनका कहना है कि मानेसर के अनेकों उद्योगों ने गैस कंपनियों के साथ अनुबंध किए हुए हैं, लेकिन 2 वर्ष के बाद भी कार्य अधूरा पड़ा है और आज काफी उद्योगों को बंद करना पड़ रहा है। एसोसिएशन ने एनजीटी के चेयरमैन को पत्र लिखा है तथा प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि गैस कंपनियों के बीच चल रहे विवाद में हस्तक्षेप करे, ताकि उद्योगों में उत्पादन की प्रक्रिया सुचारु हो सके।

## संक्षिप्त-समाचार

### युवक को चलती बस में चार युवकों ने पंच से जख्मी किया

**सोहना।** चलती बस में जगह को लेकर हुई तू तड़ाक में चार युवकों ने एक युवक की लात घूसे और लोहे के पंच से हमला करके जख्मी कर दिया। यात्रियों के बीच बचाब करने पर आरोपी पीड़ित युवक को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। भोंडसी पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सोहना सदर थाना का गांव अभयपुर निवासी हितेश कुमार ने बताया कि वह दिल्ली एक कंपनी में नौकरी करता है। वह ड्यूटी पर जाते समय भोंडसी के बस स्टैंड से गुरुग्राम वाली बस में चढ़ा था। बस में यात्रियों की भीड़ अधिक थी। बस में पहले से सवार दमदमा निवासी भभशु ने उसे पीछे हटने को कहा। जितनी जगह मिली वह पीछे हो गया, लेकिन उसके बाद भी भभशु ने बिना कारण बस में उसे पीट दिया। भभशु ने लोहे के पंच से उसके सिर और मुंह पर वार कर जख्मी कर दिया। शोर सुनकर भभशु के तीन दोस्त और आ गए। उन्होंने ने भी उसे बस में खूब पीटा। झगड़ा होने पर बस रुक गई और यात्रियों ने उसका बचाव कराने के बाद अस्पताल के लिए भेज दिया। उसने सोहना के नागरिक अस्पताल में अपना उपचार लिया। भोंडसी पुलिस ने हितेश की शिकायत पर मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

### खेती के दौरान अंग भंग होने पर आर्थिक सहायता मिली



**सोहना।** सरमथला निवासी किसान को खेती करने के दौरान शरीर का एक अंक कट जाने पर साढ़े 37 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि दी गई। एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने किसान को चेक दिया। गांव सरमथला निवासी किसान सुरेन्द्र सिंह के दाहिने हाथ का अंगूठा खेती करने के दौरान कट गया था। किसान सुरेन्द्र सिंह ने अग भंग होने पर राज्य सरकार से मुआवजे की मांग की थी। राज्य सरकार के आदेशा और नियम अनुसार अंग भंग होने पर साढ़े 37 हजार रुपये की आर्थिक सहायता का चेक बुधवार को एसडीएम कार्यालय में मार्केट कमेटी विभाग सचिव कृष्ण कुमार और खजानची प्रदीप शर्मा के माध्यम से दिलवाया गया। एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने बताया कि किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी नहीं है। जबकि प्रदेश सरकार की तरफ से किसान के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई हुई हैं। जिनके विषय में किसान को जानकारी नहीं होती, लेकिन अब किसान के लिए जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। जिससे किसान को सरकार की योजनाओं का लाभ भी मिलेगा।

### राष्ट्रवादी विचारक भाई परमानंद को किया याद

**गुरुग्राम।** राष्ट्रवादी विचारक, आर्य समाज के सदस्य व हिंदू महासभा के नेता भाई परमानंद की पुण्यतिथि बुधवार को सामाजिक संगठनों द्वारा मनाई गई। भाई परमानंद ने स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वर्ष 1905 में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया और वहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ रहे। इसके बाद वह लाला हरदयाल से मिलने गए और आर्य लोगों की प्राचीन संस्कृति के प्रचार के लिए एक केंद्र स्थापित करने के लिए उन्हें अमेरिका जाने के लिए राजी किया गया। वह गदर पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे और पार्टी के लिए तारीख ए हिंद नामक पुस्तक की रचना की। वह गदर कांस्पीरेसी के लिए भारत वापिस आ गए। वक्ताओं ने कहा कि प्रथम लाहौर कांस्पीरेसी मामले में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया तथा उन्हें वर्ष 1915 में फांसी की सजा सुना दी गई। उनकी फांसी की सजा को रद्द कर उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। उनका निधन 8 दिसम्ब 1947 को हुआ था।

### द्रोणाचार्य कॉलेज में दूसरे विश्व विद्यालय युवा महोत्सव शुरू



**गुरुग्राम।** द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय गुरुग्राम में बुधवार को तीन दिवसीय द्वितीय विश्व विद्यालय युवा महोत्सव शंखनाद 2021 का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में पूर्व ग्रामीण विकास, पंचायती राज एवं इस्पात मंत्री ने बीरेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। हरियाणा विस के पूर्व डिप्टी स्पीकर गोपीचंद गहलोत विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का आगाज गुरु द्रोणाचार्य की प्रतिमा को माल्यार्पण व ढोल नगाड़ों के थाप से हुए मार्च से हुआ। शंखनाद की ध्वनि से पूरा पंडाल रोमांचित हो उठा। विभिन्न सांस्कृतिक प्रतिस्पधाओं में 20 कॉलेजों के विद्यार्थी चार अलग-अलग मंचों पर अभिव्यक्ति दे रहे थे। बीरेंद्र सिंह ने अपने विद्यार्थी काल को मंच से याद किया और बताया कि यही समय जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. विरेंद्र सिंह अंतिल ने सभी मेहमानों का विधिवत स्वागत किया। यूनिवसिज़्टी यूथ फेस्ट एडवाइजर डॉ. जनार्दन शर्मा ने न केवल पूरे कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की, बल्कि कॉलेज ऑर्गेनाइजिंग टीम का मार्गदर्शन भी किया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. नीलम, वरिष्ठ डायरेक्टर यूथ वेलफेयर डॉ. फलक खन्ना, आब्जर्वर डॉ. विजय मेहता, डॉ. रेणु चौधरी, डॉ. हवा सिंह सहित महाविद्यालय के लगभग 200 प्रोफेसर और 2 हजार से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मीडिया समेत हर पाठ्यक्रम में शामिल हो पीआर

## एसजीटी की ओर से इंडस्ट्रीयल एडवाइजरी बोर्ड की ऑनलाइन मीटिंग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के बुढेड़ा स्थित एसजीटी यूनिवर्सिटी में इंडस्ट्रीयल एडवाइजरी बोर्ड की ऑनलाइन मीटिंग में शामिल अतिथि।

**कल्टी** ऑफ मास कम्यूनिकेशन और मीडिया टेक्नोलॉजी (एसजीटी यूनिवर्सिटी) की इंडस्ट्रीयल एडवाइजरी बोर्ड की पहली मीटिंग आयोजित की गई। इस ऑनलाइन मीटिंग का उद्देश्य था-मीडिया इंडस्ट्री और मीडिया एजुकेशन के बीच एक सामंजस्य स्थापित करना, जिससे मीडिया में हो रहे बदलावों के अनुसार छात्र-छात्राओं को तैयार किया जा सके। एसजीटी यूनिवर्सिटी के प्रो-वाइस चांसलर प्रो. नवदीप सिंह तुंग ने भी भाग लिया।

मीटिंग में बोलते हुए मीडिया इंडस्ट्री से जुड़ीं वंदना बत्रा ने कहा कि आज मीडिया के छात्र-छात्राओं में किसी विषय को लेकर गहरी समझ का होना जरूरी है। इसके साथ ही उन्हें भाषा पर भी ध्यान देना होगा। हरियाणा पब्लिक रिलेशंस विभाग के उप निदेशक और हरियाणा के राज्यपाल के पीआरओ सतीश मेहरा ने कहा कि न केवल मीडिया, बल्कि प्रत्येक पाठ्यक्रम में पीआर को शामिल किया जाना चाहिए। इससे छात्र-छात्राओं का बहुमुखी विकास होगा। जाने-माने फोटोग्राफर रंजन बासु ने कहा कि फोटो पत्रकारिता के लिए दो बातें जरूरी हैं। एक तो कैमरे का पूरा ज्ञान और सीखने की ललक का होना। वरिष्ठ पत्रकार विभा शर्मा ने कहा कि मीडिया में स्पीड यानी तेजी से कार्य करने और नेटवर्किंग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मीडिया छात्र-छात्राओं को इन दो गुणों को सीखाना होगा।

निर्माता-निर्देशक निलोफर शमा ने प्रैक्टिकल शिक्षा अपनाने पर बल दिया। वरिष्ठ निर्माता कृष्णकांत ने मीडिया छात्र-छात्राओं में लेखन की स्किल विकसित करने पर बल दिया। कार्यक्रम शुरू होने से पहले फैकल्टी ऑफ मास कम्यूनिकेशन और मीडिया टेक्नोलॉजी के डीन प्रो. सुशील मानव ने इंडस्ट्रीयल एडवाइजरी बोर्ड के सदस्यों का स्वागत किया तथा उनका संक्षिप्त परिचय दिया। प्रो. मानव ने इस मीटिंग के उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आगामी सत्र से मीडिया स्नातक (बीजेएमसी) के पाठ्यक्रम में एक बदलाव किया गया है, जिसके तहत पांचवें और छठे सेमेस्टर में पांच विशेष कोर्सों- डिजिटल मीडिया, विज्ञापन और जन-सम्पर्क, मोबाइल जर्नलिज्म (मोजो), टीवी प्रोडक्शन एवं रेडियो और पॉडकास्ट को शामिल किया गया है, जिससे छात्र-छात्राएं इनमें विशेषज्ञता हासिल कर सकें।

छात्र-छात्राओं को प्रैक्टिकल शिक्षा में कुशल बनाने के उद्देश्य से प्रो. सुशील मानव की विशेष पहल पर एसजीटी टाइम्स नाम से न्यूज चैनल, न्यूज पोर्टल और पॉडकास्ट की भी शुरुआत की गई है। डॉ. तेजी ईशा (असिस्टेंट प्रोफेसर) ने इंडस्ट्रियल एडवाइजरी बोर्ड के सदस्यों के सुझावों का स्वागत किया। एसके पांडेय (एसोसिएट प्रोफेसर) ने सभी का धन्यवाद किया।

# विवाह पंचमी पर की श्रीराम व माता सीता की आराधना

**गुरुग्राम।** मार्गशीर्ष माह की पंचमी तिथि को विवाह पंचमी के नाम से जाना जाता है। विवाह पंचमी के दिन भगवान श्रीराम एवं माता सीता का विवाह हुआ था, इसलिये इस दिन को राम और सीता के विवाह की वर्षगांठ के रूप में मनाया जाता है। बुधवार को शहर के विभिन्न मंदिरों, घरों में विवाह पंचमी धूमधाम से मनाई। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम व माता सीता की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि मान्यता है कि भगवान रात को चेतना और मां सीता को प्रकृति का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में दोनों का मिलन इस सृष्टि के लिए उत्तम माना जाता है। विवाह पंचमी के दिन भगवान श्री राम और मां सीता के संयुक्त रूप की उपासनी की जाती है। ऐसा करने से विवाह में आ रही सभी बाधाएं दूर हो जाती हैं। इस दिन पूजन अनुष्ठान करने से विवाहित लोगों का दांपत्य जीवन सुखमय बनता है।

# कैनविन ने परिवार पहचान पत्र बनवाने को लगाया छठा कैंप

## पटेल नगर गली नंबर-15 में कैंप में काफी लोगों ने लिया लाभ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के पटेल नगर में लगाए गए कैंप में पहचान पत्र व अन्य कागजात तैयार करने पहुंचे लोग।

**बुधवार** को यहां पटेल नगर स्थित शिव मंदिर वाली गली नंबर-15 में परिवार पहचान पत्र बनवाने, वोटर आईडी बनवाने, त्रुटियां ठीक कराने आदि के लिए कैंप का आयोजन किया गया। कैनविन फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस कैंप में काफी लोगों ने लाभ लिया। कैंप में समाजसेवी भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल और आशा गोयल का भी सहयोग रहा। कैंप में 85 लोगों के वोटर आईडी फार्म भरे गये, 134 के पीपीई फार्म भरे गए।

कैंप में पहुंचे लोगों को संबंधित कार्यों के लिए जागरुक और गाइड किया गया। उन्हें बताया गया कि हमारा हर डॉक्यूमेंट हमारे लिए महत्वपूर्ण होता है। इसलिए उनका सही होना बहुत जरूरी है। कैनविन फाउंडेशन के सह-संस्थापक नवीन गोयल ने कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए यह जरूरी है कि हमारे सभी कागजात पूरे हों। उनमें किसी तरह की त्रुटियां ना हो। अक्सर लोगों के दस्तावेजों में नाम व पते में गल्तियां हो जाती हैं, जिनके कारण कई तरह की दिक्कतें उन्हें आती हैं।

श्री गोयल ने कहा कि हम अपने दस्तावेजों को देखें और उन्हें दुरुस्त कराएं। यहां शिविर में परिवार पहचान पत्र बनाए गए और वोटर आईडी के लिए भी आवेदन किए गए। उन्होंने डिजिटल प्रणाली से काम करने के निर्णय को सरकार की बड़ी पहल बताते हुए कहा कि इससे भ्रष्टाचार का खात्मा हुआ है। नियमों के अनुसार ही अब काम हो रहे हैं।

# अब हरियाणा में 1000 पुरुषों पर 1020 महिलाएं: पूर्व डिप्टी स्पीकर

## संतोष यादव ने कहा, हरियाणा में बढ़ा लिंगानुपात कर रहा गौरवान्वित

**प्रधानमंत्री ने पानीपत में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की शुरुआत की थी**

**रिजवान कासिम।** मेवात


महिलाओं को संबोधित करतीं पूर्व डिप्टी स्पीकर एवं भाजपा नेत्री संतोष यादव।

**पूर्व** डिप्टी स्पीकर संतोष यादव ने कहा कि महिला मोर्चा मेवात, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब देश की बागडोर संभाली थी, उस समय लिंगानुपात चिंता का विषय था। लिंगानुपात 1000-871 था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पानीपत में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की शुरुआत की। उस समय वह कठिन कार्य था, इसके अलावा कन्या भ्रूण हत्या रोकना चुनौती था, लेकिन आज हरियाणा का लिंगानुपात सबको गौरवान्वित कर रहा है। 1000-1020 लड़कियां हैं। इसलिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का महिला धन्यवाद करती हैं। उन्होंने कहा कि अब सीना चौड़ा कर कह सकते हैं कि महिलाओं का पूरा ध्यान केंद्र और राज्य सरकार में रखा जा रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेत्री बोली की महिलाएं मजबूत होगी तो समाज में समरसता आएगी।

पूर्व स्पीकर संतोष यादव ने कहा की शत-प्रतिशत वैक्सीन हर जिले में करना है। उन्होंने कहा कि अभी तक 75 प्रतिशत टीकाकरण हो पाया है। संतोष यादव ने कहा कि नेशनल हैल्थ वालंटियर हरियाणा में 25000 तथा देश में 10 लाख, 51 हजार, 630 काम कर रहे हैं, जो हर घर दस्तक कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उस कार्यक्रम के तहत नेशनल हेल्थ वालेटियर घर-घर जाएंगे और जिन लोगों का टीकाकरण नहीं हुआ है, उनका रजिस्ट्रेशन कर घर पर ही टीकाकरण कराया जाएगा।

महिलाओं को 40 फीसदी टिकटों पर ये बोली संतोष यादव

पूर्व डिप्टी स्पीकर भाजपा नेता संतोष यादव ने कहा कि हरियाणा में हर 20 किलोमीटर दूरी पर कॉलेज है। केंद्र सरकार ने कुछ दिनों पहले जब मंत्रिमंडल का विस्तार किया था, तो 13 महिलाओं को उसमें मंत्री बनाया गया था। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाएं महिलाओं को सूट कर रही हैं।

गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण कराया जा रहा है। तथा उनको पौष्टिक आहार दिया जा रहा है। इसके अलावा स्कूल व कालेज खोले गए हैं। बस के पास फ्री दिए गए हैं। सुकन्या समृद्धि योजना, लाडली योजना, शौचालय, उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना इत्यादि योजनाएं महिलाओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही हैं। कन्या भ्रूण हत्या को अपराध की श्रेणी में रखा गया है। कुल मिलाकर भारतीय जनता पार्टी महिलाओं के लिए किए गए इस कार्य को आनंद उत्सव के रूप में देश भर में मना रही है। उन्होंने कहा कि आनंद उत्सव के तहत प्रदेश के सभी जिलों में कार्यक्रम होंगे। आज नूंह की महिलाओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया है।


विरोध प्रदर्शन करतीं आंगनवाडी और सहायिकाएं।

## मांगों को लेकर आंगनबाड़ी वर्कर और हेल्परों का अनिश्चितकालीन धरना जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात

**जिले** की आंगनवाड़ी वर्कर व हेल्पर वेतन बढ़ोतरी नहीं होने से बेहद परेशान हैं। परेशान आंगनबाड़ी वर्कर व हेल्पर ने बुधवार को लघु सचिवालय परिसर में सैकड़ों की संख्या में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान आंगनबाड़ी वर्कर व हेल्पर का कहना है की हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ भी वर्कर व हेल्पर की वेतन बढ़ोतरी की बात हो चुकी है, लेकिन उसके बावजूद भी सरकार उनके वेतन में किसी प्रकार की कोई बढ़ोतरी नहीं कर रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री से भी उनके प्रतिनिधिमंडल की बातचीत हो चुकी है, लेकिन उसके बावजूद भी उनकी मांगों को अमलीजामा नहीं पहनाया जा रहा है उनके पास सिवाय अनिश्चितकालीन हड़ताल करने के कोई दूसरा चारा नहीं है आंगनबाड़ी वर्कर यूनियन से जुड़ी

**मुख्यमंत्री से भी बातचीत होने के बाद नहीं हुआ समस्या का समाधान**

महिलाओं ने कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगों को अंतिम रूप नहीं देती तब तक अनिश्चितकालीन धरता लघु सचिवालय परिसर हूं मैं चलता रहेगा खास बात यह है कि एक तरफ लघु सचिवालय में अधिकारी व कर्मचारी अपने कामकाज को निपटाने में लगे हैं तो दूसरी तरफ सरकार विरोधी नारों की आवाज पूरे लघु सचिवालय परिसर में गूंज रही है। मेवात जिले में तकरीबन 1100 से अधिक सेंटर हैं।

इनमें तकरीबन 2000 के करीब आंगनबाड़ी वर्कर व हेल्पर की नियुक्ति होनी है, लेकिन कुछ पद खाली होने की वजह से इस समय जिले में 1700- 1800 महिलाएं आंगनबाड़ी वर्कर व हेल्पर के रूप में काम कर रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अज्ञात वाहन की ऑटो में टक्कर से चालक समेत दो की मौत



**नूंह।** नूंह के मालब गांव स्थित एस्सार पेट्रोल पंप समीप मंगलवार शाम 7 बजे सड़क दुर्घटना में ऑटो में सवार 6 लोगों में से ऑटो चालक सहित दो की मौत हो गई। जबकि अन्य घायल हो गए। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए बुधवार को मृतकों का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार ऑटो में सवार छह लोग नूंह से बडक़ली की ओर जा रहे थे। ऑटो चालक हसीन सवारियों को लेकर जब मालब गांव के एस्सार पेट्रोल पंप समीप पहुंचा तो बडक़ली की ओर से रहे एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद ऑटो पलट गया। सूचना मिलते ही आकेड़ा पुलिस मौके पहुंची और घायलों को मेडिकल कॉलेज नलहड़ पहुंचा। वहीं इस दौरान ऑटो चालक हसीन (24) पुत्र हाकम गांव फाटकपुर पुन्हाना और साकिर (25) पुत्र जमील गांव ढूडोली पुन्हाना ने दम तोड़ दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल हयात पुत्र जान मोहम्मद निवासी मानोता पुन्हाना और आरिफ पुत्र समदखा गांव बमनीखेड़ा जुरहरा का मेडिकल में इलाज चल रहा है। जबकि अन्य दो अज्ञात घायल रेफर होते हुए किसी अन्य जगह उपचार के लिए दाखिल हो गए। आकेड़ा चौकी इंचार्ज रतनसिंह ने कहा कि पुलिस ने केस दर्ज कर मृतकों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की आगामी कार्रवाई में जुटी हुई है।

### स्वच्छ भारत ऐप से होगा गंदगी की समस्याओं का समाधान

**तावडू।** शहर में अब सफाई संबंधी शिकायतों का समाधान करने के लिए दो टास्क फोर्स गठित की गई हैं। स्वच्छ भारत ऐप के माध्यम से तावडू नगर पालिका प्रशासन शहर के लोगों की ऐसी शिकायतों का समाधान करेगा। तावडू नगर पालिका सचिव सुनील रंगा ने बताया कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा विशेष टास्क फोर्स की दो टीमें गठित की गई है। यह टीमें स्वच्छ भारत ऐप पर सफाई से संबंधित प्राप्त शिकायतों का समाधान करेंगी। उन्होंने बताया कि दोनों टीमें पांच सदस्य बनाई गई हैं। जिसमें एक टीम का संचालन सफाई निरीक्षक अशोक कुमार वहीं दूसरी टीम का संचालन सुपरवाइजर विजय कुमार करेंगे। नगरपालिका सचिव ने शहर के लोगों से आह्वान किया है कि वह ज्यादा से ज्यादा स्वच्छ भारत ऐप को डाउनलोड करें। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत ऐप के माध्यम से शिकायत करने के बाद नगर पालिका की एक टीम मौके पर पहुंचकर सफाई करने का काम करेगी। ऐप के माध्यम से लोगों को गंदगी की जगह का फोटो लेकर अपलोड करना है। उन्होंने बताया कि शहर में सफाई व्यवस्था को बनाए रखना उनका उद्देश्य है। ऐप के माध्यम से लोगों को नगर पालिका कार्यालय के भी चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

### अज्ञात बदमाश इको कार लेकर फरार

**फिरोजपुर झिरका।** बसईखानजांदा में मंगलवार की रात को अज्ञात बदमाश घर के आंगन में खड़ी इको कार को लेकर फरार हो गए। कार मालिक को कार की सूचना उस समय मिली जब वह सुबह नीद से जागे। कार मालिक की शिकायत पर नगीना पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। चमनलाल पुत्र गंगा राम निवासी बसई खानजादा ने नगीना पुलिस को दी शिकायत में बताया की मंगलवार रात को पूरा परिवार सर्दी में घर मे सोया हुआ था कि और घर के सामने इको कार डी एल-5सी-के-4835 रोजाना की तरह खड़ी हुई थी। जब सुबह परिवार नींद से खड़ा हुआ तो घर के सामने कार नहीं थी। हमने कार को पहले इधर-उधर तलाश किया लेकिन कार का कहीं पता नहीं लग पाया। नगीना पुलिस थाना के जांच अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि कार मालिक की शिकायत पर अज्ञात बदमाश के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है विनोद ने दावा किया कि जल्दी ही कार सहित बदमाश सहित गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


### सरकारी विद्यालय में मनाया विश्व मानसिक दिव्यांग दिवस



**तावडू।** शहर के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को विश्व मानसिक दिव्यांग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान दिव्यांग बच्चों को गर्म वस्त्र वितरित किए गए। स्पेशल टीचर अरविंद व आराधना मटानिया ने बताया कि बुधवार को पुन्हाना खंड की प्रधाना पुन्हाना खंड से राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंदाना की प्रधानाचार्य सपना गांधी ने 25 दिव्यांग बच्चों को गर्म वस्त्र वितरित किए। जिनमें जैकेट लोवर, टोपी जुराब आदि थे, इस दौरान उन्होंने दिव्यांग बच्चों को बच्चों की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि उनके लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जाए व आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाए। दिव्यांग बच्चों में भी प्रतिभा होती है। स्पेशल टीचर अरविंद ने बताया कि फिलहाल तावडू खंड के राजकीय विद्यालयों में 164 दिव्यांग बच्चे अध्ययनरत हैं। जिन पर तीन स्पेशल टीचर नियुक्त है। संख्या के अनुपात को देखते हुए और स्पेशल टीचरों की जरूरत है। इस अवसर पर, राजकीय वरिष्ठ मॉडल संस्कृति विद्यालय के प्रधानाचार्य कमल सिंह, विरेंद्र सिंह प्रदीप कुमार भरत तनेजा, पवन कुमार, वेद प्रकाश शास्त्री, राजकुमार, कैलाश चंद्र आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग छात्रा को होटल में ले जाकर किया दुष्कर्म

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू



**शहर** के गर्ल्स स्कूल की एक नाबालिग छात्रा को होटल में ले जाकर दुष्कर्म करने व छात्रा की अश्लील फोटो लेकर उन्हें वायरल करने का आरोप है। शहर थाना पुलिस ने छात्रा की मां की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

छात्रा की मां ने बताया शहर के गर्ल्स स्कूल मैं 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली उनकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी की गौरव निवासी तावडू ने अश्लील फोटो लेकर वायरल कर रखी है। जब उन्हें इसके बारे में पता चला तो बेटी से पूछताछ की तो बताया कि गौरव ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी हुई थी।उन्होंने बताया कि बीते 12 नवंबर की सुबह छात्रा स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। स्कूल के पास गौरव मोटरसाईकिल लिए खड़ा था, जो नाबालिग छात्रा को बहला फुसलाकर जबरदस्ती अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर भिवाड़ी में ओयो होटल में ले गया। होटल के अन्दर आरोपी ने छात्रा के अश्लील फोटो ले लिए। जिनका डर दिखाकर गौरव ने छात्रा के साथ जबरन दुष्कर्म किया, वहीं घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने और अश्लील फोटो को इंटरनेट पर वायरल करने की धमकी भी दी। जांच अधिकारी उप निरीक्षक शोभा ने बताया कि आरोपी गौरव के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस**

## आज की जन सरोकार रैली का दिया निमंत्रण

**तावडू।** जननायक जनता पार्टी के तावडू हलका अध्यक्ष अख्तर अली ने मंगलवार को तावडू शहर सहित क्षेत्र के गांव में दौरा कर लोगों को जन सरोकार रैली दिवस का निमंत्रण दिया। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से रूबरू होते हुए आगामी 9 दिसंबर को झज्जर में होने जा रही जन सरोकार रैली दिवस में पहुंचकर जजपा नेताओं के विचार सुनने का आह्वान किया।तावडू जजपा हल्का अध्यक्ष अख्तर अली ने बताया कि मंगलवार को उन्होंने तावडू शहर सहित गांव रहाडी बावला व बुराका सहित आदि में हल्का प्रधान महासचिव मुबारिक, हल्का उपाध्यक्ष रामनिवास जांगड़ा, आजाद इब्राहिम, समीम, रसीद आदि के साथ दौरा किया। जजपा स्थापना दिवस को झज्जर के आकूपुर में 9 दिसम्बर को जन सरोकार रैली दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिसमें प्रदेश से बड़ी संख्या में लोगों का हुजूम एकत्रित होगा। इसी कड़ी में आगे बढ़ते हुए वह ज्यादा से ज्यादा लोगों को निमंत्रण देने के लिए गांव और शहर में जा रहे हैं।

## भीड़ के मामले में जेजेपी जन सरोकार रैली तोड़ेगी अपने पिछले रिकॉर्ड: पूर्व मंत्री

### राष्ट्रीय सचिव सूबे सिंह बोले, मेवात की रहेगी अहम भागीदारी

**दीपक कुमार।** नूंह


रैली को लेकर मीटिंग करने के बाद जजपा के नेतागण।

**प्रदेश** में जेजेपी की लहर है। हरियाणा का हर वर्ग अब उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला द्वारा किए कार्य से प्रभावित होकर उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने को तैयार है। 9 दिसंबर की जेजेपी रैली अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए ऐतिहासिक होगी।

मेवात में पदाधिकारियों की पूरी जिम्मेदारी बांटकर रैली की तैयारियां पूरी कर ली गई है। हजारों की संख्या में कार्यकर्ता जन सरोकार रैली को सफल बनाने के लिए मेवात की तीनों विधानसभाओं के कोने-कोने से पहुंचेंगे। अपने प्रिय नेताओं के विचार सुनेंगे। ये बातें रैली प्रभारी व पूर्व मंत्री हर्ष कुमार ने 9 दिसंबर को झज्जर में जेजेपी रैली को सफल बनाने के बारे में की गई एक महत्वपूर्ण जिलास्तरीय पदाधिकारियों बैठक में पार्टी ऑफिस नूंह पर कहीं। राष्ट्रीय सचिव सुबे सिंह बोहरा ने कहा कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की नीयत व नीति के हर वर्ग के लोग कायल हैं। इस रैली में जहां जेजेपी अपना पूरे लोकहित में किए कार्यों के लेखा-जोखा से लोगों को अवगत कराएगी, वहीं आगामी वर्षों में किए जाने वाले जनहित कार्यों के बारे में भी विचार किया जाएगा। रैली में मेवात की भागीदारी अहम रहेगी। तैयारी पूरी है।

बैठक में नूंह जिला के जिला प्रभारी व पूर्व मंत्री आजाद मोहम्मद व जिलाध्यक्ष तैयब हुसैन घासेड़िया, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बदरुद्दीन, प्रदेश प्रवक्ता योगेश हिलालपुरिया, युवा जिलाध्यक्ष वसीम अहमद, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष नासिर हुसैन, जिला प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन व हल्का प्रधान नूंह आस मोहम्मद ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए ज्यादा से ज्यादा सख्या में लोगों को साथ लेकर मेवात से 9 दिसंबर को झज्जर में होने वाली रैली में पहुंचने की अपील की।

## नि:शुल्क आई कैंप में 200 लोगों ने कराई जांच

### बीएसजीएसएस निदेशक अनूप कुमार ने कहा, जनजागरूक कर रहे हैं लोगों को

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह


गांगोली गांव में लगे कैंप का फायदा उठाते ग्रामीण।

**नूंह** जिले के गांगोली गांव में बुधवार को बिस्नौली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान (बीएसजीएसएस) ने अनंत अस्पताल गुड़गांव के तकनीकी सहयोग से फ्री आई कैंप का आयोजन किया। यह कैंप मुख्यातिथि गांव के सरपंच महेंद्र खटाना की देखरेख में लगाया गया। इस कैंप में बच्चों सहित 200 लोगों की सामान्य व गंभीर नेत्र रोगों की जांच की गई।

बीएसजीएसएस निदेशक अनूप कुमार ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य आंखों की बीमारियों का जल्द पता लगाने सहित आंखों की देखभाल के बारे में जागरूकता फैलाना था। जन आरोग्यम के कर्मचारियों और स्थानीय समुदाय के कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के बीच शिविर के बारे में जागरूकता से अवगत कराया। अनंत अस्पताल के डॉ. ऋषि भारद्वाज एवं नेत्र विशेषज्ञों की एक टीम ने उपस्थित लोगों के बीच दृष्टि और मोतियाबिंद पर ध्यान केंद्रित करते हुए शिविर का पर्यवेक्षण किया। बच्चों सहित 200 लोगों की नेत्र जांच के दौरान 20 से अधिक लोगों में मोतियाबिंद की गंभीर समस्या पाई गई। एनजीओ की ओर से 10 साल से कम उम्र के बच्चों को मुफ्त चश्मा प्रदान किया। वहीं नेत्र जांच शिविर के साथ जिला स्वास्थ्य विभाग नूंह द्वारा महामारी को खत्म करने के कोविड-19 टीकाकरण शिविर भी आयोजित किया। ग्रामीणों के बीच टीकाकरण की झिझक को कम करने के लिए जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग व भारत पेट्रोलियम के अधिकारी गंगोली गांव में इस टीकाकरण अभियान को चलाने के लिए आगे आया। टीकाकरण कार्यक्रम में 200 से अधिक लोगों ने भाग लिया। गांव गंगोली में जन आरोग्यम केंद्र अगस्त 2021 में बीपीसीएल लिमिटेड के सीएसआर छत्र के तहत स्थापित किया गया था। इनमें मुफ्त दवाओं के साथ नियमित ओपीडी, प्रयोगशाला परीक्षण, समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर, जागरूकता कार्यक्रम और रेफरल सेवाएं शामिल हैं। इस प्रकार की सुविधा स्थानीय लोगों, विशेषकर गरीबों के लिए एक बहुत बड़ा वरदान है, जो निजी चिकित्सकों की सेवाओं का खर्च वहन नहीं कर सकते। जिला प्रशासन और नीति आयोग से सराहना प्राप्त करने वाले इस कार्यक्रम ने क्षेत्र के 9,000 से अधिक लोगों को सेवा प्रदान की है।

## गंदे पानी की निकासी को लेकर ग्रामीणों ने की डीसी से मुलाकात

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात

**तावडू** खंड के खरखड़ी गांव के लोग गंदे पानी की निकासी नहीं होने से बेहद परेशान हैं। गांव के कुछ दबंग लोगों ने गंदे पानी के नाले को रोक दिया है, जिससे पूरे गांव में बदबू से लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। नाले का पानी अब रास्तों में आने लगा है, जिससे रास्तों ने तालाब का रूप धारण कर लिया है। खरखड़ी गांव के लोगों ने उपायुक्त शक्ति सिंह से मुलाकात कर गंदे पानी की निकासी को रोकने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

खरखड़ी गांव के लोगों ने कहा है कि गांव के ही आकूब, सद्दीक, कयूम, शेरू, रतमल, बशीर इत्यादि लोगों ने जबरन रोक दिया है। जिस कारण सारा गंदा पानी गांव के रास्ते में भर रहा है और गांव में गंदगी फैल रही है। ये लोग नाले के निर्माण कार्य को अपने घर के सामने से नहीं बनने दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने बीडीपीओ तावडू तथा एसडीएम तावडू को भी इस बारे में शिकायत दी, लेकिन उस पर जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो उन्होंने इस बारे में उपायुक्त शक्ति सिंह से मुलाकात करने का मन बनाया। इस नाले की वजह से गांव में कभी भी झगड़ा हो सकता है, गांव में तनाव बना हुआ है। गांव के सरपंच ने भी गंदे पानी की निकासी रोकने वाले लोगों से कहा लेकिन उन्होंने किसी की एक नहीं सुनी।

**ग्रामीणों ने कुछ दबंग लोगों पर लगाया नाले को रोकने का आरोप**

## 11 लेक्चररों के प्रिंसिपल पद पर प्रमोशन पर जताया आभार

### मेवात की ओर से शिक्षा मंत्री को फूलमाला और बुके भेंट किया

**पंचायत बाबूपुर और ग्राम पंचायत कैराका के सरपंच ने की मुलाकात**

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह


शिक्षा मंत्री कंवरपाल का आभार जताते मेवात के लोग।

मेवात में प्रिंसिपल पदों पर 11 लेक्चरर को प्रमोशन कर शिक्षा विभाग ने बड़ा सराहनीय कार्य किया है। इसके लिए हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल का धन्यवाद करने सरपंच ग्राम पंचायत बाबूपुर व सरपंच ग्राम पंचायत कैराका से फारूक कैराका व फजल हुसैन बाबूपुर, प्रिंसिपल अरशद सहित धन्यवाद करने उनके निवास स्थल पर पहुंचे। उन्होंने शिक्षा मंत्री को फूलमालाओं व बुके देकर उनका आभार प्रकट किया गया। 11 नए प्रिंसिपल मिलने से मेवात के शिक्षा क्षेत्र में काफी बदलाव आने की उम्मीद हैं। इस लिस्ट में मेवात की सबसे कम उम्र में प्रिंसिपल बनने वाली अजरा भी शामिल हैं। फारूख कैराका, फजल हुसैन, प्रिंसिपल अरशद ने कहा कि शिक्षा द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है। इसका श्रेय प्रदेश के शिक्षा मंत्री कंवरपाल का जाता है। जिनके हस्तक्षेप के चलते यह सब संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से शिक्षा के जगत में मेवात आगे बढ़ेगा। अब मेवात के लोग शिक्षा के महत्व को अच्छे से जानने लगे है। अभिभावक अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए पूरा सहयोग दे रहे हैं। उच्च शिक्षा ग्रहण कर मेवात के बच्चे उच्च शीर्ष पर पहुंच अपने इलाके का नाम भी रोशन कर रहे है। उन्होंने कहा कि अब निश्चित ही मेवात में बदलाव दिखाई देगा। मेवात में प्रिंसिपल पदों पर 11 लेक्चरर को प्रमोशन कर शिक्षा विभाग ने बेहतर कार्य किया है।

## पारिवारिक पुरानी रंजिश में महिला की हुई हत्या

**सेनायत खां।** फिरोजपुर झिरका

**गियास नियबास** में दो दिन पूर्व एक 52 वर्षिय महिला की हत्या के आरोप में पीड़ित पक्ष की शिकायत पर झिरका शहर पुलिस ने दो महिला सहित नौ लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ है। शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है।

गियासानियाबॉस के ईसा ने झिरका शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि परिवार में पुरानी रंजिश चली आ रही है। उसी को लेकर गत 28 नवम्बर को न्यामत, शहबान, मुस्तकीम पुत्र इशाक आदि ने मेरे परिवार के साथ झगड़ा किया। उस समय गांव के लोगों ने बीच बचाव कर झगड़े को शांत कर दिया। उसी रंजिश को लेकर सोमवार रात को मेरी पत्नी रसीदन की हत्या कर डाली।

**नौ आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज**

पायनियर क्लासीफाइड

**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै जोगिन्द्र कुमार पुत्र श्री मौजी राम निवासी 2960/21 चुर्गी वाली गली नियर जाली फैक्टरी पटेल नगर सोनीपत तह0 व जिला सोनीपत का हूं, बयान करता हूं कि मोहित कुमार मेरा सगा पुत्र है जो कि शादीशुदा है जिसकी पत्नी कामिनी है ये दोनो मेरे कहने व सुनने से बाहर है, मै अपने पुत्र की हरकतों से परेशान होकर उसको अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में जो कोई इनसे किसी प्रकार का कोई लेनदेन करता है या झगड़ा करता है तो मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगीं।

**सूचना**

में रीना देवी पत्नी भागीन्द्र सिंह निवासी तावडू जिला नूंह बयान करती हूँ कि कीला नं0 109/30/1में से रकबा 150 वर्ग गज गौतम नगर तावडू की अकेली मालिक व काबिज हूँ। जिसकी प्रोपर्टी आई डी 051519041/8/01 है। जिसे में तावडू नगर पालिका कार्यालय में अपने नाम पर दर्ज कराना चाहती हूं। यदि इस जानकारी पर किसी को एतराज है तो वह 15 दिन के अंतर्गत तावडू नगर पालिका कार्यालय में आपत्ति दर्ज करा सकता है।

**मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

**कासिम खान**
ब्यूरो प्रमुख (साउथ हरियाणा)
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# पुतिन का भारत दौरा
## संतुलनकारी रणनीति

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी तथा भारत यात्रा पर आए रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन के बीच शिखर वार्ता ने भारत की क्षमता प्रदर्शित की है कि वह संतुलनकारी भूमिका निभाते हुए अमेरिका तथा रूस के बीच यूक्रेन मुद्दे पर बिगड़ते संबंधों के बावजूद रूस से संबंध बनाए रखने एवं लोकतंत्र पर प्रस्तावित सम्मेलन में भी भाग लेने में सक्षम है। मोदी और पुतिन ने संबंध मजबूत करने की प्रतिबद्धता पुन: दुहराई है। महत्वपूर्ण है कि यह कोरोनावायरस वैश्विक महामारी आने के बाद पुतिन की रूस के बाहर दूसरी यात्रा है। जून में वे अमेरिकन राष्ट्रपति जो बाइडेन से मिलने जेनेवा गए थे। नई दिल्ली की यात्रा ने दिखा दिया है कि रूस भारत को कितना महत्व देता है और उसके लिए रक्षा प्रणालियां उपलब्ध कराता है। भारत के हथियार आयात, तकनीक व संयुक्त उत्पादन समझौतों में रूस का हिस्सा आधे से अधिक है। रूस ने भारत को एक नाभिकीय शक्ति संचालित पनडुब्बी पट्टे पर भी दी है। इस पूरे परिदृश्य में सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूस की लंबी दूरी तक मार करने वाली एस-400 जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल रक्षा प्रणाली है। शुरुआत में इसकी खरीद के समझौते से अमेरिका नाराज हुआ था। एक समय आशंका थी कि भारत और अमेरिका के बीच मित्रतापूर्ण संबंधों के बावजूद वाशिंगटन काट्सा के अंतर्गत भारत के खिलाफ प्रतिबंध लगा सकता है। अमेरिका के विरोधियों के साथ संबंध रखने पर प्रतिबंध लगाने वाला यह कानून रूस से हथियार खरीदने वाले किसी देश पर प्रतिबंध लगाने की चेतावनी देता है। हालांकि, यह कानून



अभी बना हुआ है, पर यह भी एक तथ्य है कि भारत अपनी रक्षा आवश्यकताओं के लिए अमेरिका के बजाय रूस की ओर देखता है। नाभिकीय शक्ति संचालित पनडुब्बी के लिए भी उसने रूस से समझौता किया था। मजेदार बात है कि सितंबर में हुए आकुस समझौते ने आस्ट्रेलिया को पहला ऐसा गैर-नाभिकीय आयुध देश बना दिया है जो ऐसी ही नाभिकीय शक्ति संचालित पनडुब्बी प्राप्त कर सकता है।

हालांकि, मोदी और पुतिन ने अपने विशिष्ट संबंध मजबूत करने की प्रतिज्ञा की है, पर नई दिल्ली जानती है कि रूस ने भारतीय भूमि का प्रयोग कर अमेरिका को चिढ़ाने का काम किया है। रूसी विदेश मंत्री सर्जेई लावरोव ने याद दिलाया कि अमेरिका ने एस-400 समझौते पर रूस-भारत सहयोग को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया है। वह चाहता था कि भारत अमेरिका के आदेश माने। लावरोव ने कहा, 'हमने' देखा है कि अमेरिका ने कैसे भारत को 'इस क्षेत्र के विकास पर अमेरिकन दृष्टिकोण मानने' के लिए दबाव डालने का प्रयास किया। ऐसा लगता है कि रूस ने पुतिन की यात्रा का प्रयोग अमेरिका की खिंचाई करने के लिए किया और उसने भारत के साथ मित्रता पर आवश्यकता से अधिक जोर दिया है। यह वैचारिक दृष्टिकोण इस तथ्य के बावजूद विवाद का विषय बन सकता है कि अमेरिका ने भारत के खिलाफ प्रतिबंध का मामला आगे नहीं बढ़ाया है। आखिरकार अमेरिका भी समझता है कि भारत को पश्चिम और पूरब के अपने पड़ोसियों से चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका और भारत के बीच हिंद प्रशांत क्षेत्र में क्वाड के रूप में विशिष्ट संबंध हैं। लेकिन लावरोव के बयान का संबंध रूस और अमेरिका के बीच टकराव के वर्तमान दो क्षेत्रों से अधिक है। पहला, यूक्रेन की सीमाओं के निकट रूसी सेनाओं की गतिविधि है जिससे टकराव बढ़ने की आशंका है। लावरोव की टिप्पणी इस मुद्दे पर बाइडेन-पुतिन वर्चुअल शिखर बैठक के एक दिन पहले आई है। अमेरिका ने कहा था कि यदि रूस यूक्रेन पर हमला करता है तो अमेरिका नाटो के पूर्वी किनारे को मजबूत करने के लिए और सैन्यबल भेजेगा। दूसरा मुद्दा बाइडेन द्वारा 9 व 10 दिसंबर को 100 से अधिक देशों को लोकतंत्र पर सम्मेलन में आमंत्रित करने का है। यूक्रेन को इस सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है, पर रूस को इससे बाहर रखा गया है।

# चीन की अजेयता का प्रचार

**चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व में माओ त्से तुंग के षडयंत्रकारी प्रचार के बीज खूब फले-फूले हैं। ऐसा चीन में पहले कभी नहीं हुआ है।**



भूपिंदर सिंह
(लेखक पूर्व सैन्य अधिकारी व पूर्व उपराज्यपाल हैं)



चीन के 'कर्णधार' माओ त्सेतुंग की चीनी क्रांति में प्रचार की महत्वपूर्ण भूमिका थी। इससे चीन की छवि, उसके बारे में विमर्श तथा लोकप्रिय चर्चा को स्वरूप मिला था। 1958 में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र पीपुल्स डेली ने लिखा था, 'आज माओ त्सेतुंग के युग में स्वर्ग यहां जमीन पर उतर आया है।' विडंबना है कि यह वर्ष चीन में भयानक अकाल की शुरुआत का साल था जिसे मानव इतिहास की भयानकतम मानव-निर्मित विभीषिकाओं में शामिल किया जाता है। अनुमान है कि इस अकाल में करोड़ों लोग मारे गए और उनकी संख्या 15 से 55 करोड़ हो सकती है। इस प्रकरण पर लीपापोती के लिए चीनी अधिकारियों ने प्रचार के अनेक पोस्टर जारी किए थे। इनमें चीनी बच्चों को गेहूं के हरे-भरे खेतों में दिखाया गया था। वे इतने घने थे कि इन बच्चों का बोझ उठा सकते थे। लेकिन इन 'खेतों' की सच्चाई यह थी कि इनमें जानबूझ कर पौधों के बीच रखी बेंच पर बैठे बच्चों को प्रदर्शित किया गया था, लेकिन इसे जनता से छिपाया गया था।

आज चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व में माओ के षडयंत्रकारी प्रचार के बीज खूब फले-फूले हैं। ऐसा चीन में पहले कभी नहीं हुआ है। इसे 'चीनी सपना' पूरा होने की दिशा में कदम बताया जा रहा है। इस पूर्णत: संरक्षित विचार के खिलाफ किसी आलोचनात्मक दृष्टिकोण को अनुमति नहीं दी जा रही है। शी की 'चीन की गाथा अच्छी तरह सुनाओ' रणनीति स्पष्ट रूप से सामने आई है। इसे प्रचारित करने के प्रयासों के साथ ही रक्षात्मक एवं प्रतिक्रियात्मक सेंसरशिप से सहायता प्रदान की गई है। इसमें व्यापक संदेश देने वाली सुर्खियों के साथ अनेक चीजें परोसी जा रही हैं तथा साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट की तरह सीधे-सीधे अंतरराष्ट्रीय राय खरीदने के प्रयास भी शामिल हैं। हांगकांग, जिनजियांग, तिब्बत या दलाईलामा जैसे असहज करने वाले विषयों में संपादकीय काट-छांट की जाती है तथा यह सुनिश्चित करने के लिए भ्रम फैलाया जाता है कि देश की जनता का 'ब्रेनवाश' कर इन प्रकरणों को शी जिनपिंग के शब्दों में 'पत्रकारिता के पश्चिमी मूल्यों' की तरह पेश किया जा सके। इस नियंत्रण अवधारणा का महत्वपूर्ण आयाम तथाकथित लाल रेखायें पहचानना है जिनकी गणना कम्युनिस्ट पार्टी की सर्वोच्चता प्रदर्शित करने वाले आधिकारिक दृष्टिकोण को बनाए रखने के लिए की जाती है। कम्युनिस्ट पार्टी को अजेय एवं उत्कृष्टतम बताया जाता है तथा इस पर सवाल उठाने वाले किसी व्यक्ति को सीधे खतरे का जोखिम होता है या चीनी संदर्भ में वह रहस्यमय रूप से गायब हो जाता है।

पिछले साल बड़बोले चीनी उद्यमी जैक मा के साथ यही हुआ था। यह दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक कंपनी आंट ग्रुप द्वारा सबसे अधिक संख्या में शेयर जारी करने की घोषणा के ठीक पहले हुआ था। उनके समूह में अलीबाबा जैसा साम्राज्य भी शामिल है जिसका मूल्य 1 ट्रिलियन डालर से अधिक माना जाता है। बताया गया था कि निर्धारित लाल रेखाओं का उल्लंघन करने के कारण उन पर शिकंजा कसा गया था। इस मामले में उन्होंने चीन की नियामक नीतियों की आलोचना की थी। शी के अति-संवेदनशील चीन में वे फौरन परिदृश्य से गायब हो गए थे। इसके बाद से जैक मा पर लगातार निगरानी की जा रही है और वे बीच-बीच में संदिग्ध रूप से संगठित व नियंत्रित सार्वजनिक आयोजनों में प्रकट होते हैं। यह चीन द्वारा किसी ऐसे व्यक्ति के साथ व्यवहार का खास उदाहरण है जो आधिकारिक विमर्श से पर्दा उठाने का प्रयास करता है।

अनेक अन्य लोग भी समझ में न आने वाले तरीके से 'गायब' हो गए हैं। इनमें पुरस्कृत फोटोग्राफर लू गुआंग, बिजनेसवीमेन डुआन वीहांग, अभिनेत्री झाओ वेई, कलाकार व एक्टिविस्ट एई वेईवेई व बड़े रियल इस्टेट बिजनेसमैन रेल झिंगकियांग शामिल हैं। इन प्रकरणों से स्पष्ट हो जाता है कि नेता, पार्टी या नीतियों की कोई आलोचना कभी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अब लगभग इसी रास्ते पर चलते हुए पूर्व नंबर एक महिला टेनिस डबुल्स खिलाड़ी पेंग शुआई का मामला सामने आया है जिससे किसी को आश्चर्य नहीं हुआ है। उनका अपराध यह था कि उन्होंने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी-सीसीपी के सर्वोच्च स्तरों पर तथाकथित अनुशासन, निष्ठा एवं नैतिकता के मायाजाल पर सवाल उठा दिए थे। उन्होंने पूर्व चीनी उप-प्रमुख झांग गावली पर यौन उत्पीडन का आरोप लगाया था। जैसी कि उम्मीद थी, इसके बाद चीनी सोशल मीडिया प्लेटफार्म वीबो ने पेंग शुआई की पोस्ट हटा दी तथा अत्यधिक सेंसरशिप के शिकार नियंत्रित चीनी मीडिया में उनके अचानक गायब होने की चर्चा होने लगी। उनकी भौतिक उपस्थिति के बारे में जानकारी बहुत कम थी और यह बात समझ से परे थी।

इसके बाद विश्व टेनिस एसोसियेशन-डब्लूटीए व चीनी टेनिस एसोसियेशन ने अनेक आश्वस्त करने वाले बयान जारी किए कि पेंग शुआई सुरक्षित हैं और 'उनको किसी भी प्रकार के शारीरिक खतरे का सामना नहीं करना पड़ रहा है।' जैक मा के सावधानी से 'गायब' होने की घटना की तुलना में इस प्रकरण ने अनेक सवाल खड़े किए जिनके जवाब अब तक नहीं मिले। पेंग शुआई ने भी ऐसे वीडियो जारी करने शुरू किए जिनमें डबिंग बहुत अधिक थी और जिनको 'बंधक वीडियो' कहा गया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय खिलाड़ी के लिए उस तक पहुंच तथा उसकी अन्य लोगों तक पहुंच को नियंत्रित करना समझ से परे है। इस प्रकार आश्चर्यजनक रूप से लोगों का संप्रेषण क्षेत्र से बाहर हो जाना तथा बाद में उनके नियंत्रित रूप से 'दिखने' को सामान्य स्थिति का प्रतीक बताया जा रहा है। चीन के लिए यह दुर्भाग्यपूर्ण व परेशान करने वाली बात है कि डब्लूटीए ने चीन में अपने टूर्नामेंट स्थगित कर दिए हैं तथा उसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। चीन सत्य को कुचलने तथा जनता की उभरती आवाजें दबाने के लिए इसी स्थिति से बचना चाहता था। महत्वपूर्ण है कि पहले असंख्य लोगों के 'गायब' होने की तुलना में इस खास प्रकरण ने चीन की छवि बहुत खराब की है। कोविड युग में उसकी छवि पहले से ही खराब हो गई थी जो कुछ महीने बाद प्रस्तावित शीत ओलम्पिक के पटरी से उतरने के कारण रसातल में पहुंच गई है।

इस प्रकरण का संबंध गावली का व्यक्तिगत सम्मान बचाने से उतना नहीं है क्योंकि वे स्वयं भी जनता की नजरों से दूर हैं। इसका सबंध 'चीनी सपने' का भ्रम बनाए रखने से अधिक है जिसका अर्थ पार्टी की प्रशासनिक क्षमता व उसकी अजेयता से है। इस प्रकार इस प्रकरण का संबंध एक खतरनाक उदाहरण से भी है जिसके चलते किसी अवधारणा पर 'सवाल' उठाए जा सकते हैं। 1958 में 'धरती पर स्वर्ग' बताने वाले पीपुल्स डेली द्वारा शुरू किए गए अंग्रेजी दैनिक टेबलायड ग्लोबल टाइम्स ने 2009 में उसकी स्तर का प्रचारात्मक जोश दिखाया था। उसने डब्लूटीए की कार्रवाई को 'राजनीतिक रूप से सही होने का प्रयास' बताते हुए कहा है कि इससे वह 'महिला खिलाड़ी पर पश्चिमी सार्वजनिक राय की उम्मीदों के अनुसार कल्पना करने और चलने का दबाव डाल रहा है।'

पेंग शुआई के गायब होने के मामले पर भ्रमित करने वाली बातें करने के साथ ही इसे 'खेलों का राजनीतीकरण' कहा गया है। चीनी समाज और प्रशासन इसी आधार पर चलता है तथा अपने टिकाऊपन का पूर्वानुमान करता है। शी जिनपिंग यह सच्चाई जानते हैं और इसीलिए अपने पूर्ववर्तियों की तरह वे माओ त्सेतुंग के प्रचारात्मक दृष्टिकोण का पालन करते हैं। इस प्रकार उनका दृष्टिकोण तुलनात्मक रूप से सुधारवादी समझे जाने वाले देंग सियाओपिंग से अलग है।

# 2024 के पूर्व कांग्रेस के समक्ष चुनौतियां

कल्याणी शंकर
(लेखिका राजनीतिक टिप्पणीकार एवं स्तम्भकार हैं)



क्या पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य विश्वास के रूप में कांग्रेस नष्ट हो जाएगी? अतीत में भी, कई लोगों ने कांग्रेस के अंत की भविष्यवाणी की थी, लेकिन यह कई हमलों से बची रही। नवीनतम 1998 में था जब सोनिया गांधी, स्फिंक्स की तरह, इसे पुनर्जीवित करने और 2004- 2014 तक शासन करने के लिए उभरी थीं। 2019 के लोकसभा परिणामों ने कांग्रेस को 12 करोड़ वोट दिए, हालांकि सीट-वार उसे केवल 52 मिले। यहां तक कि अपनी लगातार दूसरी हार में भी 2019 में, पार्टी ने 20 प्रतिशत वोटों का ठोस ब्लॉक बरकरार रखा। गांधी परिवार आत्मसंतुष्ट है, यह विश्वास करते हुए कि मतदाता जल्द से जल्द मोहभंग हो जाएंगे और ग्रैंड ओल्ड पार्टी में वापस आ जाएंगे। निस्संदेह वे मूर्खों के स्वर्ग में रहते हैं क्योंकि पार्टी को पुनर्जीवित करने की तत्काल आवश्यकता है। निस्संदेह, कांग्रेस को कई पक्षों से नेतृत्व संकट और चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

पहला आंतरिक अनुशासनहीनता और विद्रोह को दबाना है। गुलाम नबी आजाद के नेतृत्व में 23 का समूह एक उदाहरण है और यह मोहभंग लगभग सभी राज्यों में प्रचलित है। दूसरा विपक्षी गुट के भीतर से आता है। देर से, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का हमला, राकांपा प्रमुख शरद पवार द्वारा समर्थित, तेज हो गया है। अब जब ममता ने 2024 में प्रधानमंत्री पद के लिए बोली लगाने का फैसला किया है, तो वह विपक्षी गुट से कांग्रेस को बाहर करने की कोशिश कर रही हैं। पहले कदम के रूप में, बनर्जी अपनी पार्टी को व्यापक बनाने और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान हासिल करने की तैयारी कर रही हैं।

तीसरा है कई राज्यों और यहां तक कि क्षेत्रों में सिकुड़ती कांग्रेस पार्टी। कांग्रेस को अब स्व-निर्मित विवादों में उलझने के बजाय 12 करोड़ मतदाता आधार बनाने का लक्ष्य रखना चाहिए। 2019 में बीजेपी और कांग्रेस के बीच 186 सीधे मुकाबले में से, पूर्व ने 170 सीटें जीतीं, जो 91.4 प्रतिशत स्ट्राइक रेट के बराबर थी। 2014 के चुनाव में उसे इनमें से 162 सीटें मिली थीं। 2014 में इनमें से 24 सीटें जीतने वाली कांग्रेस 15 पर आ गई है। उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल में, जहां उसने शासन किया था। इससे पहले कांग्रेस को 286 में से सिर्फ 10 सीटों पर जीत मिली थी। पार्टी का 20 राज्यों से कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। इसके अलावा, बीजेपी ने ओडिशा, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल में विपक्ष की जगह ले ली है, जहां कांग्रेस परंपरागत रूप से मुख्य विपक्ष थी। साथ ही, क्षेत्रीय दल कांग्रेस की तुलना में कहीं बेहतर लड़ाई लड़ रहे हैं। तो, अब पार्टी के पास क्या विकल्प हैं कि विपक्ष के भीतर दरारें हैं? पहला है दीर्घकालिक रणनीति के बारे में सोचना और 2024 की तैयारी शुरू करना। ममता ठीक यही कर रही हैं। कांग्रेस अल्पकालिक त्वरित-समाधान में शामिल है, अक्सर पार्टी की संभावनाओं को खराब कर रही है जैसा कि उन्होंने हाल ही में पंजाब में किया था। लेकिन उससे पहले पार्टी को अपने नेतृत्व संकट को हल करना होगा, जो अगस्त 2019 से चल रहा है। दूसरा यह है कि भाजपा को टक्कर देने के लिए पार्टी को भारी संसाधनों और प्रतिबद्ध बूथ समितियों की जरूरत है। एक बार इन दोनों को संबोधित करने के बाद, अन्य चीजें अधिक प्रबंधनीय होती हैं। तीसरा है विपक्ष को एकजुट करने के तरीके खोजना। सोनिया गांधी के पास ऐसा करने का कद है क्योंकि लगभग सभी विपक्षी दल उनके नेतृत्व में एकजुट होने के इच्छुक हो सकते हैं, लेकिन उन्हें राहुल गांधी के खिलाफ आपत्ति है। यदि आवश्यक हो तो गांधी परिवार को किसी और नेता के लिए मार्ग प्रशस्त करना चाहिए।



क्षेत्रीय नेताओं को एहसास है कि हालांकि वे अपने राज्यों में भाजपा को शामिल कर सकते हैं, लेकिन उनकी राष्ट्रीय स्तर पर उपस्थिति नहीं है। इसलिए आज भी उन्हें कांग्रेस जैसी पार्टी की जरूरत है। हर गांव में एक कांग्रेसी है। पिछले रविवार को, शिवसेना के मुखपत्र सामना ने अपने संपादकीय में कहा था कि पुरानी पुरानी पार्टी को राष्ट्रीय राजनीति से दूर करने और यूपीए (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) के समानांतर एक विपक्षी समूह बनाने से भाजपा और फासीवादी ताकतों को ही मजबूती मिलेगी। हालांकि ममता ने अपनी हालिया यात्रा के दौरान शिवसेना को लुभाने की कोशिश की, लेकिन शिवसेना अपनी सरकार नहीं खोना चाहती क्योंकि कांग्रेस महाराष्ट्र में उसकी गठबंधन सहयोगी है। राहुल गांधी 2004 से राजनीति में हैं, लेकिन उन्हें अभी तक विपक्ष के चेहरे के रूप में स्वीकार नहीं किया गया है। अखिलेश यादव जैसे दूसरी पीढ़ी के नेताओं से दोस्ती करने की राहुल की कोशिशें कामयाब नहीं हुई हैं. उसे एक छवि बदलाव की जरूरत है। चौथा और अधिक जटिल विकल्प उन सभी नेताओं को वापस बुलाना है, जिन्होंने कांग्रेस छोड़ दी थी। यह विचार चालू और बंद होता है। कांग्रेस एनसीपी, टीएमसी, वाईएसआरसीपी जैसे कई सत्तारूढ़ दलों की जनक रही है। ऐसे सुझाव दिए गए हैं कि ऐसी एकजुट पार्टी एक प्रेसीडियम और सामूहिक नेतृत्व के तहत काम कर सकती है। लेकिन पैरेंट पार्टी इस तरह का फैसला लेने से हिचकिचा रही है। विभाजित विपक्ष की तुलना में एक संयुक्त कांग्रेस, भाजपा के लिए अधिक प्रबल विरोधी है।

## आप की बात

### विपक्ष की दुविधा

**यह** पत्र विपक्ष की दुविधा से संबंधित है। एक समय था जब कांग्रेस विपक्ष की धुरी की तरह होती थी जिसके आस पास क्षेत्रीय दल घूमते थे परंतु आज स्थिति उसके बिल्कुल विपरीत हो गयी है। कांग्रेस ने 2014 के बाद से लगातार धरातल और जनाधार खोया है और इसके रिक्त किए हुए स्थान को क्षेत्रीय दलों ने भरा है। हाल ही में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के द्वारा लगातार तीसरी बार पश्चिम बंगाल चुनाव जीतने से उनके उत्साह में काफी हद तक वृद्धि हुई है और वह कांग्रेस को दरकिनार करते हुए गोआ, त्रिपुरा जैसे छोटे राज्यों मे अपने अवसर खोज रही हैं। क्या वह 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए विपक्ष का चेहरा बन पाएंगी यह तो समय के गर्भ मे छुपा हुआ है लेकिन एक चीज़ तय है की जितना जल्द विपक्ष एकजुट होकर अपने नेता और मुद्दों का चयन करेगा उतना उनके लिए अच्छा होगा वरना एक बार फिर वह हाथ माल्टा रह जाएगा। हालांकि किसी एक नेता का चयन करना और कांग्रेस को इस खेमे से बाहर रखना बहुत चुनौती भरा कार्य होने वाला है. क्यूंकी राजनेताओं का अहंकार सामान्यत: आसमान छूता है।

– **बाल गोविंद,** सेक्टर 44, नोएडा

### विनोद दुआ को श्रद्धांजलि

**लोकप्रिय** पत्रकार 67 वर्षीय विनोद दुआ का निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उनकी पहचान ना केवल एक बेबाक व निष्पक्ष पत्रकार के रूप में थी बल्कि तीक्ष्ण व नुकीले प्रश्नों के लिए भी जाने जाते थे। जब भी लोकसभा, विधानसभा के चुनाव परिणाम आते थे, तब वह दूरदर्शन पर बेबाक व निष्पक्ष जो सवाल जवाब दागते थे, तो कई नेताओं की बोलती बंद हो जाती थी। उनका हर विषय व मुद्दों पर पर विश्लेषण गंभीर होता था। चाहे सत्ता में किसी भी दल बल की सरकार हो उनकी पत्रकारिता पर निष्पक्षता की छाप साफ साफ देखी जा सकती थी। साहसिक, साफगोई व चुटीले अंदाज में वे अपनी बात कहते थे। भले ही आज के समय में उनकी निष्पक्षता को लेकर उंगली उठाई जाती हो, लेकिन यह तो स्वीकारना होगा कि उनकी पत्रकारिता में दम था, क्योंकि निष्पक्ष पत्रकार के लिए ना तो कोई अपना होता है ना कोई पराया, यही तो निष्पक्षता की पहचान है जो विनोद दुआ ने कायम की। चाहे कोई सहमत हो या असहमत यह अलग बात है। वह पत्रकारिता जगत के एक आधार स्तंभ तथा सशक्त हस्ताक्षर थे। वे हमेशा याद किए जाते रहेंगे।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

### बड़ी गलती के परिणाम

**नागालैंड** में हुई घटना के अंतर्गत जवानों की जरा सी चूक ने 14 घरों में अंधियारा पैदा कर दिया जहां फिर रोशनी संभव नहीं है। हालांकि, जवानों ने ऐसा जानबूझकर नहीं किया बल्कि यह एक मानवीय गलती थी। लेकिन इस भूल ने कुछ लोगों को मौत की नींद सुला दिया। इस मामले में राज्य और केंद्र सरकार जिस तरह की फुर्ती दिखा रही है यह स्वाभाविक है क्योंकि यह तो उनकी जवाबदारी है लेकिन अब संवेदनाएं ही बाकी बची हैं जो पीड़ितों के हरे जख्मों को कुछ हद तक भर सकती है। मृतकों को फिर से वापस लौटाया तो नहीं जा सकता है, हां उनके शोकग्रस्त परिवारों को उचित सहायता, स्नेह से उन्हें ढांढस जरूर बंधाया जा सकता है। जवानों की इस चूक को गंभीरता से लेने की जरूरत है और इस घटना से सबक लेने की भी, ताकि भविष्य में निर्दोष मौत की पीड़ा फिर न सहना पड़े। आवश्यक है कि इस मामले में राज्य और केंद्र सरकार अपनी जवाबदारी का उचित निर्वहन करें ताकि पीड़ित परिवारों की मानसिकता भी सकारात्मक बनी रहे जिसकी इस समय बड़ी जरूरत है।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**घबराने** की जरूरत नहीं है। मैं आप सभी से सामाजिक दूरी बनाए रखने और मास्क पहनने का अनुरोध करता हूं।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**अभी,** दवा कंपनियों ने बाजार में जो कुछ भी वहन करेगा उस पर कीमतें तय की हैं।

– **जो बिडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**भाजपा** ने देश को आर्थिक रूप से कमजोर बना दिया है और अलग-अलग समुदायों के लोगों के बीच दरार पैदा कर दी है।

– **अखिलेश यादव**
सपा प्रमुख

# 20 रुपये की फीस में 20 मिनट में प्राप्त करें मिलावट संबंधी जांच रिपोर्ट

## खाद्य वस्तुओं की शुद्धता जांचेगी अब मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब वैन : सुभाष चंद्र

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**मानव** उपयोग की कोई भी चीज या खाद्य वस्तु शुद्ध है या अशुद्ध, इसका पता लगाने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग हरियाणा ने करनाल में एक मोबाइल फूड टेस्टिंग लैबोरेट्री वैन की सुविधा प्रदान की है। इसके जरिये कोई भी व्यक्ति या दुकानदार किसी भी प्रकार के खाद्य पदार्थो की जांच मात्र 20 रुपये में करवा सकता है। यही नहीं जांच की रिपोर्ट भी साथ-साथ ही 15 से 20 मिनट में प्राप्त की जा सकती है। विभाग के डेजिगनेटिड अधिकारी सुभाष चंद्र ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि फूड टेस्टिंग को बढ़ावा देने और खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता की जांच के लिए नोडल अधिकारी-सह-जन विश्लेषक हरियाणा चंडीगढ़ की ओर से इस मोबाईल वैन करनाल में कई दिनों से अपना काम कर रही है और इस दौरान सेक्टर-13, बस स्टैंड, ईट राईट मेला स्थल, कर्णगेट, रेडक्रॉस मार्केट, अस्पताल चौक, जैन स्कूल, हांसी रोड, रामनगर, प्रेम नगर व शिव कालोनी की मार्केट में फूड टेस्टिंग का काम कर चुकी है। सुभाष चंद्र ने बताया कि करनाल में यह वैन आगामी 31 दिसम्बर तक रहेगी, जो शहर की कुछ अन्य मार्केट और खंडों में जाकर फूड टेस्टिंग का काम करेगी।


मोबाइल वैन में स्थापित लैब से टैस्ट करवाते हुए।

### ये रहेगा लैबोरेटरी वैन का शैडयूल

वैन को लेकर मास भर का जो शैडयूल बनाया गया है, उसके तहत 9 व 10 दिसम्बर को कुंजपुरा की मार्केट, 13 से 15 दिसम्बर तक घरौंडा की मार्केट, 16 से 17 दिसम्बर को तरावड़ी, 20 से 21 दिसम्बर को नीलोखेड़ी, 22 दिसम्बर को निसिंग की मार्किट, 23 व 24 दिसम्बर को करनाल स्थित कुंजपुरा रोड मार्केट, 27 व 28 दिसम्बर को असंध की मार्केट, 29 दिसम्बर को इंद्री की मार्केट, 30 दिसम्बर को करनाल के सेक्टर-6 व 7 की मार्केट तथा 31 दिसम्बर को सेक्टर-8,9, आर के पूरम व बसंत विहार की मार्केट का दौरा करेगी और जनता की ओर से दिए जाने वाले खाद्य सैम्पलों की जांच करेगी।

### जांच और रिपोर्ट की फीस है मात्र 20 रुपये

**खाद्य** एवं औषधि प्रशासन विभाग हरियाणा की ओर से जिला में मोबाइल फूड टेस्टिंग लैबोरेट्री वैन की सुविधा प्रदान की गई है। जांच और उसकी रिपोर्ट के लिए मात्र 20 रूपये की राशि रखी गई है। कोई भी व्यक्ति खाद्य पदार्थ जैसे की दूध एवं दूध से बने उत्पाद, मिठाई, तेल, चावल, मसाले, फ्रूट जूस या अन्य कोई खाद्य की जांच करवा सकता है।

# कुंडली केएमपी पर किसान ने पुल से कूदकर की आत्महत्या

## किसान धर्मपाल सोनीपत के गोहाना स्थित नयात गांव का है निवासी

### पुलिस ने घायल किसान को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया बाद में हुई मौत

### किसान ने आत्महत्या क्यों की, अभी इसका खुलासा नहीं हुआ

रणबीर रोहिल्ला। सोनीपत

**कुंडली** सिंघु बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन में किसानों द्वारा आत्महत्या करने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को एक 65 वर्षीय बुजुर्ग किसान धर्मपाल ने केएमपी पुल से कूदकर आत्महत्या कर ली है। घायल किसान को पुलिस सोनीपत के सिविल अस्पताल में उपचार के लिए लेकर आई, लेकिन कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई।

धर्मपाल सोनीपत जिले के गांव गोहाना के पास नयात गांव का निवासी बताया जा रहा है। जिसकी आयु करीब 65 वर्ष है। यह पिछले कई महीने से लगातार किसान आंदोलन में शामिल रहा था, लेकिन बुधवार को धर्मपाल ने कुंडली केएमपी के पुल पर जाकर ऊपर से कूदकर आत्महत्या कर ली। जिसे घायल अवस्था में सोनीपत के सिविल हॉस्पिटल में उपचार के लिए लाया गया, लेकिन कुछ समय बाद ही उसकी मृत्यु हो गई।

वहीं दूसरी तरफ पहुंची पुलिस ने मृत किसान के परिजनों को सूचना देकर सिविल हस्पताल में बुलवाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। डीएसपी वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक किसान पुल से गिर गया है। उसे तुरन्त इलाज के लिए भर्ती कराया गया, कुछ देर बाद किसान की मौत हो गई। पुलिस का कहना था कि अब इस मामले में पुलिस जांच करेगी कि आखिर उन्होंने आत्महत्या क्यों की है।


किसान की मौत के बाद पहुंची पुलिस।

### एमएसपी और मुआवजा पर निर्णय न हो पाने से मायूस था धर्मपाल: नरवाल




**भारतीय** किसान यूनियन के हरियाणा उपाध्यक्ष सत्यवान नरवाल ने बताया कि यह किसान बहुत ही परेशान था, क्योंकि सरकार किसानों की मौत पर मुआवजा और एमएसपी पर ठीक से फैसला नहीं ले पा रहे थी। इससे मायूस होकर उन्होंने आत्महत्या कर ली है।

## आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स ने मांगों को लेकर हड़ताल की

**भिवानी।** आंगनबाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स यूनियन हरियाणा (सम्बंधित सीटू एवं सहयोग सर्व कर्मचारी संघ) के आह्वान पर भिवानी जिले की आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर्स ने अपनी लम्बित मांगों के समाधान के लिए जिला उपायुक्त कार्यालय पर धरना दिया। पीओ कार्यालय तक प्रदर्शन करते हुए पीओ भिवानी के मार्फत निदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से हरियाणा सरकार से आंगनबाड़ी वर्कर्स व हेल्पर्स को पक्का करने तब तक 24000 रुपये वेतन लागू करने, 2018 में की गई घोषणा को लागू करने, गांव में 2000 व शहरों में 5000 रुपये किराया लागू करने, ई एस आई, पीएफ लागू करने, रिटारमेंट पर आंगनबाड़ी को 5 लाख व हेल्पर्स को 3 लाख रुपये देने की मांगें रखी गई।

बुधवार को प्रदर्शन की अध्यक्षता राजबाला खानक ने की व संचालन राजबाला शर्मा ने किया। प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए यूनियन जिला की नेताओं ने कहा कि भाजपा-जजपा सरकार की महिला, कर्मचारी-मजदूर, किसान विरोधी नीतियों के कारण जनता का हर वर्ग दुखी है। आज सरकार की नीतियों की वजह से महंगाई, बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। केंद्र सरकार सभी सरकारी उपक्रमों समेत आंगनबाड़ी का निजीकरण करने पर आमादा है। भाजपा-जजपा सरकार जनता की मांगों को पूरा करने की बजाए समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए जात व धर्म के आधार पर आपस में बाटने की साजिश रच रही हैं।


लघु सचिवालय परिसर में सांकेतिक धरना देते जिला व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

## जिला व्यापार मंडल ने बार्डर खोलने को लेकर दिया सांकेतिक धरना

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**जिला** व्यापार मंडल सोनीपत ने बुधवार को जिला उपायुक्त कार्यालय पर सांकेतिक धरना देकर बार्डर खुलवाने की मांग की। जिला व्यापार मंडल के धरने पर विभिन्न मार्केटों के व्यापारियों ने भाग लिया। सोनीपत के व्यापारियों ने लघु सचिवालय पर सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक धरना दिया।

इस दौरान जिला व्यापार मंडल के पदाधिकारी संजय सिंगला व संजय वर्मा ने कहा कि एक साल से सोनीपत के रास्ते बंद होने से व्यापारियों के सब्र का बांध टूट चुका है। जिला व्यापार मंडल ने आज सांकेतिक धरना दिया है। उन्होंने कहा कि जिन व्यापारियों के शौरूम या दुकानें हैं वे सभी बरबार्दी के कगार पर पहुंच चुके हैँ। व्यापारियों का करीब दस हजार करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। सोनीपत के व्यापारियों का दिल्ली से आना-जाना है, रास्ते बंद होने से गांवों से होकर जाना पड़ता है, जिसे लाखों रुपए का तेल खर्च हो चुका है। सिंगला ने कहा कि यहां पर कोई भी नया उधोग लगाने का तैयार नहीं है, बल्कि यहां से काफी उधोग पलायन कर चुके हैं। जिला व्यापार मंडल की आंदोलन के खिलाफ नहीं है, न ही किसी धरने के खिलाफ हैं, लेकिन हम चाहते हैं कि रास्ता छोड़कर अपना आंदोलन जारी रखें। उन्होंने कहा कि रास्ता बंद होने से आम जनता भी परेशान है। उन्होंने सरकार व किसान यूनियन से अपील की कि वे व्यापारियों के लिए रास्ते खोल दें। अब व्यापारी परेशान हो चुके हैं, अगला धरना कुंडली बार्डर पर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सोनीपत का व्यापार चौपट हो चुका है, आमजन को काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों की अधिकतर मांग मान ली हैं। सरकार ने तीनों कृषि कानून वापस ले लिए हैं। अब किसान भाईयों ने रास्ता खोले दें, ताकि आमजन का जीवन सुचारू रूप से चल सके। इस दौरान प्रवीण वर्मा आदि मौजूद रहे।

### रास्ता बंद होने से व्यापारी बरबार्दी के कगार पर पहुंच चके

## संक्षिप्त समाचार

### अधीक्षक अभियन्ता को दिया मांगों का ज्ञापन



**भिवानी।** केन्द्रीय कमेटी के आह्वान पर बिजली बिल-2021 के खिलाफ बिजली कर्मचारियों व अधिकारियों ने ऑल हरियाणा पॉवर कारपोरेशन कर्मचारी यूनियन नेता राज्य उपप्रधान लोकेश कुमार की अध्यक्षता में व केन्द्रीय कमेटी सदस्य चांदराम के संचालन में अधीक्षक अभियन्ता के कार्यालय पर काफी संख्या में कर्मचारी व अधिकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बिजली बिल 2021 के बारे में विस्तार से बताया। सिटी यूनिट के सदस्य अभिषेक शर्मा ने बताया कि बिजली बिल-2021 गरीब जनता व किसान के खिलाफ है। इस बिल से निजीकरण को बढ़ावा मिलेगा। विद्युत किसान व मजदूर की पहुंच से बाहर हो जायेगी। इस बिल से बिजली पेट्रोल व गैस की तरह हर रोज बिजली की यूनिट के रेटों में काफी संख्या में बढ़ोतरी होगी। किसानों को मिलने वाली 10 पैसे यूनिट बिजली 8-10 रुपये तक हो सकती है। व गरीब जनता को भी बिजली के बिलों में भारी बढ़ोतरी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि एक तरफ तो सरकार राष्ट्रवाद की बात कर रही है व दूसरी तरफ सरकार बेरोजगारी जनता पर निजीकरण के रूप में रोजगारों को खत्म कर रही है। राज्य उपप्रधान लोकेश कुमार ने बताया कि सरकार 70 साल व 7 साल की बात कर रही है, सरकार यह नहीं बताती की आज सीमेंट, लोहा व तेल में कितने पैसे कमा रही है तथा वह पैसा कहां जा रहा है। देश का कर्ज 54 लाख करोड़ से 124 लाख करोड़ हो चुका है। कालाधन 6 हजार करोड़ से 20 हजार करोड़ हो चुका है तथा हरियाणा राज्य का कर्ज भी 70 हजार करोड़ से 2 लाख 24 हजार करोड़ हो चुका है। आखिर जनता से तेल, गैस व सीमेंट, लोहा व खाद्य तेल से लूटा गया रुपया कहां जमा हो रहा है। आज बाबा रामदेव जैसे देशभक्त क्यों नहीं इस बारे में जनता को बताते हैं।

### लायंस क्लब ग्रेस ने छात्र-छात्राओं को बांटे जूते


विद्यालय में जूते वितरित करने के बाद खड़े लायंस क्लब ग्रेस के सदस्य।

**कैथल।** खंडालवा स्थित सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आज लायंस क्लब ग्रेस कैथल के पदाधिकारियों द्वारा जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को जूते वितरित किए गए। उल्लेखनीय है कि 104 वर्षों से लायंस क्लब सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था के रूप में कार्य कर रही है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता करने के प्रयास में अग्रणी संस्था है। इस अवसर पर जिला गवर्नर, वीरेंद्र मेहता के साथ जिला प्रधान, मनोज क्वात्रा, मुनीश महता, जोन चैयरमेन एवं हरचरण छाबड़ा, एडवोकेट गोपाल भट्ट आदि पदाधिकारियों ने स्वयं पहुंच कर विद्यालय में छात्र-छात्राओं को जूते वितरित किए। इस अवसर पर विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य डॉ प्रद्युम्न भल्ला एवं प्राध्यापक वीरेंद्र कौशिक भी मौजूद रहे। अंत में विद्यालय की ओर से लायंस क्लब ग्रेस के गवर्नर एवं प्रधान को भी विद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अंत में विद्यालय की ओर से लायंस क्लब ग्रेस का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। जूता वितरण करवाने के कार्य को सक्रियता से करने में एबीआरसी प्रदीप एवं सेवादार वीरेंद्र की भूमिका भी सराहनीय रही।

### विवि की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन परिषद् की बैठक हुई

**भिवानी।** चौधरी बंसी लाल विवि की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन परिषद् की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. एसी चावला, पूर्व रजिस्ट्रार प्रो. भगवान सिंह चौधरी, प्रो. मिनाक्षी हांडा, प्रो.राजेश पूनिया, प्रो.नरसिम्हन बी, कार्यकारी रजिस्ट्रार प्रो संजीव कुमार, आईक्यूएसी के निदेशक एवं डीन शैक्षणिक प्रो. राधेश्याम, आईक्यूएसी कॉर्डिनेटर डाक्टर सोनिका चौधरी ने शिरकत की। विवि की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन परिषद् की बैठक की अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रो.राजकुमार मित्तल ने ऑनलाइन की। बैठक में विवि के कुलपति कार्यालय, स्थापना शाखा, लेखा, परीक्षा, एकेडमिक, युवा कल्याण एवं एनएसएस, जनसंपर्क एंड मीडिया, पीएंडएस, रजिस्ट्रेशन एंड स्कॉलरशिप, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट, कॉलेज ब्रांच, खेल विभाग, सामान्य शाखा, लीगल सेल, आरटीआई सेल सहित सभी शाखा प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में सभी शाखाओं के कार्यों, संचालन, गुणवत्ता एवं कार्य प्रणाली को लेकर समीक्षा की गई।

## 14 किग्रा प्रतिबंधित तरल नशीले पदार्थ सहित एक आरोपी गिरफ्तार

### स्पेशल स्टाफ असंध की टीम को मिली एक आरोपी को को पकड़ने में सफलता

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**पुलिस** नशीले पदार्थों के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। स्पेशल स्टाफ असंध की टीम द्वारा एक आरोपी को तरल नशीला पदार्थ गट्टू/कैम्फर सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी के कब्जे से करीब 14.22 किलोग्राम नशीला पदार्थ बरामद किया गया।

पुलिस के अनुसार 7 दिसम्बर की रात को एएसआई सतीश कुमार की अध्यक्षता में टीम अपराध रोकथाम के लिए बस अड्डा जलमाना पर मौजूद थी, उसी समय टीम को विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि नाजर सिंह वासी गांव जलमाना जिला करनाल अपनी गाडी इनोवा में सवार होकर गांव कुंडलन की तरफ से आ रहा है। जिसकी गाड़ी में भारी मात्रा में नशीला पदार्थ गट्टू/कैम्फर मौजूद है। प्राप्त सूचना को सच मानकर टीम द्वारा जलमाना से कुंडलन रोड नजदीक भगवान वाल्मिकी मंदिर के पास नाकाबंदी शुरू की गई। दौराने नाकाबंदी कुछ देर बाद ही एक गाड़ी इनोवा उस स्थान पर आई। पूछताछ में ड्राइवर ने अपना नाम नाजर सिंह बतलाया। गाड़ी की तलाशी लेने पर ड्राईवर के साइड वाली सीट के आगे डैस्कबोर्ड के नीचे पायेदान पर से एक प्लास्टिक का कट्टा बरामद हुआ। कट्टे में से बिना किसी लेबल की 16 बोतल किसी तरल पदार्थ से भरी हुई बरामद हुई। जिसको चैक करने पर वह कई नशीले पदार्थों का मिश्रण गट्टू/कैम्फर पाया। बरामद 16 बोतलों में से कुल 14.222 किलोग्राम नशीला पदार्थ गट्टू/कैम्फर पाया गया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ अपने कब्जे में बिना किसी लाईसेंस के नशीला पदार्थ रखने व नशीले पदार्थ का परिवहन करने पर एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की आगामी तफ्तीश एएसआई अशोक कुमार स्पेशल स्टाफ असंध को सौंपी गई।


पुलिस की गिरफ्त में नशा तस्कर।

## ऑनलाइन धोखाधड़ी करके खाते से निकाले 25 हजार रुपये

**भिवानी।** गांव लेघा हेतवान निवासी एक युवक के खाते से ऑनलाइन धोखाधड़ी करके 25 हजार रुपये निकाल लिए गए।

गांव लेघा हेतवान निवासी शंकर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव में बस स्टैंड पर फोटोकॉपी की दुकान करता है। गत 20 नवंबर को उसके पास एक व्यक्ति आया और उसने कहा कि किसी मोबाइल नंबर से तेरे पास 25 हजार रुपये आएंगे वह पैसे आने के बाद मुझे दे देना। तत्पश्चात पीड़ित के फोन पर एक 25 हजार रुपये का मैसेज आया और उन्होंने कहा कि मैसेज आया है, बैलेंस चेक कर लो। जब पीड़ित युवक ने बैलेंस चेक करने की कोशिश की तो उसने ऑनलाइन धोखाधड़ी करके पीड़ित युवक के खाते से 25 हजार रुपये निकाल लिए। जिसकी शिकायत पीड़ित युवक ने पुलिस को दी है पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्जकर छानबीन शुरू कर दी है।

# डी-प्लान का पैसा किसी भी सूरत में वापस ना जाए, लापरवाही बर्दाश्त नहीं

## विकास कार्यों पर खर्च होने वाले अनुमानित लागत की रिपोर्ट तैयार करे

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**अतिरिक्त** उपायुक्त योगेश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला विकास योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा हुई और अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे 13 दिसम्बर से पहले-पहले विकास कार्यों पर खर्च होने वाले अनुमानित लागत की रिपोर्ट तैयार करें। कार्यकारी एजेंसियां अलॉट किये गए कार्य को आगामी 15 फरवरी तक हर संभव पूरा करें।

खर्च राशि के बिल 15 फरवरी से पहले-पहले जमा कराएं ताकि बिलों की अदायगी करवाने में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना ना करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि जिला में विकास कार्यों का निरीक्षण करने के लिए स्पेशल ऑडिट टीम दौरे पर आई हुई है। इसलिए सभी कार्यकारी एजेंसिया अपने रिकॉर्ड को सही रखे, लापरवाही बर्दाश्त नहीं होंगी।



अधिकारियों को निर्देश देते एडीसी योगेश कुमार।

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि जिला विकास योजना से संबंधित विकास कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से हर 15 दिन बाद समीक्षा बैठक होगी। उनकी प्रत्येक विभाग से प्रगति रिपोर्ट ली जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि डी-प्लान का पैसा किसी भी सूरत में वापिस ना जाए। जिस काम के लिए अलॉट किया गया है, उस काम को जल्द से जल्द पूरा करवाएं ताकि केन्द्र सरकार से डी-प्लान के तहत विकास कार्यों के लिए और पैसे मिल सके।

जिला परियोजना अधिकारी निर्मल सिंह ने बताया कि जिला विकास योजना के तहत वर्ष 2021-22 के लिए करीब 21 करोड़ 67 लाख रुपये की राशि प्राप्त हुई है। इस राशि से जिला के विभिन्न ब्लॉकों, नगर निगम, नगर पालिका क्षेत्रों में करीब 447 विकास कार्य पूरे करवाए जाने हैं।

# ओले इंडिया का नया स्किन केयर प्रोडक्ट लॉन्च

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** के क्रांतिकारी स्किन केयर ब्रांड, ओले इंडिया ने बदलावकारी रेंज, ओले रीजनरिस्ट कोलाजन पेप्टाइड 24 रेंज प्रस्तुत किया है। यह निश्चित रूप से आपका बेस्ट 'फूड फॉर योर स्किन' है यह विशाल रेंज 'कोलाजन पेप्टाइड' से भरपूर है, जो त्वचा के अंदर तक जाता है जो स्किन का लचीलापन बढ़ाता है। साथ ही उसे प्लम्प और बाउंसी दिखने के लिये नमी देता है और उसे दिनभर के लिये स्किनकेयर का परफेक्ट तत्व बनाता है।

कोलाजन पेप्टाइड जो त्वचा को फर्म दिखने में मदद करता है नियासिनमाइड जो त्वचा को नमी और प्लम्पनेस बनाये रखने में मदद करता है, और एक हेल्दी और हाइड्रेट त्वचा पाने के लिये सतह पर सेल रीजेनरेशन में मदद करता है।

### यह विशाल रेंज 'कोलाजन पेप्टाइड' से भरपूर है

लॉन्च के बारे में, रोहिणी वेंकेटश्वरण, वाइस प्रेसिडेंट स्किन एंड पर्सनल केयर, इंडिया का कहना है, ओले इंडिया में हमारी हमेशा यही कोशिश होती है कि हम तकनीक का इस्तेमाल करें। स्किनकेयर तत्वों का सही मेल से स्किनकेयर के बदलते ट्रेंड के साथ हमारा नया इनोवेशन बहुत दमदार है और इस फ्रेगरेंस-फ्री मॉइश्चराइजर में त्वचा या उनकी व्यस्त दिनचर्या के लिए एंटी-एजिंग गुणों के साथ यह एक परफेक्ट स्किनकेयर तत्व है जो इसे एक जरूरी 'फूड फॉर द स्किन' बनाता है। लाइफस्टाइल में प्रदूषण, यूवी किरणों और शारीरिक तनाव जैसे विभिन्न बाहरी और अंदरूनी तनाव से जो नुकसान पहुंचाती है। यह स्किन बिल्डिंग ब्लॉक मृत त्वचा कोशिकाओं को रिप्लेस करती है। बढ़ती उम्र से जुड़ी समस्याओं से निपटने के लिये, ओले इंडिया ने बिल्कुल नया कोलाजन पेप्टाइड 24 लॉन्च किया है जो पूरे दिनभर प्लम्प और बाउंसी स्किन देता है।

तकनीक के मेल से बनाया गया, ओले रीजनरिस्ट कोलाजन पेप्टाइड 24, कोलाजन प्राकृतिक रूप से पाये जाने वाले कोलाजन की तरह काम करता है। साथ ही कोलाजन की तुलना में अमीनो एसिड की छोटी श्रृंखलाओं के साथ जैव-उपलब्ध तकनीक का उपयोग करके त्वचा में पहुंच को बेहतर बनाता है।

# वंदे भारतम्-नृत्य उत्सव, जोनल स्तर की प्रतियोगिता आज से शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली।

**प्रतियोगिता** अपने अगले पड़ाव में जोनल लेवल पर पहुंच गई है। जोनल लेवल का आयोजन 9 दिसंबर से 12 दिसंबर को चार अलग अलग शहरों में किया जाएगा। संस्कृति मंत्रालय ने आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में अखिल भारतीय नृत्य प्रतियोगिता वंदे भारतम-नृत्य उत्सव शुरू करने की घोषणा की। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य देश भर से शीर्ष नृत्य प्रतिभाओं का चयन करना और उन्हें गणतंत्र दिवस परेड 2022 के दौरान प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करना है।जोनल स्तर का ऑनग्राउंड इवेंट 9 दिसंबर से 12 दिसंबर तक चार अलग-अलग शहरों में होगा। 9 दिसंबर को कलकत्ता, 10 दिसंबर को मुंबई, 11 दिसंबर को बैंगलोर और 12 दिसंबर को नई दिल्ली में आयोजित कि या जाएगा। जोनल स्तर की प्रतियोगिता के दौरान कला और संस्कृति से जुड़े कई नामचीन चेहरे जूरी के रूप में मौजूद रहेंगे। जोनल इवेंट प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा 13 दिसंबर को की जाएगी। जोनल लेवल प्रतियोगिता के लिए अब तक 205 टीमों में 2507 सदस्यों को चयनित किया गया है जबकि गणतंत्र दिवस परेड में शीर्ष चयनित 480 नर्तक प्रदर्शन करेंगे।

### वंदे भारतम्नृत्य उत्सव प्रतियोगिता की चयन

## प्रेरणा



**विकेश भारतीय**
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

यथाथज़ से आदर्श का सफर तय करने की खातिर,
जिंदगी में कुछ कर गुजरने की खातिर,
कुछ ही होते है जो रातों को जागते हैं ,
सपनों को हकीकत में बदलने की खातिर।

Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

**आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड**
( पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात ) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

**सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अतः आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा कराये अन्यथा एक्ट की धारा 13( 4 ) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

| ऋणी का नाम | धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **मनेन्द्र सिंह**, अत्तर सिंह, श्रीमती रिंकू देवी खाता सं. LNBHT02918-190094459 | 07 दिसम्बर 2021 ₹ 143062/- 04 दिसम्बर 2021 | सम्पत्ति स्थित 1/30 भूमि का हिस्सा खेवट नं. 142, खतोनी नं. 399 व 400, खसरा नं. 1117 ( 1-13 ), 1116( 0-17 ), गांव बादडा, तह. व जिला चरखी दादरी, हरियाणा **क्षेत्रफल 250 वर्ग गज** |

स्थान : जयपुर    दिनांक 09.12.2021    प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

# एचपीएससी भंग कराने को हुड्डा पहुंचे राज्यपाल बंडारू के दरबार

## बोले प्रदर्शन में शामिल नहीं होने पर विवेक बंसल को पहले दी थी जानकारी

### दस साल सीएम रहा क्लर्कों का घेराव नहीं कर सकता



**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** लोक सेवा आयोग रिश्वत कांड में सरकार को घेरने के मुद्दे पर हुड्डा व सैलजा गुट में पूरी तरह से ठन गई है। सैलजा गुट द्वारा एचपीएससी का घेराव किए जाने के बाद आज भूपेंद्र सिंह हुड्डा विधायक के साथ राज्यपाल से मुलाकात करने पहुंच गए और उन्होंने एक ज्ञापन के माध्यम से एचपीएससी को भंग किए जाने की मांग की।

हुड्डा ने राज्यपाल से कहा कि सरकार ने हरियाणा लोक सेवा आयोग के उप सचिव अनिल नागर को बर्खास्त कर पूरे मामले में लीपापोती की है। राजनीतिक संरक्षण के बिना नौकरियों में पैसे नहीं लिए जा सकते। इसलिए हरियाणा लोक सेवा आयोग को भंग कर पूरे मामले की न्यायिक जांच कराई जानी चाहिए। राजभवन जाने से पहले हुड्डा ने कांग्रेस विधायक दल की बैठक में भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार को विधानसभा में घेरने की रणनीति तैयार की। इसके बाद मीडिया से रूबरू हुए और फिर विधानसभा स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता के साथ हुई रूल्स कमेटी की बैठक में भी हिस्सा लिया।

पत्रकारों से बातचीत में हुड्डा ने पंचकूला में आयोजित प्रदर्शन में भागीदारी नहीं करने पर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि वह दस साल तक प्रदेश का मुख्यमंत्री रहे हैं। मैं क्लर्कों का घेराव करने के लिए हरियाणा लोक सेवा आयोग के कार्यालय पर नहीं जा सकता। कांग्रेस प्रभारी विवेक बंसल का उनके पास फोन आया था। तब उन्होंने भाग नहीं लेने के बारे में बता दिया था।

हुड्डा ने कहा कि यदि राज्यपाल या राष्ट्रपति अथवा प्रधानमंत्री से मिलने का कार्यक्रम है तो वह जाने को तैयार हैं। आगे भी यदि ऐसे प्रदर्शन होंगे तो वह उनमें भागीदारी नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा लोक सेवा आयोग के कार्यालय पर प्रदर्शन का कार्यक्रम उनसे पूछकर नहीं रखा गया था।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा लोक सेवा आयोग और कर्मचारी चयन आयोग में नौकरियां परचून की दुकान की तरह बिक रही हैं। सरकारी नौकरियों के रेट तय हैं। अब सरकार ने अनुबंध पर लगने वाली नौकरियां हरियाणा कौशल विकास निगम के जरिए दिए जाने की व्यवस्था कर भ्रष्टाचार की तीसरी दुकान खोल दी है।

# हरियाणा में लाखों बच्चों के भविष्य पर लटकी सरकारी तलवार

### सरकार ने किया अस्थाई मान्यता वाले स्कूलों को एक्सटेंशन देने से इनकार

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** सरकार ने अस्थाई मान्यता के साथ चल रहे 1300 स्कूलों को एक्सटेंशन देने से इनकार कर दिया है। जिसके चलते इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य पर सवालिया निशान लग गया है। प्राइवेट स्कूल संघ ने सरकार के फैसले पर आपत्ति जताते हुए पुनर्विचार की मांग की है।

हरियाणा में अस्थाई मान्यता वाले स्कूलों का विवाद लंबे समय से चल रहा है। पिछले वर्षों के दौरान प्रदेश में करीब 3200 स्कूल ऐसे थे जो सरकार द्वारा तय मानकों को पूरा नहीं करते थे और उन्हें हर साल नए सत्र की शुरूआत से पहले एक्सटेंशन दी जाती थी। सरकार की सख्ती के चलते बहुत सारे स्कूलों में मानकों को पूरा कर लिया। वर्तमान में 1338 स्कूल ऐसे हैं जो सरकार द्वारा मान्यता के लिए तय किए गए मानकों के अनुरूप नहीं हैं।

हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ के प्रदेशाध्यक्ष सत्यवान कुंडू के अनुसार संघ द्वारा शिक्षा मंत्री को ज्ञापन देकर अस्थाई स्कूलों की मान्यता अवधि बढ़ाने के साथ-साथ 134ए की बकाया राशि देने, सोसायटी रिन्यूवल के लिए एक अवसर देने, स्कूलों में बिना एसएलसी दाखिल बच्चों से एसएलसी मंगवाने, शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की जमीन एक समान करने तथा एमआईएस पोर्टल पर काम कर रहे मिडल स्कूलों से बोर्ड संबंद्धता फीस भरवाने सहित विभिन्न मांगों को प्रमुखता के साथ उठाया गया।

संघ के प्रवक्ता शैलेंद्र शास्त्री ने बताया कि शिक्षा मंत्री ने अस्थाई स्कूलों की मान्यता अवधि बढ़ाने से इनकार कर दिया है। संघ ने शिक्षा मंत्री के समक्ष सवाल उठाया कि स्कूलों को एक्सटेंशन न मिलने के चलते बोर्ड की पार्टल आईडी बंद है और ये स्कूल बोर्ड कक्षाओं के फार्म भरने से वंचित है।

शिक्षा विभाग ने इन स्कूलों से स्पोर्ट्स फंड भी भरवा रखा है। वहीं 134ए की खाली सीटों का ब्यौरा भी इन स्कूलों से लिया गया है। इसके साथ ही शिक्षा बोर्ड भिवानी ने इनसे मैपिंग की ऑनलाइन भरवा ली है। उन्होंने कहा कि अगर इन स्कूलों की मान्यता 31 मार्च 2021 को ही समाप्त हो गई है तो इन स्कूलों से स्पोर्ट्स फंड, 134ए की सीटों का ब्यौरा व मैपिंग ऑनलाइन क्यों करवाई गई। कुंडू ने कहा कि चार पांच वर्षों में 134ए की राशि नहीं दी जा रही। शिक्षा मंत्री ने जल्द ही अधिकारियों की बैठक बुलाने और मामले का समाधान करने का आश्वासन दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मनुष्य का प्रथम कर्तव्य प्रकृति संरक्षण: रविन्द्र




विद्यार्थियों को संबोधित करते प्राचार्य रविंद्र।

**कुरुक्षेत्र।** पर्यावरण के प्रति छात्रों में अलख जगाने के लिए दिल्ली पब्लिक स्कूल में इको क्लब का गठन किया गया। विशेष प्रशिक्षण देते हुए छात्रों को पर्यावरण को सुरक्षित रखने के उपाय बताए गए। विद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण का जिम्मा सौंपते हुए छात्रा भूमिका को ब्रांड अम्बेसडर बनाया गया। इको क्लब में प्रत्येक कक्षा से बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित की गई। बढ़ता प्रदूषण लोगों के जीवन के लिए खतरा बनता जा रहा है। इसके बाद भी लोग पर्यावरण के प्रति जागरूक नहीं हो रहे हैं, इसलिए स्कूल सभागार में कला संकाय द्वारा पेंटिंग एग्जीबिशन समायोजन भी किया गया, जिसने कक्षा 5 वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों में समाज एवं प्रकृति के प्रति भावना को व्यक्त करते चित्रों का निर्माण किया। प्रदर्शनी का आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं फाइन आर्ट के क्षेत्र में कला के विभिन्न पद्धतियों में जल रंग, तैलरंग व स्केचिंग आदि के प्रोत्साहन के लिए किया गया। कागज पर अपनी प्रतिभा दिखा कर उन्होंने अपने अंदर छिपी प्रकृति युक्त भावनाओं को प्रदर्शित कर सभी के मन को मोह लिया। इको कल्ब में अनेक पौधे रोपित कर, छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रण दिलाया। विद्यालय प्रबंधन समिति के डायरेक्टर रविन्द्र सिंगला के निर्देशानुसार पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए कार्यक्रमों में छात्रों व अध्यापकों की शत प्रतिशत सहभागिता अनिवार्य है। प्राचार्य रविंद्र सिंह ने कहा कि प्रकृति की रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। यह धरती हमें अपने पूर्वजों से विरासत में नही, बल्कि आगामी पीढ़ी की धरोहर के रूप में मिली है, जिसको हमें स्वच्छ एवं सुंदर रूप में सौंपना है। इस लिए सभी को अपने जन्मम दिन पर एक पौधा लगा कर उत्सव मनाना चाहिए।

### खतरे की घंटी है ओमिक्रोन, रखें हर तरह से बचाव : संदीप



**कुरुक्षेत्र।** समाजसेवी संदीप गर्ग ने जनता को कोरोना के नये वायरस ओमिक्रोन के प्रति सजग रहने की अपील की है। संदीप गर्ग ने कहा कि ओमिक्रोन कोविड की तरह खतरे की घंटी है। इसलिए आमजन को हर तरह से इस नये वायरस से बचाव रखना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार व प्रशासन ने भी इस पर काम शुरू कर दिया है। इसलिए हर व्यक्ति कोविड बचाव की गाइड लाइन के अनुसार ही जीवन यापन करें। उन्होंने कहा कि मास्क लगाना, भीड़ में न जाना और दो गज दूरी बनाकर रखने के नियम की अनुपालना करनी होगी। संदीप गर्ग बाबैन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। गर्ग ने कहा कि कोविड के दौरान बहुत ज्यादा जान-माल का नुकसान हुआ है और हर किसी ने अपने किसी रिश्तेदार, सगे सम्बंधी, मित्र या परिचित को खोया है। लेकिन भविष्य में दोबारा ऐसा न हो इसलिए हर व्यक्ति समझदारी से काम लें और कोविड बचाव नियमों की अनदेखी न करे। संदीप गर्ग ने कहा कि इस वायरस की चेन को तोड़ने के लिए सबसे बड़ा अस्त्र कोविड वैक्सीन है। इसलिए जो भी व्यक्ति इस टीके से वंचित है। वह तुरंत प्रभाव से यह वैक्सीन लें।

### सप्ताहिक हवन यज्ञ की पूणार्हुति आज

**कुरुक्षेत्र।** गीता जयंती महोत्सव पर वात्सल्य वाटिका प्राथमिक पाठशाला में सप्ताहिक हवन यज्ञ के सप्तम दिवस में मुख्य यजमान शेषपाल शैक्षिक प्रमुख विद्या भारती हरियाणा और मुख्य अतिथि पवन भारद्वाज परिवार सहित और विशिष्ट अतिथि चौ सतबीर सिंह हरियाणा रोडवेज कुरुक्षेत्र रहे। मुख्य यजमान शेषपाल ने कहा कि वात्सल्य वाटिका में पढ़ने वाला हर बच्चा हमेशा याद रखेगा कि मेरे जीवन को सफल बनाने वाले और कामयाब करने वाला मेरे माता-पिता से भी बढ़ कर वाटिका के स्वामी जी हैं। प्रधानाचार्य गौरव चौधरी ने बताया कि सप्ताहिक हवन यज्ञ की पूर्णाहुति 9 दिसंबर को होगी। जिसमें हम सभी को गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज का सानिध्य और आशीर्वाद प्राप्त होगा। इस अवसर पर संस्थापक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक, आचार्या सोनिया अग्रवाल और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### शिविर में 99 लाभार्थियों ने लगवाई कोरोना वैक्सीन

**कुरुक्षेत्र।** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को कुंटिया कोविड टीकाकरण कैंप का आयोजन कुंटिया कार्यालय में किया गया। शिविर में 99 लाभार्थियों का कोरोना से बचाव का टीकाकरण किया गया। कुंटिया के प्रधान नीलकंठ शर्मा व महासचिव रविंद्र तोमर ने बताया कि शिविर में कोविड से बचाव के लिए 19 लोगों को पहला व 80 लोगों को दूसरा टीका लगाया गया। उन्होंने कहा कि कोरोना के नए वेरिएंट से बचाव के लिए सभी को सजग रहते हुए वैक्सीनेशन के दोनों टीको लगवाना बहुत जरूरी है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से वैक्सीन लगवाने और सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करने तथा मास्क के प्रयोग करने का आह्वान किया। वैक्सीनेशन कैंप के आयोजन को सहयोग करने के लिए उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन का धन्यवाद किया। सर्व समाज कल्याण सेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने कहा कि हम सभी को जल्द से जल्द वैक्सीन की दोनों डोज लगवाकर अपने परिवार समाज और राष्ट्र को सुरक्षित रखना चाहिए। समिति के मीडिया प्रभारी तरुण वधवा व जिला प्रधान पुनीत सेतिया ने बताया कि समिति द्वारा 15 दिसंबर को कुरुक्षेत्र विवि में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। वैक्सीनेशन कैंप में एएनएम काको देवी व सक्षम युवा ओमवीर सिंह ने सहयोग किया। इस अवसर पर कुंटिया के वरिष्ठ उपप्रधान पोली राम, सह सचिव अनिल लोहट, प्रेस सचिव रुपेश खन्ना, कैशियर डॉ अनिल भुक्कल, नरेश कुमार, दीपक कुमार, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान ओमप्रकाश, हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के राज्य प्रधान इंद्र बधाना, यशपाल सैनी, चंद्रपाल, जगदीश खनोदा, राजकुमार, रणबीर, जसवीर, जगदीश आदि उपस्थित रहे।

# कोरोना में मृतकों की आत्मशांति को दी आहुति

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल



यजमानों को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

**श्रीकृष्ण** कृपा सेवा समिति द्वारा गीता जयंती उत्सव के उपलक्ष्य में श्री कृष्ण कृपा मन्दिर लाल पौ पर गीता यज्ञ किया गया। प्रधान सुजीत कपूर ने बताया कि गुरुदेव गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज द्वारा निर्देशित गीता जयंती सप्ताह में बुधवार को इस महोत्सव की कड़ी में सामूहिक यज्ञ कृष्ण कृपा मन्दिर, लाल पौ में कोविड पीड़ित परिवारों के लिए और भविष्य में कोविड से सुरक्षा के लिए किया गया। इस यज्ञ में कैथल शहर के परिवार जिन्होंने इस कोविड महामारी में अपने प्रियजनों को खोया है, उनकी आत्मा की शांति के लिए वह परिवार जन यजमान के रूप में शामिल हुए और हवन यज्ञ में आहुति डाली। प्रधान सुजीत कपूर ने बताया की, परम पूज्य स्वामी ज्ञानानंद महाराज की सद्प्रेरणा से गीता जयंती के उपलक्ष्य में गीता सप्ताह का शुभारंभ आज गीता यज्ञ से किया गया है । महासचिव सोनू वर्मा ने बताया कि, वीरवार 9 दिसम्बर को श्री कृष्ण कृपा मंदिर,लाल पौ पर एक रक्तदान शिविर लगाया जाएगा।

# विधानसभा सत्र पहले कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ

**हरियाणा** सरकार ने राज्य के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वह आगामी 17 दिसंबर से आरंभ होने वाले 'हरियाणा विधानसभा अधिवेशन' के मद्देनजर कार्यालय में उपस्थित रहें व दौरे पर न जाएं।

सरकारी प्रवक्ता ने बुधवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य सचिव की ओर से प्रदेश सरकार के सभी प्रशासकीय सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्ड व निगम के प्रबंध निदेशकों को निर्देश दिए गए हैं कि 17 दिसंबर से 'हरियाणा विधानसभा अधिवेशन' शुरू होगा, जिसकी तैयारी के लिए तथा अधिवेशन के दौरान कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिचित की जाए।

उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी व कर्मचारी बिना सक्षम प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति के अवकाश पर न जाए और यदि अवकाश स्वीकृत करना अति आवश्यक हो तो केवल अपरिहार्य कारणों के दृष्टिगत ही स्वीकृत किया जाए।

## प्रदेशाध्यक्ष ने संगठन की मजबूती के दिए निर्देश

**कुरुक्षेत्र।** भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पवन आश्री ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व पूर्व मंत्री ओम प्रकाश धनखड़ को बुके और शाल भेंट कर सम्मानित किया।

जिला संयोजक पवन आश्री ने उनके साथ पार्टी के विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। प्रदेशाध्यक्ष ने संगठन को और मजबूत बनाने तथा सरकार की नीतियों व योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पवन आश्री को दिशा निर्देश भी दिए। इस मौके पर हरियाणा भाजपा के संगठन मंत्री रविन्द्र राजू और प्रदेश महामंत्री डॉ पवन सैनी भी मौजूद रहे।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर दिया धरना



**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**आंगनवाड़ी** कार्यकर्ता सहायिका यूनियन हरियाणा संबंधित एआईयूटीयूसी, संयुक्त कर्मचारी मंच, संयुक्त तालमेल कमेटी आंगनवाड़ी वर्कर्स एंड हैल्पर्स यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर लघु सचिवालय परिसर में धरना देकर प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

यूनियन नेताओं ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि आंगनवाड़ी वर्कर्स व हैल्पर्स को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए, जब तक कर्मचारी नहीं बताया जाता तब तक वर्कर्स व हैल्पर को न्यूनतम वेतन दिया जाए सहित 19 मांगें पूरी की जाएं। वक्ताओं ने कहा कि आज से तीन दिवसीय धरना दिया गया है, अगर इस दौरान हमारी मांगें नहीं मानी गई तो आगे भी धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

आंगनवाड़ी वर्कर्स हेल्पर्स तालमेल कमेटी हरियाणा की जिला कमेटी की ओर से बुधवार को जिला उपायुक्त कार्यालय पर बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने जोरदार नारे लगाते हुए प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। उन्होंने अपनी मांगों का एक ज्ञापन नायब तहसीलदार के माध्यम से निदेशक को प्रेषित किया। जिसमें मांग की गई कि प्रधानमंत्री द्वारा कार्यकर्ता के लिए 15 सौ रुपये व सहायिका को 750 रुपये दिए जाने की गई घोषणा को लागू किया जाये।

## नि:शुल्क ग्रामीण नेत्र जांच शिविरों में 223 की जांच

**शाहाबाद मारकंडा।** आदेश मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के सहयोग से आंखों के नि:शुल्क चिकित्सा व आप्रेशन शिविरों का गांव कल्याणा व आदेश अस्पताल परिसर में किया गया। गांव कल्याणा में नेत्र जांच शिविर की शुरूआत सरपंच परपिन्द्र संधु और आदेश अस्पताल में शिविर की शुरूआत प्रबंधक हरिओम गुप्ता ने की।

एनपीसीबी के तहत लगाया इन शिविरों में गांव कल्याणा में करीब 89 और अस्पताल परिसर में लगे कैंप में 134 नेत्र रोगियों की जांच की गई। गांव कल्याणा में डा. गुणतास गिल, डा. विनीत पंचाल ने नेत्र रोगियों की जांच की। अस्पताल के प्रबंधक हरिओम गुप्ता ने बताया कि जिन लोगों को मोतियांबिंद या अन्य आंखों का दोष पाया गया है उनके आप्रेशन भी अस्पताल की ओर से निम्र खर्च पर किए जाएंगे। डा. गुणतास गिल ने रोगियों को बताया कि कईं बार शुगर रोगी लापरवाही करता है और वह शुगर आंखों पर मार करती है। इसलिए शुगर रोगी को समय-समय पर जांच करवाते रहना चाहिए। प्रबंधक हरिओम गुप्ता ने कहा जो कोई भी पंचायत अपने गांव में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगवाना चाहती है वह अस्पताल में आकर संपर्क कर सकती है।

# धर्म की रक्षा को शीश कटाने वाले गुरू तेग बहादुर सदैव रहेंगे स्मरण: पूर्व मंत्री

## कविता जैन ने गुरू तेग बहादुर के बलिदान दिवस पर दी श्रद्धांजलि

### सेक्टर-15 स्थित गुरुद्वारे में श्रद्धापूर्वक आयोजित बलिदान दिवस में किया नमन

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत।



सेक्टर 15 स्थित गुरूद्वारे में कार्यक्रम को संबोधित करती पूर्व मंत्री कविता जैन।

**पूर्व** कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने सिखों के नौवें गुरू श्रीगुरू तेग बहादुर के बलिदान दिवस पर उन्हें नमन करते हुए युवाओं को प्रोत्साहित किया कि वे गुरूजी के आदर्शों का अनुसरण कर मानवता के संदेश को प्रसारित करें। गुरू तेग बहादुर ने केवल धर्म पालना के लिए नहीं अपितु मानवीय सांस्कृतिक विरासत की खातिर अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। ऐसे महान गुरू सदैव स्मरणीय रहेंगे।

सेक्टर-15 स्थित गुरुद्वारा में गुरू तेग बहादुर के बलिदान दिवस का श्रद्धापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा की पूर्व मंत्री कविता जैन ने श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि गुरू तेग बहादुर ने सिखों के प्रथम गुरू नानक देव द्वारा बताये गये मार्ग का अनुसरण करते हुए मानवीय मूल्यों को आत्मसात करने पर बल दिया। उन्होंने कश्मीरी पंडितों तथा अन्य हिंदुओं के जबरन धर्म परिवर्तन का पुरजोर विरोध किया।

मुगल शासक औरंगजेब ने 1675 में उन्हें इस्लाम कबूल करने को कहा, किंतु गुरू तेग बहादुर ने कहा कि वे शीश कटा सकते हैं, अपने केश नहीं कटवायेंगे। इस्लाम स्वीकार न करने के कारण औरंगजेब ने उनका सिर कटवा दिया। पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि गुरुद्वारा शीश गंज साहिब तथा गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब उन स्थानों का स्मरण दिलाते हैं, जहां गुरूजी की हत्या की गई तथा जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। विश्व इतिहास में धर्म एवं मानवीय मूल्यों, आदर्शों एवं सिद्धांतों की रक्षा की खातिर प्राणों की आहुति देने वालों में गुरू तेग बहादुर साहब का बलिदान अद्वितीय है। क्रूर शासक की धर्म विरोधी और वैचारिक स्वतंत्रता का दमन करने वाली नीतियों के विरुद्ध गुरू तेग बहादुर का बलिदान एक अभूतपूर्व ऐतिहासिक घटना थी। यह गुरूजी के निर्भय, आचरण तथा नैतिक उदारता और धार्मिक अडिगता का उच्चतम उदाहरण था।

# अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव: पवित्र ग्रंथ गीता के पूजन के साथ होगा आगाज

## हरियाणा के राज्यपाल बंडारु दतात्रेय और गुजरात के राज्यपाल डा. देवव्रत आर्य करेंगे शुभारंभ

**गुरजोत दुग्गल।** कुरुक्षेत्र



सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार

**अंतर्राष्ट्रीय** गीता महोत्सव-2021 का आगाज गुरुवार को पवित्र ग्रंथ गीता के पूजन से होगा। इस बार गीता जयंती का पर्व 14 दिसंबर को मनाया जाएगा और इस पर्व से पहले 9 दिसंबर को ब्रहमसरोवर के पुरुषोतमपुरा बाग में पवित्र ग्रंथ गीता पूजन, ब्रहमसरोवर पूजन और गीता यज्ञ में पूर्ण आहुति का कार्यक्रम सुबह करीब 11.15 बजे होगा। इस महोत्सव का आगाज करने के लिए हरियाणा के राज्यपाल बंडारु दतात्रे, गुजरात के राज्यपाल आचार्य डा. देवव्रत आर्य पहुंचेंगे। इस उदघाटन कार्यक्रम में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद, हरियाणा के पर्यटन एवं शिक्षा मंत्री कवंरपाल, हरियाणा के खेल एवं युवा मामले मंत्री संदीप सिंह, जरनल जीडी बख्शी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के राष्ट्रीय प्रचारक इंद्रेश, सांसद नायब सिंह सैनी, विधायक सुभाष सुधा भी शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

उपायुक्त मुकुल कुमार ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2021 का सरस और शिल्प मेला 2 दिसंबर से शुरु हो चुका है। इस महोत्सव का विधिवत रूप से शुभारंभ 9 दिसंबर को होगा तथा महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम 14 दिसंबर गीता जयंती के पर्व तक चलेंगे। इस महोत्सव में 9 दिसंबर को सुबह 10 बजे गीता जन्म स्थली ज्योतिसर में श्रीमदभगवद गीता का सम्पूर्ण पाठ होगा। इसके उपरांत 11.15 बजे पुरुषोतमपुरा बाग ब्रहमसरोवर में गीता यज्ञ और गीता पूजन, दोपहर 12 बजे के बाद कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के श्रीमदभगवद गीता सदन में अंतर्राष्ट्रीय गीता संगोष्ठी का आयोजन होगा।

### हरियाणा के विकास की नजर आएगी तस्वीर

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के विकास की तस्वीर सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग द्वारा लगाई जा रही विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी में नजर आएगी। इस अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2021 में राज्य के विभिन्न विभागों द्वारा 9 दिसम्बर से 14 दिसम्बर तक राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन ब्रहमसरोवर के तट पर किया जाएगा। उपायुक्त मुकुल कुमार ने कहा कि इस राज्यस्तरीय प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों की उपलब्धियों, स्कीमों की जानकारी से सम्बन्धित प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

### सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खिंचवाने के लिए क्रेजी हुए युवा

**कुरुक्षेत्र।** सोशल मीडिया के युग में सेल्फी के लिये हमेशा क्रेजी रहने वाले बच्चों और युवाओं सहित हर उम्र के लोगों लिए अच्छी खबर है। अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर ब्रह्मसरोवर के चारों ओर जगह जगह सेल्फी पॉइंट बने हुए है और महोत्सव में आने वाले पर्यटक सेल्फी लेने के अपने शौक को पूरा कर रहे है। अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर परिसर में पुरषोतमपुरा बाग स्थित भगवान श्री कृष्ण अर्जुन रथ सबसे बड़ा सेल्फी पॉइंट है, जहां हर समय दर्जनों पर्यटक सेल्फी ले रहे होते है। भगवान श्री कृष्ण के इस रथ के साथ चार घोड़े जुड़े है और श्री कृष्ण रथ पर मौजूद अर्जुन को गीता का उपदेश देते हुए दिखाए गए है। इस पूरे स्थल को महाभारत ग्रंथ के दृश्यों को ध्यान में रख कर बनाया गया है। इसी पौराणिक दृश्य और पवित्र ग्रंथ गीता से जुड़े होने के कारण पर्यटक सबसे ज्यादा सेल्फी इसी जगह लेते है और अपनी सेल्फी को सोशल मीडिया एकाउंट पर अपलोड कर पोस्ट करते है।

# आर्टिफिशियल ज्वेलरी बनी आकर्षण का केंद्र

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



**आर्टिफिशियल** ज्वेलरी महोत्सव में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मीना यादव का आर्टिफिशियल ज्वेलरी बनाने का बचपन का शौक 55 साल की उम्र में भी कायम है, मगर अब उनका शौक एक कला बन चुका है। उस शौकसे उत्पन्न कला के जरिए न केवल उन्हें पहचान मिली बल्कि अब वह 1000 परिवारों को रोजगार भी दे रही है। इस कला के लिए यूपी सरकार उनको दो बार प्रादेशिक अवार्ड से सम्मानित भी कर चुकी है। अब उनका बेटा दीपक यादव उनके नक्शे कदम पर चलकर कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ रहा है। शिल्पकार मीना यादव बताती हैं कि बचपन में वह अपनी गुड़िया-गुड्डों के लिए तरह तरह की मालाएं, बालियां, टॉप्स व अन्य तरह की आर्टिफिशियल ज्वेलरी घर में पड़े बेकार सामान से बनाती थी। मीना यादव ने बताया ने वह आठ साल से गीता महोत्सव में आ रही हैं। उनके स्टॉल पर सभी सामान हाथ से बना हुआ है। उनकी बनाई आर्टिफिशियल ज्वेलरी का डिजाइन भी सबसे अलग है, जो सिर्फ उनके पास ही है। उनके पास गीता महोत्सव में स्टॉल-22 पर मालाएं, बालियां, मंगलसूत्र, टॉप्स, बंदरवाल, छल्ले, ब्रेसलेट सहित अन्य सामान 50 से 400 रुपये की कीमत पर उपलब्ध है।


सरकार संसद नहीं चलने देना चाहती ताकि

# विपक्ष महंगाई और दूसरे प्रमुख मुद्दे सदन में नहीं उठाए : खड़गे

## खड़गे ने कहा, सांसदों ने उच्च सदन की कार्यवाही का दिन भर के लिए किया था बहिष्कार

## बारह विपक्षी दल के सांसदों का निलंबन नियमों और संविधान के खिलाफ

एजेंसी। नई दिल्ली



**राज्यसभा** में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सदन के 12 विपक्षी सदस्यों का निलंबन रद्द करने की मांग दोहराते हुए बुधवार को कहा कि सरकार सदन नहीं चलने देना चाहती ताकि विपक्ष महंगाई, नगालैंड में गोलीबारी, पेगासस और दूसरे महत्वपूर्ण मुद्दे नहीं उठा सके। खड़गे ने यह भी बताया कि कई विपक्षी पार्टियों के सांसदों ने आज उच्च सदन की कार्यवाही का दिन भर के लिए बहिष्कार किया और निलंबित सांसदों के साथ धरने पर बैठे।

उन्होंने संसद भवन के बाहर विजय चौक पर संवाददाताओं से कहा, सदस्यों के निलंबन को रद्द करने के लिए हम सदन में अपनी बात रख रहे हैं और सभापति से आग्रह भी किया है। यह निलंबन नियमों और संविधान के खिलाफ है। फिर भी वो (सरकार) अपने निर्णय पर अड़े हुए हैं। वो नहीं चाहते हैं कि सदन ऐसे चले। खड़गे के मुताबिक, कांग्रेस और दूसरे सहयोगी दल चाहते है कि निलंबन रद्द हो ताकि वो सदन में महंगाई, पेगासस जासूसी मामला, नगालैंड में गोलीबारी, सीमा पर चीन के अतिक्रमण तथा कई अन्य मुद्दे उठा सकें। उन्होंने कहा, आज फिर हमने वही मुद्दा उठाया और कहा कि निलंबन रद्द किया जाए। वो कह रहे हैं कि माफी मांगनी चाहिए। किस चीज की माफी? हमने नियमों और संविधान के खिलाफ कोई काम किया? नहीं किया।

उन्होंने कहा, इन 12 सदस्यों में कौन सदस्य मेज पर चढ़ा था, फाइल फाड़ी थी? बिना नामित किए हुए सदस्यों को निलंबित किया गया है। खड़गे ने जोर देकर कहा, हम सदन चलाने के लिए तैयार हैं। हम सभी मुद्दों को उठाना चाहते हैं, लेकिन सरकार मौका नहीं दे रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अलोकतांत्रिक, असंवैधानिक और अधिनायकवादी ढंग से काम कर रही है। पिछले सप्ताह सोमवार, 29 नवंबर को आरंभ हुए संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन राज्यसभा में कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के 12 सदस्यों को इस सत्र की शेष अवधि के लिए उच्च सदन से निलंबित कर दिया गया था। जिन सदस्यों को निलंबित किया गया है उनमें मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के इलामारम करीम, कांग्रेस की फूलों देवी नेताम, छाया वर्मा, रिपुन बोरा, राजमणि पटेल, सैयद नासिर हुसैन, अखिलेश प्रताप सिंह, तृणमूल कांग्रेस की डोला सेन और शांता छेत्री, शिव सेना की प्रियंका चतुर्वेदी और अनिल देसाई तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के विनय विस्वम शामिल हैं।

### योगी से धर्म का प्रमाण पत्र नहीं चाहिए : प्रियंका

**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हमला करते हुए कहा कि धर्म के मामले में उन्हें योगी से किसी तरह के प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं है। कांग्रेस महासचिव ने पार्टी के महिला घोषणापत्र शक्ति विधान को जारी किए जाने के अवसर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूछे गए एक सवाल के जवाब में यह बात कही। प्रियंका से मुख्यमंत्री द्वारा हाल में दिए गए उस बयान के बारे में पूछा गया जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रदेश में भाजपा की सरकार एक बार फिर बनने पर सभी विपक्षी दलों के नेता मंदिर के बाहर कारसेवा करते नजर आएंगे। इसके जवाब में कांग्रेस महासचिव ने कहा इस बारे में मैं सिर्फ एक ही बात कहना चाहूंगी। क्या योगी जी यह जानते हैं कि मैं कहां जाती हूं। मैं किस मंदिर में गई और कब से जा रही हूं। क्या वह जानते हैं कि मैं 14 साल की उम्र से व्रत रख रही हूं। वह फिर क्या जानते हैं? क्या वह मुझे मेरे धर्म और आस्था का प्रमाण पत्र देंगे? मुझे उनके प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं है। मेरी आस्था मेरी ही आस्था रहेगी।

### महंगाई, बेरोजगारी, कृषि संकट की वजह सरकार की विफलता है : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि देश में महंगाई, बेरोजगारी, कृषि संकट और चीन के कब्जे की वजह केंद्र सरकार की विफलता है। उन्होंने ट्वीट किया, महंगाई, बेरोजगारी, कृषि संकट, चीन के कब्जे-सबकी जड़ एक ही है-मोदी सरकार का अहंकार, मित्र-प्रेम व विफलता। राहुल गांधी ने दावा किया, अन्याय के विरुद्ध आवाज़ उठाने के साथ ही, हम कांग्रेस शासित राज्यों में जनता के मुद्दों को सुलझा रहे हैं-जन के मन की बात सुन रहे हैं।

# यूपी चुनाव: प्रियंका ने जारी किया महिला घोषणा पत्र



एजेंसी। लखनऊ

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बुधवार को पार्टी का महिला घोषणा पत्र शक्ति विधान जारी किया। इसमें पुलिस बल में 25 फीसदी पदों पर महिलाओं को नौकरी देने, महिला सुरक्षा के लिए विशेष अधिकार प्राप्त आयोग के गठन और महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के प्रति लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई जैसे कई वादे किए गए हैं।

वाद्रा ने पार्टी के राज्य मुख्यालय पर एक संवाददाता सम्मेलन में शक्ति विधान नाम से महिला घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा, महिलाएं अपने हक के लिए लड़ने को तैयार हैं और इस भावना से हमने यह घोषणा पत्र बनाया है ताकि हम महिलाओं को उनके अधिकारों के लिए लड़ने में मदद करें। कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में पार्टी की सरकार बनने पर पुलिस बल में 25 प्रतिशत पदों पर महिलाओं को नौकरी दी जाएगी। इसके अलावा एक कानून बनाया जाएगा जिसमें बलात्कार जैसे अपराध की शिकायत के 10 दिन के अंदर अत्याचार अधिनियम की धारा 4 के तहत कार्रवाई न करने पर संबंधित अधिकारी के निलंबन का प्रावधान होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए छह सदस्यीय विशेष अधिकार प्राप्त आयोग का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आगामी विधानसभा चुनाव में 40 फीसदी टिकट महिलाओं को देने की शुरुआत की है और आगे इसे 50 प्रतिशत किया जाएगा। प्रियंका ने बताया कि घोषणापत्र में ऐलान किया गया है कि नए सरकारी पदों में आरक्षण प्रावधानों के अनुसार 40 फीसदी महिलाओं की नियुक्ति होगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि कक्षा 12 की प्रत्येक छात्रा को स्मार्टफोन और स्नातक की छात्राओं को इलेक्ट्रिक स्कूटी दी जाएगी।

### घोषणा पत्र में शिक्षा, सुरक्षा और स्वावलंबन से जुड़े बड़े वादे किए

उन्होंने कहा राज्य भर में सरकारी बसों में महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। महिलाओं को हर साल तीन रसोई गैस सिलेंडर नि:शुल्क मिलेंगे। प्रत्येक बुजुर्ग और विधवा महिला को 1000 रुपये प्रति माह पेंशन दी जाएगी। प्रियंका ने कहा, आज तक महिलाओं के सशक्तीकरण की बात ज्यादातर प्रचार के लिए चुनाव के समय होती रही। जब महिलाएं राजनीति में पूरी तरह भागीदार बनेंगी, तभी वह सशक्तीकरण वास्तव में जमीन पर उतरेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री ने कांग्रेस छोड़ने का दावा खारिज किया

**पणजी।** गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री प्रताप सिंह राणे ने कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने संबंधी दावे का बुधवार को खंडन किया। कांग्रेस की गोवा इकाई द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो में वरिष्ठ नेता ने कहा कि वह कांग्रेस नहीं छोड़ेंगे। राणे ने भाजपा के गोवा चुनाव के प्रभारी देवेंद्र फडणवीस के मंगलवार को पोंडा में दिए भाषण का जिक्र करते हुए कहा, कांग्रेस छोड़ने की खबर गलत है। यह उनकी (भाजपा की) कल्पना है। मैं पार्टी नहीं छोड़ रहा हूं। मैं 45 साल से अधिक समय से कांग्रेस के साथ हूं। मुझे नहीं लगता कि इस मुकाम पर मैं, पार्टी छोड़ने की बात सोच सकता हूं। पोंडा के कांग्रेस विधायक के. रवि नाइक के मंगलवार को इस्तीफा देने के बाद, विधानसभा में कांग्रेस का संख्या बल घटकर तीन हो गया है। फडणवीस ने कहा था, गोवा में कांग्रेस चार विधायकों वाली एक नैनो (कार) पार्टी थी। चार लोग नैनो जैसी कार में आ सकते हैं। अब यह ऑटोरिक्शा पार्टी बन गई है, क्योंकि इसमें केवल तीन विधायक ही बचे हैं। प्रताप सिंह राणे की कृपा से अब जल्द ही वह एक साइकिल पार्टी बन जाएगी, क्योंकि उसमें केवल दो विधायक ही बच जाएंगे।

### सुशील मोदी ने की केंद्रीय विद्यालय में सांसद कोटा हटाने की मांग

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक सदस्य ने बुधवार को संसद में केंद्रीय विद्यालयों के दाखिले में सांसदों का कोटा समाप्त किए जाने की मांग उठाई। उन्होंने दावा किया कि यह कोटा ही कई सांसदों के हारने का कारण बन रहा है। राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान भाजपा के सुशील कुमार मोदी ने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि जब नवोदय विद्यालयों, केंद्रीय विश्वविद्यालयों, आईआईटी और आईआईएम जैसे संस्थानों में सांसदों को दाखिले का अधिकार नहीं है तो केंद्रीय विद्यालयों में यह अधिकार क्यों दिया गया है। उन्होंने कहा कि देश में 788 से अधिक सांसद हैं और एक सांसद के पास 10 छात्रों को प्रवेश दिलाने का कोटा है। इस प्रकार 7880 सीटों पर दाखिला सांसदों की सिफारिश पर की जाती है। उन्होंने कहा कि एक-एक सांसद के पास हजार दो हजार लोग दाखिले के लिए आग्रह लेकर आते हैं, लेकिन वह केवल 10 लोगों को ही खुश कर पाते हैं। उन्होंने कहा, इसकी वजह से सांसदों के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसलिए मैं मांग करता हूं कि सांसदों का जो 10 सीट का कोटा है, उसे तत्काल समाप्त किया जाना चाहिए। इन सीटों को ओपन मेरिट पर छोड़ दिया जाना चाहिए ताकि गरीब और सामान्य परिवारों के बच्चों को इसका लाभ मिल सके।मोदी ने कहा कि यह मामला सांसदों के चुनाव हारने का एक बहुत बड़ा कारण भी बन रहा है। उन्होंने कहा, मैंने कई सांसदों से बात की है। अधिकांश सांसद चाहते हैं कि यह कोटा समाप्त कर दिया जाए। उल्लेखनीय है कि लोकसभा के सांसद अपने लोकसभा क्षेत्र में आने वाले केंद्रीय विद्यालयों में अधिकतम 10 बच्चों के दाखिले की सिफारिश कर सकते हैं। इसी तरह राज्यसभा सांसद अपने राज्य के किसी भी केंद्रीय विद्यालय में अधिकतम 10 बच्चों का दाखिला करा सकते हैं।

### लोकसभा ने गुरू तेग बहादुर की शहादत को याद किया



**नई दिल्ली।** लोकसभा ने सिख समुदाय के नौवें गुरू तेगबहादुर की शहादत को बुधवार को याद किया और इस मौके पर कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू ने गुरू तेग बहादुर के नाम पर दिल्ली में एक राष्ट्रीय विवि बनाने की मांग की। कांग्रेस नेता तिवारी मनीष तिवारी ने भी गुरू तेग बहादुर की शहादत का स्मरण किया। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, उनकी शहादत को सब याद करते हैं। शिरोमणि अकाली दल की नेता हरसिमरत कौर बादल ने गुरू तेग बहादुर के शहादत दिवस पर हिंदू धर्म की रक्षा के लिए दिए गए उनके बलिदान को सदन में शून्यकाल के दौरान याद किया। उन्होंने कहा, दुनिया में पहली बार किसी व्यक्ति ने दूसरे धर्म की रक्षा के लिए शहादत दी। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने आसन से आग्रह किया कि गुरू तेग बहादुर की शहादत के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा जाना चाहिए। यह मांग करते हुए वह आसन के निकट भी पहुंच गईं। कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा, सिख गुरू ने सबके लिए कुर्बानी दी। गुरू सबके होते हैं। उन्होंने मानवाधिकार, शांति और सौहार्द के लिए कुर्बानी दी थी। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि गुरू तेग बहादुर के नाम पर दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर का विश्वविद्यालय बनाया जाना चाहिए। भाजपा सांसद एसएस अहलूवालिया ने भी गुरू तेग बहादुर की शहादत का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि गुरू तेग बहादुर की शहादत लाल किले के सामने शीशगंज में हुई थी और अंतिम संस्कार संसद के निकट हुआ जहां आज गुरूद्वारा रकाबगंज है। कांग्रेस सांसद जसबीर सिंह गिल ने कहा कि पंजाब में गुरू तेग बहादुर के नाम पर हस्तशिल्प संस्थान स्थापित किया जाना चाहिए।

# मेक्सिको में अवैध पटाखों की दुकान में विस्फोट, छह लोगों की मौत

एजेंसी। मेक्सिको सिटी



**मेक्सिको** सिटी के पूर्व में पटाखों की एक अवैध दुकान में विस्फोट होने से दो बच्चों तथा चार वयस्कों की मौत हो गई तथा कई लोग घायल हो गए। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी है। देश के नेशनल गार्ड द्वारा मंगलवार को जारी घटनास्थल की तस्वीरों में जले हुए वाहनों और कंक्रीट के मकानों की क्षतिग्रस्त दीवारों को देखा जा सकता है।

### प्यूब्ला राज्य की स्वास्थ्य सचिव एना लुसिया हिल ने दी जानकारी

प्यूब्ला राज्य की स्वास्थ्य सचिव एना लुसिया हिल ने बताया कि राजधानी के पूर्वी सैंटियागो तिनांगो में यह हादसा हुआ। विस्फोट सोमवार देर रात हुआ और विस्फोट इतना जबरदस्त था कि ईंट की बनी दीवारें भी मलबे के ढेर में बदल गई। अभी यह पता नहीं चला है कि इस दुकान में पटाखे बनते थे या बेचने के लिए उनका भंडार किया जाता था। मध्य मेक्सिको के आसपास ऐसी घटनाएं 15 सितंबर को स्वतंत्रता दिवस और क्रिसमस की छुट्टियों के करीब देखी जाती हैं जब पटाखों का उत्पादन और बिक्री बढ़ती है।

# सांसद ने बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र बढ़ाने संबंधी अधिसूचना वापसी की मांग उठाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि पंजाब में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का अधिकार क्षेत्र 50 किलोमीटर तक बढ़ाए जाने संबंधी अधिसूचना वापस लिया जाए क्योंकि यह देश के संघीय ढांचे पर हमला है। उन्होंने सदन में शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाया। पंजाब के आनंदपुर साहिब से लोकसभा सदस्य तिवारी ने कहा, 11 अक्टूबर, 2021 को केंद्र सरकार ने अधिसूचना जारी की थी। यह बीएसएफ से संबंधित कानून के विरूद्ध है। पंजाब भौगोलिक दृष्टि से एक छोटा राज्य है। ऐसे में हम जब 50 किलोमीटर की बात करते हैं तो फिर आधा पंजाब इसके दायरे में आ जाता है। उन्होंने कहा, यह अधिसूचना संघीय ढांचे पर हमला है।

# रूड़की गिरजाघर हमला मामले में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं

एजेंसी। देहरादून

**उत्तराखंड** के रूड़की में एक गिरजाघर पर दो माह पहले हुए हमला मामले में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। जिसे लेकर कांग्रेस ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर कड़ा प्रहार करते हुए पार्टी पर अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

रूड़की के सोलानीपुर में तीन अक्टूबर को हुई इस घटना के संबंध में अभी जांच जारी है। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने बताया, इस मामले में अभी जांच चल रही है और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्वाई जरूर की जाएगी। गिरजाघर पर हमले के संबंध में आठ नामजद और 150-200 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### डीजी बोले, आठ नामजद और 150-200 अज्ञातों के खिलाफ हुई थी प्राथमिकी

इस बीच मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने भाजपा पर हमला बोलते हुए हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न कर रही है तथा हमला करने वालों को बचा रही है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार अल्पसंख्यकों की मदद के बजाए उनके खिलाफ ही प्राथमिकी दर्ज करा रही है और दोषियों को बचा रही है। इसे कांग्रेस कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। धस्माना ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और पुलिस महानिदेशक से मिलकर मामले में दोषियों के खिलाफ कार्वाई की मांग की थी लेकिन अभी तक कुछ नहीं किया गया।

सैकड़ों उपद्रवियों ने जबरन धर्मांतरण का आरोप लगाते हुए रूड़की में गिरजाघर पर कथित तौर हमला कर दिया था। आरोप है कि उन्होंने गिरजाघर में रखे सामान को नुकसान पहुंचाने के साथ ही वहां मौजूद लोगों के साथ मारपीट भी की। प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने दोषियों को बचाने के आरोप का खंडन किया। कहा कि उनकी पार्टी किसी भी प्रकार की हिंसक घटनाओं का समर्थन नहीं करती।

# एनआईए ने आतंकवाद के वित्तपोषण के 103 में से 97 मामले दोषसिद्धि पाए: केंद्र

एजेंसी। नई दिल्ली

**सरकार** ने बुधवार को संसद में कहा कि राष्ट्रीय अन्वेषण अधिकरण (एनआईए) ने आतंकवाद के वित्तपोषण से जुड़े 103 मामलों की जांच की। जिनमें से 92.5 प्रतिशत मामलों में दोषसिद्धि हुई। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में पूरक सवालों के जवाब में यह जानकारी देते हुए कहा कि एनआईए ने 103 मामलों की जांच की। जिनमें 868 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किए गए और 795 लोग गिरफ्तार किए गए। राय ने बताया कि इनमें से 97 लोगों के खिलाफ आरोप सिद्ध हुए। प्रश्नकाल के दौरान उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की अपनी नीति पर दृढ़ता से कायम है और अलगाववादी तथा आतंकवादी संगठनों के धन प्रवाह में कमी आने से कश्मीर में सुरक्षाबलों पर पथराव तथा सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाए जाने की घटनाओं में खासी कमी आई है।

### 868 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल कर 795 लोग गिरफ्तार किए

उन्होंने कहा कि एनआईए ने इस साल आतंकवादियों को आर्थिक सहायता देने को लेकर 151 छापे मारे और 29 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

राय ने जांच किए जाने वाले मामलों की विस्तृत जानकारी देने से परहेज करते हुए कहा कि ऐसे मामले काफी संवेदनशील होते हैं और एनआईए कश्मीर में आतंकवाद के वित्तपोषण से जुड़े मामलों, सीमा पार से आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले मामलों सहित देश के खिलाफ होने वाली गतिविधियों की जांच करती है। इस दौरान कुछ विपक्षी सदस्यों ने निलंबित सदस्यों का मुद्दा उठाने का प्रयास किया लेकिन उपसभापति हरिवंश ने उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी। बाद में कई विपक्षी सदस्य सदन से बाहर चले गए।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-3 को मार्च 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को कहा कि 1,25,000 किलोमीटर सड़कों के उन्नयन के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-3 (पीएमजीएसवाई-3) की शुरूआत 2019 में की गई थी और इसके मार्च 2025 तक पूरा किए जाने का लक्ष्य है। ग्रामीण विकास राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने प्रश्नकाल में पूरक सवालों के जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि पीएमजीएसवाई-3 की शुरूआत 2019 में बसावटों को अन्य के साथ ग्रामीण कृषि बाजारों, उच्च माध्यमिक स्कूलों और अस्पतालों से जोड़ने वाली 1,25,000 किलोमीटर सड़कों के समेकन और उन्नयन के लिए की गई थी।

# पुरस्कार कोंकणी समुदाय के लिए गर्व का क्षण

दामोदर मौजो ने ज्ञानपीठ पुरस्कार जीतने पर कहा

### मौजो को 56वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से किया गया है सम्मानित

एजेंसी। पणजी



**ज्ञानपीठ** पुरस्कार से सम्मानित लेखक दामोदर मौजो ने बुधवार को कहा कि यह कोंकणी समुदाय के लिए गर्व का क्षण है। मौजो को 56वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वह दिवंगत रवींद्र केलकर के बाद यह शीर्ष साहित्यिक पुरस्कार जीतने वाले दूसरे कोंकणी लेखक बन गए हैं।

विख्यात साहित्यकार लघु कथा, उपन्यास, बाल साहित्य समेत लेखन की कई विधाओं में हाथ आजमा चुके हैं।मौजो (77) ने कहा कि ज्ञानपीठ पुरस्कार कोंकणी भाषा में लिखने वाले लोगों को प्रेरित करेगा और यह कोंकणी समुदाय के लिए गर्व का क्षण है। मौजो को असम के विख्यात कवि नीलमोनी फुकन के साथ साझे तौर पर यह पुरस्कार दिया गया। उन्होंने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे ज्ञानपीठ मिलेगा। इस तरह के पुरस्कार पाने की मुझे कोई उम्मीद नहीं थी। मौजो ने कहा कि कोंकणी आजादी के बाद प्रमुख विकास के चरण से गुजरी है। कोंकणी को भाषा के रूप में मान्यता मिलने के लिए संघर्ष से गुजरना पड़ा।

लेखक ने कहा, यह कोंकणी समुदाय के लिए गर्व का क्षण है क्योंकि इस भाषा को थोड़े से समय में दो ज्ञानपीठ पुरस्कार मिले हैं। दिवंगत केलकर को 2006 में ज्ञानपीठ पुरस्कार से नवाजा गया। मौजो ने कहा कि कोंकणी लेखन की दुनिया में नए आगंतुकों को यह समझना चाहिए कि साहित्य कभी व्यर्थ नहीं जाता है। मौजो को 1983 में उनके उपन्यास कर्मेलिन के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

# कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने महंगाई, निलंबन, नगालैंड की घटना पर सरकार को घेरा

-सीपीपी की बैठक में कहा, राज्यसभा के 12 सदस्यों का निलंबन संसदीय नियमों का उल्लंघन

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** अध्यक्ष सोनिया गांधी ने महंगाई, बेरोजगारी, राज्यसभा के 12 सदस्यों के निलंबन, टीकाकरण और नगालैंड की घटना को लेकर बुधवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कहा कि सीमा पर वर्तमान स्थिति एवं पड़ोसी देशों के साथ रिश्तों पर संसद के मौजूदा शीतकालीन सत्र में पूर्ण चर्चा की जानी चाहिए। संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में हुई कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की बैठक में उन्होंने यह भी कहा कि राज्यसभा के 12 सदस्यों का निलंबन संविधान और संसदीय नियमों का उल्लंघन है तथा सरकार का यह कदम अप्रत्याशित एवं अस्वीकार्य है।

सीपीपी की बैठक में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी और पार्टी के कई अन्य सांसद शामिल हुए। कांग्रेस अध्यक्ष ने नगालैंड में सुरक्षा बलों की गोलीबारी में 14 लोगों के मारे जाने की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस घटना पर सरकार का केवल अफसोस जता देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि आगे ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए उसे ठोस कदम उठाने चाहिए।

उन्होंने कहा, सरकार ने आखिरकार तीन कृषि कानूनों को निरस्त कर दिया है। इस सरकार की, कामकाज की सामान्य शैली के अनुसार, इन कानूनों को भी अलोकतांत्रिक ढंग से निरस्त किया गया जैसे पिछले साल इन्हें बिना चर्चा के पारित करा दिया गया था। उन्होंने कहा कि किसानों के आंदोलन और कांग्रेस की ओर से पुरजोर ढंग से आवाज उठाने के बाद एक अहंकारी सरकार झुकने को विवश हुई। उन्होंने कहा कि इस सत्र की शुरुआत से ही कांग्रेस जरूरी वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी का मुद्दा उठाती रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया, मैं समझ नहीं पा रही हूं कि मोदी सरकार क्यों और कैसे इतनी असंवेदनशील है और समस्या की गंभीरता से इनकार करती आ रही है। ऐसा लगता है कि सरकार पर लोगों की पीड़ा का कोई असर नहीं है। उनके मुताबिक, सरकार ने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतें घटाने के लिए जो कदम उठाए वह पूरी तरह अपर्याप्त हैं तथा उसने हर बार की तरह इस बार भी राज्यों पर जिम्मेदारी डाल दी जो पहले से ही वित्तीय बोझ का सामना कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि अगर यही स्थिति रही तो फिर अनुसूचित जाति, जनजति के लोगों और दूसरे बेरोजगार नौजवानों के रोजगार का क्या होगा ?

सोनिया गांधी ने कहा, पिछले कुछ समय से सरकार के प्रवक्ता यह दावा करते रहे हैं कि अर्थव्यवस्था तेजी से पटरी पर आ रही है। लेकिन यह किसके लिए हो रहा है? असली सवाल यह है। इसके उन करोड़ों लोगों के लिए कोई मायने नहीं हैं जिन्होंने न सिर्फ कोविड महामारी के चलते बल्कि नोटबंदी और त्रुटिपूर्ण जीएसटी के कारण अपनी आजीविका गंवा दी।



### किसानों के लिए एमएसपी पर बने कानून

**सोनिया** गांधी ने कहा, किसानों की इस बड़ी उपलब्धि को हम सलाम करते हैं। हमें याद करना चाहिए कि पिछले एक साल में 700 से अधिक किसान शहीद हो गए और हम उनके बलिदान का सम्मान करते हैं। हम एमएसपी की कानूनी गारंटी और जान गंवाने वाले किसानों के परिवारों के लिए मुआवजे की मांग के संदर्भ में किसानों के साथ खड़े हैं।

### मोदी सरकार बेच रही सरकारी और सार्वजनिक उपक्रमों को

**कांग्रेस** अध्यक्ष ने दावा किया, मोदी सरकार बैंकों, बीमा कंपनियों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, रेल और हवाई अड्डों जैसी राष्ट्रीय संपत्तियों को बेच रही है। पहले प्रधानमंत्री ने नोटबंदी के जरिएअर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया और वह सरकारी संपत्तियों को बेचने के विध्वंसक रास्ते पर चल रहे हैं।

# ग्रेनो वेस्ट से जुड़ेंगे दिल्ली व सीमावर्ती जिले

## प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण व रोडवेज के एमडी नवदीप रिणवा के बीच हुई बैठक

## बस संचालन के कई बिंदुओं पर चर्चा, जल्द योजना के अंतिम रूप देने की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**ग्रेटर** नोएडा वेस्ट, ग्रेटर नोएडा ईस्ट व लाखों निवासियों को बस सेवा से जोड़ने की कवायद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने शुरू की है। इसे अमली जामा पहनाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण व रोडवेज के एमडी नवदीप रिणवा ने बैठक की। बस संचालन के कई बिंदुओं पर चर्चा की। इसे बहुत जल्द अंतिम रूप देने की तैयारी है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में करीब ढाई लाख फ्लैट बन रहे हैं। अब तक एक लाख से अधिक फ्लैटों में लोग रहने भी लगे हैं। आने वाले दिनों में यहां की आबादी और तेजी से बढ़ेगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने यहां के निवासियों को दिल्ली, गाजियाबाद हापुड़, बुलंदशहर, ग्रेटर नोएडा ईस्ट व नोएडा से बस सेवा के जरिए जोड़ने की कोशिश में जुटे हैं। उनकी मंशा है कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में ही जगह चिंहित कर अस्थायी बस स्टॉप बना दिया जाए जिससे कि चार से पांच बसें एक साथ वहां खड़ी हो सकें।

हर रोज सुबह वहीं से बसों का संचालन शुरू हो। आसपास के डिपो की बसें मसलन हापुड़ बुलंदशहर नोएडा गाजियाबाद आदि भी ग्रेटर नोएडा वेस्ट से होकर गुजरें। इसके साथ ही प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा के 124 गांवों व सेक्टरों को जोड़ते हुए भी सिटी बस सेवा शुरू करना चाह रहा है ताकि प्रमुख स्थलों जैसे ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का दफ्तर कलेक्ट्रेट मेट्रो स्टेशन प्रमुख बाजार हॉस्पिटल आदि तक यात्री आसानी से पहुंच सकें। चूंकि इन बसों के संचालन का पूरा खर्च किराए से निकल पाना मुश्किल है इसलिए ग्रेनोवासियों की जरूरत को देखते हुए शेष रकम को प्राधिकरण खुद से वहन करने को भी तैयार है। रोडवेज के एमडी ने बसों का इंतजाम कर शीघ्र ही प्राधिकरण को प्रस्ताव भेजने की बात कही है। इस पहल से आने वाले दिनों में ग्रेटर नोएडा वेस्ट ग्रेटर नोएडा ईस्ट और सभी 124 गांवों के निवासियों को बड़ी सौगात मिल सकती है।

उनको अपने गंतव्य तक जाने के लिए ऑटो में धक्के नहीं खाने पड़ेंगे। कैब बुक करके भारी.भरकम खर्च भी नहीं उठाना पड़ेगा।

ग्रेटर नोएडा व ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासी एनसीआर के शहरों का सफर भी आसानी से पूरा कर सकेंगे। इस बैठक में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के डीजीएम सीके त्रिपाठी सलिल यादव और रोडवेज की तरफ से आरएम विजय कुमार एएआरएम ललित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# 15 मलिन बस्तियों में सुविधाएं उपलब्ध कराएगा नगर निगम

- नगर आयुक्त ने ली यूनिसेफ अधिकारियों के साथ बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



**नगर** निगम ने उड़ान कार्यक्रम के तहत 15 मलिन बस्तियों कात चयन किया है। इन बस्तियों में किस तरह से मानकों के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए इसको लेकर नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने यूनिसेफ के अधिकारियों के साथ बैठक अपने कैंप कार्यालय पर की।

नगर आयुक्त ने बताया कि इसमें जिन बस्तियों को शामिल किया गया है उनमें वार्ड संख्या 7 सुदामापुरी, वार्ड 28 न्यू हिंडन विहार, वार्ड 31 नंदग्राम, वार्ड 20 राजीव नगर, वार्ड 31 सुभाष नगर, वार्ड 32 हरबंस नगर, वार्ड 6 दीनदयाल पुरी, वार्ड 5 गगन विहार, वार्ड 35 बुध विहार, वार्ड 2 खैराती नगर बागू, वार्ड 92 चमन कॉलोनी, वार्ड 14 प्रताप विहार, वार्ड 44 चित्रकूट कॉलोनी अर्थला, वार्ड 63 पसोंडा, वार्ड 93 कैला भट्टा है। उड़ान कार्यक्रम के अंतर्गत मलिन बस्तियों तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। जिसमें स्वच्छ में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाए जाने के लिए कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन मलिन बस्तियों को चुना गया है वहां पर कैंप लगाए जाएंगे और केंद्र के माध्यम से जनता को जागरूक किया जाएगा। योजनाओं के बारे में और महिलाओं को इसका पूरा लाभ प्राप्त होगा।

# ग्रेटर नोएडा प्रवेश द्वार पर बनेगी ट्रकों की पार्किंग

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- 60 मीटर लंबे प्लांटर से और खूबसूरत लगेगा गेट

**ईस्टर्न** पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से उतरकर सिरसा प्रवेश द्वार से ग्रेटर नोएडा आने पर आगंतुकों को और भी सुखद अनुभूति होगी।

एंट्री प्वाइंट के दोनों तरफ रोड के किनारे हरे-भरे अशोक और वोगेनवेलिया के पौधे लगाने के बाद अब प्राधिकरण बहुत जल्द यहां पर ट्रकर्स प्वाइंट भी विकसित करने जा रहा है जिसमें एक साथ 100 ट्रकों के पार्किंग की व्यवस्था होगी। इसके बन जाने से लंबा सफर करके ग्रेटर नोएडा आने वाले ट्रक चालकों को बहुत सहूलियत हो जाएगी। साथ ही 60 मीटर लंबाई में बनने वाले प्लांटर से प्रवेश द्वार की खूबसूरती में 4 चांद लग जाएगा। इन कार्यों पर करीब ढाई करोड़ रुपए खर्च होने का आकलन है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने पूर्व में भी सिरसा प्रवेश द्वार का दौरा किया था।

उन्होंने इस जगह को खूबसूरत और हरा-भरा बनाने के निर्देश दिए थे। साथ ही ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के रास्ते सिरसा प्रवेश द्वार से ग्रेटर नोएडा आने वाले ट्रक चालकों के लिए ट्रकर्स प्वाइंट बनाने के निर्देश दिए थे। उनके निर्देश पर उद्यान विभाग ने इस जगह को हरा.भरा बनाने का काम तत्काल शुरू कर दिया।सिरसा प्रवेश द्वार के दोनों तरफ चौड़ा करके वोगेनवेलिया और अशोक के पेड़ लगवा चुका है। सीईओ नरेंद्र भूषण ने मंगलवार को इसका जायजा भी लिया। वहीं, अब प्राधिकरण ट्रकर्स प्वाइंट भी जल्द बनाने जा रहा है। परियोजना विभाग ने इसकी डिजाइन और एस्टीमेट तैयार करा लिया है। सीईओ की अनुमति भी मिल गई है।

## बीओटी आधार पर बनेगा एमआरओ हब

# 40 एकड़ में सुधरेंगे पूरी दुनिया के हवाई जहाज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**नोएडा** इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर में 40 एकड़ में विकसित होने वाले मेंटेनेंस रिपेयर एंड ओवरहालिंग (एमआरओ) हब, बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर (बीओटी) यानि बनाओ चलाओं और कमाकर वापस के आधार पर विकसित होगा।

साथ ही सिटी साइट के तहत होटल भी बीओटी आधार पर बनाए जाएंगे। इसके लिए विकासकर्ता कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने टेंडर निकाल दिए हैं। वहीं कंपनी ने इंडियन ऑयल स्काईटैंकिंग लिमिटेड के साथ ईंधन आपूर्ति के लिए 30 साल का अनुबंध किया है। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 2024 में यात्री सेवाएं शुरू होंगी।

जेवर एयरपोर्ट की विकासकर्ता कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड वाईआईपीएल 40 एकड़ में कार्गो हब विकसित करेगी। कार्गो हब बिल्ट आपरेट ट्रांसफर बीओटी आधार पर विकसित होगा। यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने कार्गो हब के विकास के लिए कंपनी चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसे डिजाइन फाइनेंस डेवलप कंस्ट्रक्शन ऑपरेशन व ट्रांसफर मोड पर बनाया जाएगा। विकासकर्ता कंपनी ने इसके लिए निविदा जारी कर दी है।

कार्गो हब में अंतरराष्ट्रीय और घरेलू कार्गो के लिए टर्मिनल बनाया जाएगा। 2061 तक नोएडा एयरपोर्ट से 24 लाख टन कार्गो की ढुलाई का अनुमान है। इसमें 9.9 फीसद की सालाना बढ़ोतरी होगी।

जेवर एयरपोर्ट के पहले चरण में 60 एकड़ हिस्से को सिटी साइट के तौर पर विकसित किया जाएगा। इससे एयरपोर्ट पर यात्रियों को होटल, मॉल आदि की सुविधा मिलेगी। सिटी साइट के विकास के लिए कवायद शुरू हो गई है। यहां होटल को बीओटी आधार पर बनाया जाएगा। इसके लिए विकासकर्ता ने कंपनी की तलाश शुरू कर दी है। इसके लिए भी टेंडर निकाल दिए गए हैं। बताते चलें कि एयरपोर्ट के चारों चरण पूरे होने पर सिटी साइट का कुल क्षेत्रफल 167 एकड़ हो जाएगा। वाईआईएपीएल ने इंडियन ऑयल स्काईटैंकिंग लिमिटेड आईओएसल के साथ ईंधन आपूर्ति के लिए 30 साल का अनुबंध किया है। यह साझेदारी जेवर एयरपोर्ट को विमानन ईंधन लागत कुशलता और एयरलाइन भागीदारों के लिए मदद करेगी। आईओएसल ईंधन के बुनियादी ढांचे के डिजाइन, निर्माण और संचालन का काम करेगा। 10000 क्यूबिक मीटर ईंधन भंडारण टैंक बनाए जाएंगे। हवाई यातायात की मांग के अनुसार इस क्षमता को बढ़ाया जाएगा। सभी विमान स्टैंड को ईंधन के साथ जोड़ने वाली भूमिगत हाइड्रेंट प्रणाली भी विकसित करेगा।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टोफश्नेलमैन ने कहा कि उन्हें एयरपोर्ट की सुविधाओं के लिए इंडियन ऑयल स्काईटैंकिंग लिमिटेड के साथ साझेदारी करके खुशी है। इससे उन्हें स्थायी विमानन ईंधन मिलेगा। इंडियन ऑयल स्काईटैंकिंग लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टीएस दुपारे ने कहा कि इस साझेदारी में आधुनिक विमानन ईंधन व बुनियादी ढांचे का विकास शामिल होगा।

# प्रदर्शन करने वाले 700 किसानों पर मामला दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**नोएडा** प्राधिकरण के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर रहे 700 किसानों पर प्राधिकरण के एक अधिकारी की शिकायत पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी रामचंद्र नेगी की शिकायत पर थाना सेक्टर 20 में किसान एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा, महेश, सुधीर चौहान सहित 42 नामजद व 700 अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

आरोप है कि प्रदर्शन कर रहे किसान नेताओं ने, नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ नारे लगाए, प्राधिकरण के गेटों पर तालाबंदी कर, कर्मचारियों को बंधक बनाया तथा उनके साथ बदसलूकी की। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वहीं किसान नेता सुखबीर खलीफा ने कहा कि नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी तानाशाही रवैया अपना रहे हैं और किसानों की जायज मांग को लेकर वे लोग 99 दिन से नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन प्राधिकरण के अधिकारी उनकी समस्याओं को हल करने के बजाय पुलिस पर दबाव बनाकर, उनके खिलाफ लगातार मामले दर्ज करवा रहे हैं।

## जीडीए के बाहर 20 को इकट्ठा होंगे गांव वाले



**गाजियाबाद।** वेव एवं सन सिटी से प्रभावित 18 गांव के किसान अपनी मांगों को लेकर 20 दिसंबर को जीडीए मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। किसानों ने जीडीए व निजी बिल्डर्स पर झूठे वायदे करने का आरोप भी लगाया। किसान नेता लोकेश नागर ने कहा कि मात्र दो सौ रुपए गज के दर से जमीन की खरीद फरोख्त की गई। किसानों के द्वारा साल 2008 के दौरान विरोध किए जाने पर जमीन का रेट 860 रुपये गज निकाला गया। 2014 के दौरान ईकला, इनायतपुर, आरिफपुर, महरौली, काजीपुरा, बयाना समेत कुल सात गांवों के किसानों के साथ त्रिपक्षीय समझौता हुआ था। दो साल के भीतर काम पूर किए जाने थे, लेकिन एक लंबा समय बीतने के बावजूद 5 फीसदी भी काम नहीं हुआ है।

# दिल्ली-गाजियाबाद व मेरठ रैपिड रेल कॉरिडोर पर बना स्पेशल स्टील पुल

- पुल की लंबाई 73 मीटर और वजन लगभग 850 टन

अशोक निर्वाण। गाजियाबाद




**रैपिड** रेल परियोजना का निर्माण कार्य लगातार स्पीड पकड़ रहा है। एनसीआरटीसी ने वसुंधरा, गाजियाबाद के पास भारतीय रेलवे की मुख्य लाइन को पार करने के लिए दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के पहले स्पेशल स्टील पुल स्थापित कर लिया है। यह पुल 73 मीटर लंबा है और इसका वजन लगभग 850 टन है। यह विंच और रोलर व्यवस्था (खिसकाने के लिए) की मदद से भारतीय रेल की पटरियों के दोनों ओर बनाई गयी लगभग 10 मीटर ऊंचाई के पिलर्स पर स्थापित किया गया है।

एनसीआरटीसी के पीआरओ पुनीत वत्स ने बताया कि पुल की स्थापना के साथ ही दिल्ली से मेरठ के बीच भारत के पहले आरआरटीएस कॉरिडोर के निर्माण का एक और पड़ाव पूरा कर लिया गया है। साहिबाबाद से दुहाई तक के 17 किमी लंबे प्राथमिकता वाले खंड का यह पहला विशेष स्टील पुल है।

आरआरटीएस स्टेशन के ठीक पहले भी लगभग 150 मीटर का एक और विशेष स्टील स्पैन का निर्माण कार्य चल रहा है, जहां निर्माणाधीन आरआरटीएस वायडक्ट एक फ्लाईओवर और दिल्ली मेट्रो के वायडक्ट को एक साथ पार कर रहा है। प्राथमिकता खंड में वायडक्ट के निर्माण के साथ ही सभी पांच स्टेशनों साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई और दुहाई डिपो का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। गाजियाबाद से दुहाई के बीच के वायाडक्ट पर रेल पटरियों को जोड़ने का काम चल रहा है।

## निर्माणस्थल पर लगाई गई एंटी-स्मॉग गन

एनसीआरटीसी ने निर्माण स्थलों में और उसके आसपास व्यापक प्रदूषण नियंत्रण उपाय करते हुए निर्माण की गति को बनाए रखा है। विशेषज्ञों की एक समर्पित टीम नियमित रूप से इन उपायों की प्रभावशीलता की निगरानी कर रही है। निर्माण कार्य पर्याप्त ऊंचाई के बैरिकेडिंग जोन में किया जा रहा है। निर्माण की धूल को निपटाने के लिए एंटी-स्मॉग गन, वाटर स्प्रिंकलर लगाए गए हैं। सभी कच्चे माल, मलबे को उनके चिन्हित स्थलों पर ढक कर रखा जाता है।

## बाल मित्र पुलिस स्टेशन का उद्घाटन

**हापुड़।** सिटी कोतवाली में नई पहल देखने को मिली है जहां एसपी दीपक भूकर ने मिशन नन्हे फरिश्ते की शुरुआत करते हुए बाल मित्र पुलिस स्टेशन का छात्रा दीपसिका से उद्घाटन कराया। जिसमे फरियाद लेकर आने वाली महिलाओं के बच्चों को रखा जाएगा फिर महिलाओं की शिकायत को सुना जाएगा ताकि महिलाओं को किसी प्रकार से कोई परेशानी ना हो। इसके साथ ही बाल मित्र पुलिस स्टेशन में बच्चों के खेलने के लिए खेल खिलौने, पड़ने के लिए किताबे और चित्र, एलसीडी टीवी भी लगाया गया है। आपको बता दें कि जनपद हापुड़ की मात्र एक सिटी कोतवाली जिसमे मिशन नन्हे फरिश्ते के अंतर्गत बाल मित्र पुलिस स्टेशन का उद्घाटन हुआ है।

# नगर निगम के नोटिस के खिलाफ भाकियू भानु का प्रदर्शन

## निगम अधिकारियों और भूमाफिया के बीच लगाया मिलीभगत का आरोप


पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद।



भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने नंद ग्राम मरियम नगर के निवासियों के नगर निगम के उत्पीड़न के खिलाफ आज नगर निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों ने नगर निगम की करवाई आक्रोश व्यक्त किया। साथ ही निगम अधिकारियों व भूमाफिया पर मिलीभगत का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने एक ज्ञापन भी निगम प्रशासन को सौंपा। पंचायत में भाकियू (भानू) के राष्ट्रीय महासचिव मनोज नागर ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार में प्रचलन चल रहा है कि नन्दग्राम मरियम नगर में पिछले 20- 25 वर्षों से लोग रह रहे हैं । उनके मकानों की रजिस्ट्री व दाखिल खारिज हैं। साथ ही नगर निगम हाउस टैक्स वसूल रहा है। इसके अलावा तमाम सामुदायिक सुविधाएं वहां उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि अब नगर निगम के कुछ कर्मचारी उन लोगों पर नोटिस भेज रहे हैं, जिसमे इस जमीन को सरकारी जमीन बताया जा रहा है। जो पूरी तरह से गरीब लोगों के साथ अन्याय है। प्रमोद त्यागी ने कहा कि यह सब यह सब भू-माफियाओं के इशारे पर नगर निगम और जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन भानु किसी भी कीमत पर किसी की जमीन को खाली नहीं होने दिया जाएगा। वहीं अपर नगर आयुक्त आरएन पांडेय ने कहा कि नगर निगम ने जांच पड़ताल के बाद ही नगर निगम करवाई कर रहा है। प्रदर्शनकारियों में जिला अध्यक्ष आनंद वर्मा उपाध्यक्ष चरण सिंह, करण प्रताप आशा त्यागी मुकेश, वंदना गौरी रामकेश मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# कारोबारियों से रंगदारी वसूलने के मामले में आरोप तय हों : कोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**दिल्ली** की एक अदालत ने कथित तौर पर संगठित अपराध सिंडिकेट चलाने और यहां के व्यापारियों और कारोबारियों से रंगदारी वसूलने के मामले में कथित गैंगस्टर प्रवेश मान और चार अन्य के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रवीण सिंह ने सख्त महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत दंडनीय अपराध के लिए आरोपी व्यक्तियों पर मुकदमा चलाने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने तीन दिसंबर को पारित एक आदेश में कहा कि मैंने पाया कि अभियोजन पक्ष ने अदालत के समक्ष सबूतों से प्रथम दृष्टया यह स्थापित किया है कि गंभीर संदेह मौजूद है कि आरोपी प्रवेश मान के नेतृत्व में एक संगठित अपराध सिंडिकेट चल रहा है, जिसके सदस्य अजय मान, सचिन मान, युद्धवीर और साहिल दहिया हैं और ये संगठित अपराध में शामिल हैं।अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि दिल्ली-एनसीआर की नियमित अपराध समीक्षा से पता चला है कि खतरनाक गैंगस्टर परवेश मान हरियाणा के पड़ोसी जिलों सहित दिल्ली के बाहरी और पश्चिमी जिलों के क्षेत्र में आतंक और अराजकता का प्रतीक बन गया है। आरोप है कि 2016 में प्रवेश ने कुख्यात नीरज बवाना गिरोह से खुद को अलग कर लिया और उसने अपना गिरोह बना लिया ।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष

परिवार की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार होगा। कानून संबंधित मामले में फैसला पक्ष में होगा। मन में किसी चीज को लेकर संदेह भी रहेगा। निवेश करने वाले हैं तो निवेश करने से पहले सभी पहलुओं पर एक बार विचार कर लें। आलस्य के कारण अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। भवन सुख में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। रिश्ते मजबूत होंगे।

(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

**भाग्यांक:** 1

**विशेष:** ब्राह्मण को भोजन कराएं।

### वृष

यात्रा करते समय रोगियों को अतिरिक्त सावधान रहने की आवश्यकता है। दिन बहुत लाभदायक नहीं है। जेब पर नजर रखें और जरूरत से ज्यादा खर्चा न करें। दोस्त और रिश्तेदार की जरूरतों को समझे रोमांटिक जिंदगी में बदलाव मुमकिन है। वैवाहिक जीवन के खूबसूरत पल बिताने के लिए के लिए घर में थोड़ा समय दें। आर्थिक पक्ष मजबूत होंगे।

(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

**भाग्यांक:** 9

**विशेष:** मंदिर में बैठकर कुछ समय बिताएं।

### मिथुन

दिन शानदार रहेगा। परिवार वालों के साथ अधिक समय बीता सकते हैं। छात्रों के मन में कई तरह के सकारात्मक विचार आएंगे। समस्याओं का सॉल्यूशन मिल सकता है। स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा। ऑफिस में बॉस का भरपूर सहयोग मिल सकता है। परिवार के बीच बेहतर तालमेल बना रहेगा। दायरे से बाहर निकलकर ऐसे लोगों से मिलने-जुलने की जरूरत है, जो ऊंची पोस्ट पर हों।

(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)

**भाग्यांक:** 7

**विशेष:** गायत्री मंत्र का जप करें।

### कर्क

दिन अच्छा साबित हो सकता है। उत्साह बढ़ सकता है। घर और आसपास की चीजों का कंट्रोल हाथ में हो सकता है। पैसों के मामलों पर थोड़ा विचार करने में ही फायदा है। रुका हुआ पैसा मिलने के योग हैं। इनकम, खर्चे और पैसों के हर तरह के मामले की बिल्कुल बारीकी से जांच करें। बड़े फैसले लेने के मामलों में दिन अच्छा है। जीवनसाथी के साथ मिलकर निवेश का प्रोग्राम भी बना सकते हैं।

(ही, हूं ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

**भाग्यांक:** 2

**विशेष:** मंदिर में घी का दीपक जलाएं।

### सिंह

कार्य को करते समय किसी प्रकार की द्वेष भावना मन में बिल्कुल न लाएं। रोजगार के नए अवसर खुल जाएंगे। बड़े काम की जिम्मेदारी दी जा सकती है। रोमांस के लिए अच्छा दिन है। व्यापारी हैं तो व्यापार में बहुत ज्यादा धन लाभ होगा। व्यापार के लिए दिन बहुत अच्छा है। क्रोध में वृद्धि हो सकती है। परिवार का सहयोग मिलेगा। काम में सफलता के चांस बढ़ जाएंगे।

(मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)

**भाग्यांक:** 9

**विशेष:** गणेश जी की आरती करें।

### कन्या

जीवन-साथी की तरह ध्यान दिए जाने और देखभाल की जरूरत है। बैंक से जुड़े लेन-देन में सावधानी बरतने की जरूरत है। शाम खूबसूरत तोहफों और फूलों से भरपूर रहेगी। काम करते वक्त आज कोई खास दिक्कत नहीं आएगी एक विजेता की तरह उभरेंगे, जो भी आपसे मिले, उसके साथ विनम्र और सुखद व्यवहार करें जीवनसाथी को कोई बहुत सुखद खबर सुनने को मिल सकती है।

(टो ,पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो)

**भाग्यांक:** 7

**विशेष:** सूर्यदेव को हल्दी जल अर्पित करें।

### तुला

दिन ठीक-ठाक रहेगा। कामकाज के मामले में थोड़े सुस्त हो सकते हैं। फिजूलखर्ची से बचें। घर में मेहमान आने की संभावना है, मन खुश रहेगा। ऑफिस में काम की अधिकता रहेगी। जीवनसाथी से बात पर थोड़ी अनबन हो सकती है। रिश्ते को मजबूत करने के लिए जीवनसाथी को कोई गिफ्ट दे सकते हैं। दिन खुशी से भरा रहेगा। जिद्दी बर्ताव न करें, आहत महसूस कर सकते हैं। आज के दिन समय से काम बनेंगे। जीवनसाथी कुछ दूरी बनाने की कोशिश कर सकता है। अपनी सेहत का ध्यान रखे।

(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )

**भाग्यांक:** 1

**विशेष:** हनुमान जी को बूंदी का भोग लगाएं।

### वृश्चिक

अच्छे लोगों से मुलाकात हो सकती है। फायदा भी होगा। दोस्तों के साथ समय बीतेगा। बिजनेस के सौदे फायदेमंद होने के योग बन रहे हैं। घर-परिवार की जिम्मेदारियों पर ध्यान दें। बिजनेस अच्छा चलेगा। घर का माहौल भी खुशनुमा हो सकता है और परिवार से भी मदद मिल सकती है। खास व्यक्ति की राय से लाइफ में फायदेमंद बदलाव हो सकता है। सब अच्छा होगा। आज किसी रुके हुए काम के पूरा होने की संभावना है। आज का दिन सामान्य रहेगा।

तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )

**भाग्यांक:** 3

**विशेष:** छोटे बच्चों को कुछ गिफ्ट करें।

### धनु

पुत्र की ओर से खुशखबरी प्राप्त हो सकती है। नई गाड़ी या कोई नया उपकरण खरीदने की योजना बना सकते हैं। अविवाहित लोगों को खुशखबरी मिल सकती हैं, बहुत जल्द जिंदगी में एक नया साथी आ सकता है। आर्थिक कशमकश व खींचतान बनी रहेगी। उन मित्रों के साथ लंबी यात्रा के लिए जा सकते हैं, परेशान होने की चिंता नहीं है। सफलता जरूर मिलेगी। आज वाहन चलाते समय सावधानी बरतें। सेहत का ध्यान रखे।

(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

**भाग्यांक:** 9

**विशेष:** मंदिर में फल दान करें।

### मकर

सेहत से जुड़ी परेशानियों के चलते अस्पताल जाना पड़ सकता है, सावधानी अपेक्षित है। भविष्य की योजनाओं को गुप्त रखें। एक-दूसरे का नजरिया समझकर व्यक्तिगत समस्याएं सुलझाएं। औरों के सामने न लाएं, नहीं तो बदनामी हो सकती है। एकतरफा लगाव खुशियों को उजाड़ सकता है। लोगों को व्यापारिक और शैक्षिक लाभ मिलेगा। चिट्ठी-पत्री में सावधानी बरतने की जरूरत है। सभी काम बनेंगे।

(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

**भाग्यांक:** 9

**विशेष:** बहते जल में तिल प्रवाहित करें।

### कुंभ

दिन उत्तम रहेगा। कुछ खास करने के लिए दिन बेहतर है। बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है, जिसे आप बखूबी निभाएंगे। कलाकारों के लिए का दिन विशेष रूप से अच्छा है। आपको मनोरंजन का मौका मिलेगा। हर काम को ध्यान से करेंगे। साथ ही अपनी योग्यता का पूरा फायदा उठाएंगे। दिन अच्छा रहेगा। योजनाओं में सफलता मिलने के योग हैं। पैसों की स्थिति पर विचार करना होगा। किसी रुके हुए काम के पूरा होने की संभावना है।

(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा)

**भाग्यांक:** 6

**विशेष:** ऊँ नम: शिवाय मंत्र का जप करें।

### मीन

खुद पर भरोसा करें और आगे बढ़कर काम करें। बिजनेस और नौकरी के खास काम निपटाने के लिए दिन अच्छा है। आज आप ज्यादातर मामलों में सफल हो सकते हैं। किस्मत का साथ मिल सकता है। मेहनत से कामकाज में आपका महत्व और सम्मान बढ़ने के योग हैं। पैसों की स्थिति में सुधार और उन्नति के अच्छे मौके मिल सकते हैं। पैसे कमाने की कोशिशों में सफलता मिलने की संभावना बन रही है। सोचे हुए काम पूरे होंगे।

(दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

**भाग्यांक:** 4

**विशेष:** हनुमान चालीसा का सात बार पाठ करें।

पिछले महीने सीडीएस बिपिन रावत के एक बयान से बौखलाए चीन ने कहा था, हमें उकसाओ मत!

# चीन की आंख की किरकिरी थे सीडीएस बिपिन रावत

एजेंसी। नई दिल्ली

**बुधवार** को एक हेलिकॉप्टर क्रैश में भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत, पत्नी मधुलिका समेत 13 लोगों की मौत हो गई। जिस एमआई-17 हेलिकॉप्टर में रावत सवार थे, उसे दुनिया के सबसे सेफ हेलिकॉप्टर में से एक माना जाता है। इसलिए क्रैश पर कुछ सवाल भी उठ रहे हैं। बिपिन रावत का चीन को लेकर बेहद सख्त रवैया रहा। इस मामले में वो खुलकर बोलते थे। पिछले महीने ही उनके एक बयान पर चीन काफी बौखला गया था। दरअसल, 13 नवंबर 2021 को बिपिन रावत ने कहा था, भारत की सिक्योरिटी के लिए चीन सबसे बड़ा खतरा बन चुका है। पिछले साल चीन से लगते सीमावर्ती इलाकों में लाखों जवानों और हथियारों की तैनाती की गई थी। उनका जल्द बेस की तरफ लौटना मुश्किल है। भारत और चीन के बीच 13 दौर की बातचीत हो चुकी है, लेकिन आपसी भरोसे की कमी की वजह से सीमा विवाद सुलझ नहीं पा रहा है।

चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल वू कियान ने रावत के इस बयान को उकसावे भरा, गैर-जिम्मेदाराना और खतरनाक बताया था। उन्होंने कहा था, ऐसे बयानों से जियो-पॉलिटिकल टकराव को बढ़ावा मिल सकता है। भारतीय अधिकारी बिना किसी कारण के चीनी खतरे पर अटकलें लगाते रहते हैं, जो दोनों देशों की ऑफिशियल पॉलिसी के खिलाफ है। 15 अप्रैल 2021 को सीडीएस बिपिन रावत ने रायसीना डायलॉग में कहा था, चीन चाहता है माय वे ऑर नो वे। भारत उसके सामने मजबूती से खड़ा है। हमने साबित किया है कि किसी भी तरह का दबाव डालकर हमें पीछे नहीं धकेला जा सकता। जनरल रावत के बयान पर जब चीन से जवाब मांगा गया तो चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल वू कियान ने इसे खारिज कर दिया। कहा- ये बयान पूरी तरह तथ्यों से परे है।

8 अप्रैल 2021 को विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन में एक कार्यक्रम के दौरान बिपिन रावत ने कहा था, हमें इस बात का अहसास है कि तकनीक के मामले में चीन काफी सक्षम है। वो भारत पर साइबर हमले करता रहता है। भारत भी चीन के साइबर अटैक से निपटने के लिए अपने साइबर डिफेंस सिस्टम को मजबूत करने की पूरी कोशिश में जुटा हुआ है।

जनवरी 2018 में सेना प्रमुख रहते हुए जनरल बिपिन रावत ने कहा था, चीन अगर मजबूत है, तो भारत भी अब कमजोर नहीं है। भारत अपनी सीमा पर किसी भी देश को अतिक्रमण नहीं करने देगा। अब हालात 1962 जैसे नहीं हैं। हर क्षेत्र में भारतीय सेना की ताकत बढ़ी है। रावत के इस बयान पर भी चीन ने आपत्ति जताई थी। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लू कांग ने कहा था, इस साल भारत और चीन के संबंधों में काफी उथल-पुथल रही है। ऐसे बयान दोनों देशों के बीच तनाव को और बढ़ाएंगे।

सितंबर 2017 में सेना प्रमुख रहते हुए जनरल बिपिन रावत ने कहा था, भारत को चीन और पाकिस्तान के साथ दो मोर्चों पर युद्ध के लिए तैयार रहने की जरूरत है। उनका ये बयान डोकलाम स्टैंड ऑफ के एक हफ्ते बाद ही आया। चीन ने इस पर कहा था, ऐसी बयानबाजी दोनों देशों के रिश्ते खराब कर सकती है। वो दो मोर्चों पर युद्ध की तैयारी की बात कर रहे हैं, लेकिन ये कॉन्फिडेंस कहां से आ रहा है?

### इन पदों पर रहे रावत

- ब्रिगेड कमांडर
- जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ सदर्न कमांड
- जनरल स्टाफ ऑफिसर ग्रेड 2, मिलिट्री ऑपरेशन्स डायरेक्टोरेट
- कर्नल मिलिट्री सेक्रेटरी एंड डिप्टी मिलिट्री सेक्रेटरी
- सीनियर इंस्ट्रक्टर इन जूनियर कमांड विंग
- कमांडर यूनाइटेड नेशन्स पीसकीपिंग फोर्स मल्टीनेशनल ब्रिगेड
- वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ
- आर्मी चीफ
- चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ

### ये सम्मान मिले

- परम विशिष्ट सेवा मेडल
- उत्तम युद्ध सेवा मेडल
- अति विशिष्ट सेवा मेडल
- युद्ध सेवा मेडल
- सेना मेडल


हेलिकॉप्टर क्रैश के बाद आग बुझाई गई और चादर पर रखकर जल चुके शवों को ले जाया गया।

## आतंकवाद रोधी अभियानों की कमान संभालने का खासा अनुभव

**जनरल** बिपिन रावत को ऊंचाई वाले युद्ध क्षेत्र और आतंकवाद रोधी अभियानों की कमान संभालने का खासा अनुभव था। वह 1986 में चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा पर इंफेंट्री बटालियन के प्रमुख की भूमिका निभा चुके थे। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रीय राइफल्स के एक सेक्टर और कश्मीर घाटी में 19 इंफेंट्री डिवीजन की अगुआई भी की थी। वह कॉन्गो में संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन का नेतृत्व भी कर चुके थे।

सीडीएस रावत की अगुवाई में भारतीय सेना ने कई ऑपरेशन को भी अंजाम दिया था। उन्होंने पूर्वोत्तर में आतंकवाद को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जून 2015 में मणिपुर में एक आतंकी हमले में 18 सैनिक शहीद हो गए थे। इसके बाद 21 पैरा कमांडो ने सीमा पार जाकर म्यांमार में आतंकी संगठन एनएससीएन-के कई आतंकियों को ढेर किया था। तब 21 पैरा थर्ड कॉर्प्स के अधीन थी, जिसके कमांडर बिपिन रावत ही थे। इसके अलावा 29 सितंबर 2016 को भारतीय सेना ने पीओके में सर्जिकल स्ट्राइक कर कई आतंकी शिविरों को ध्वस्त करते हुए कई आतंकियों को मार गिराया था। उरी में सेना के कैंप और पुलवामा में सीआरपीएफ पर हुए हमले में कई जवान शहीद हो जाने के बाद भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई की थी।


एक कार्यक्रम में अपनी पत्नी मधुलिका रावत के साथ शिरकत करते सीडीएस बिपिन रावत। ● फाइल फोटो।


पत्नी के साथ स्वर्ण मंदिर में मत्था टेकने के बाद अभिवादन स्वीकार करते रावत दंपति। ● फाइल फोटो।


हादसे के बाद स्थानीय लोग सबसे पहले पहुंचे और दूसरे लोगों को मदद के लिए बुलाया।


रिस्क्यू टीम के साथ स्थानीय लोग भी मदद के लिए आगे आए और पानी डालकर आग बुझाई।


रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान हेलिकॉप्टर के आसपास से पेड़ हटाते बचाव दल के कर्मचारी।


बचाव दल के साथ-साथ स्थानीय पुलिस-प्रशासन ने भी बचाव कार्य में सहयोग किया।

## जिसमें थे पिता तैनात, उसी यूनिट में रहे बिपिन रावत

एजेंसी। नई दिल्ली

**बिपिन** लक्ष्मण सिंह रावत, जिन्हें हम जनरल बिपिन रावत के नाम से जानते हैं। वो चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ थे। जनरल रावत का जन्म 16 मार्च 1958 को उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले में चौहान राजपूत परिवार में हुआ। जनरल रावत की माताजी परमार वंश से थीं। इनके पूर्वज हरिद्वार जिले के मायापुर से आकर गढ़वाल के परसई गांव में बसे थे, जिस कारण परसारा रावत कहलाए। दरअसल, रावत एक मिलिट्री टाइटल है, जो राजपूतों को गढ़वाल के शासकों ने दिया था। इनके पिता लक्ष्मण सिंह रावत सेना से लेफ्टिनेंट जनरल के पद से रिटायर हुए। रावत ने 11वीं गोरखा राइफल की पांचवी बटालियन से 1978 में करियर की शुरुआत की थी।

रावत ने देहरादून में कैंबरीन हॉल स्कूल, शिमला में सेंट एडवर्ड स्कूल और भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून से शिक्षा ली। यहां उन्हें 'सोर्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। वे फोर्ट लीवनवर्थ, अमेरिका में डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन और हायर कमांड कोर्स के ग्रेजुएट भी रहे। उन्होंने मद्रास यूनिवर्सिटी से डिफेंस स्टडीज में एमफिल, मैनेजमेंट में डिप्लोमा और कंप्यूटर स्टडीज में भी डिप्लोमा किया। 2011 में, उन्हें सैन्य-मीडिया सामरिक अध्ययनों पर अनुसंधान के लिए चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी, मेरठ की ओर से डॉक्टरेट ऑफ फिलॉसफी से सम्मानित किया गया। पूर्व सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत (61) को 2019 में देश का पहला चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) नियुक्त किया गया था। वे 65 साल की उम्र तक इस पद पर रहने वाले थे। इस पद को बनाने का मकसद यह है कि आर्मी, नेवी और एयरफोर्स में सही तरीके से और इफेक्टिव कोऑर्डिनेशन किया जा सके। रावत दिसंबर 1978 में कमीशन ऑफिसर (11 गोरखा राइफल्स) बने थे। वह 31 दिसंबर 2016 को थलसेना प्रमुख बने। उन्हें पूर्वी सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा, कश्मीर घाटी और पूर्वोत्तर में कामकाज का अनुभव रहा। खास बात यह है कि रावत उसी यूनिट (11 गोरखा राइफल्स) में पोस्ट हुए थे, जिसमें उनके पिता भी रह चुके थे।

10 बड़े विमान हादसे

## संजय गांधी, सिंधिया से लेकर लोस स्पीकर और 2 सीएम तक की जा चुकी है जान

एजेंसी। नई दिल्ली

**बिपिन** रावत के प्लेन क्रैश ने उन सभी घटनाओं की यादें ताजा कर दी हैं, जिनमें कई बड़ी हस्तियों को जान गंवानी पड़ी। भारतीय राजनेता वाई एस राजशेखर रेड्डी, संजय गांधी, माधव राव सिंधिया, जीएमसी बाल योगी, एस मोहन कुमारमंगलम, ओपी जिंदल, अरुणाचल प्रदेश के चीफ मिनिस्टर दोरजी खांडू जैसे दिग्गज प्लेन क्रैश का शिकार हो चुके हैं।

1. 23 नवंबर 1963 को जम्मू-कश्मीर के पुंछ में भारतीय वायुसेना का विमान क्रैश हुआ था। इसमें वायुसेना के 6 अधिकारियों की जान चली गई थी। जिसमें लेफ्टिनेंट जनरल बिक्रम सिंह और एयर वाइस मार्शल एरलिक पिंटो की मौत हो गई थी।

2. 31 मई 1973 को कांग्रेस लीडर मोहन कुमार मंगलम की मौत भी प्लेन क्रैश में हुई थी। वे इंडियन एयरलाइंस 440 नाम के प्लेन पर सवार थे। उनके मृत शरीर को उनके पार्कर पेन से पहचाना गया था।



3. 23 जून 1980 को भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बेटे संजय गांधी की मौत भी प्लेन क्रैश में हुई थी। उनकी मौत नई दिल्ली स्थित सफदरजंग एयरपोर्ट के करीब हुई थी। चौंकाने वाली बात यह थी कि वे कहीं सफर पर नहीं निकले थे बल्कि वे अपना प्राइवेट प्लेन खुद उड़ा रहे थे। वे अच्छे पायलट थे। घटना के बाद पता चला कि वे प्लेन से किसी खतरनाक करतब को अंजाम दे रहे थे।

4.. साल 2001 में अरुणाचल प्रदेश के एजुकेशन मिनिस्टर नटुंग की हेलिकॉप्टर क्रैश में ही मौत हुई थी।

5. 30 सितंबर, 2001 को उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले में कांग्रेस के मशहूर नेता माधवराव सिंधिया की मौत भी प्लेन क्रैश में हुई थी। वे अपने 10 सीटर निजी प्लेन में सवार थे। उसमे 4 पत्रकार भी शामिल थे। यह घटना भी खराब विजिबिलिटी की वजह से हुई थी। भारी बरसात की वजह से मोटा गांव में एक धान के खेत में यह घटना हुई।

6. 3 मार्च 2002 को लोकसभा स्पीकर तेलुगू देशम पार्टी लीडर जीएमसी बालयोगी भी आंध्र प्रदेश में प्लेन क्रैश में मारे गए थे। बालयोगी बेल 206 नाम के हेलिकॉप्टर में सवार थे। प्लेन क्रैश की घटना की वजह खराब विजिबिलिटी थी। गलती से पायलट ने प्लेन को एक तालाब के ऊपर लैंड करवा दिया था।

7. सितंबर 2004 में केंद्रीय मंत्री और मेघालय के कम्युनिटी डेवलपमेंट मिनिस्टर सी संगमा की मौत की वजह भी हेलिकॉप्टर क्रैश ही बनी। पवन हंस नाम के हेलिकॉप्टर पर सवार होकर संगमा गुवाहाटी से शिलॉन्ग की तरफ जा रहे थे।

8.31 मार्च 2005 को हरियाणा के पावर मिनिस्टर ओ पी जिंदल की मौत भी प्लेन क्रैश में हुई थी। प्लेन क्रैश की घटना की समीक्षा के बाद पता चला था कि प्लेन में कुछ टेक्निकल प्रॉब्लम की वजह से वह उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में क्रैश हो गया था।



9. 3 सितंबर 2009 को आंध्र प्रदेश के पूर्व चीफ मिनिस्टर वाईएस राजशेखर रेड्डी जिस हेलिकॉप्टर में सवार थे, वह क्रैश हो गया। घटना के वक्त रेड्डी का चॉपर चित्तूर जिले में स्थित एक जंगल के ऊपर से गुजर रहा था। रेड्डी जिस चॉपर में सवार थे, उसका नाम था बेल 430। यह अमेरिकन टेक्नोलॉजी पर आधारित डबल इंजन वाला चॉपर था। वाईएसआर का शव 27 घंटे बाद मिला था।



10. हालांकि माना जाता है कि बड़ी हस्तियों में जान गंवाने वाले पहले नेता सुभाष चंद्र बोस थे, जिनका प्लेन 18 अगस्त 1945 को क्रैश हुआ था, लेकिन उनकी मौत को लेकर संदेह बरकरार है।

### कारगिल युद्ध के दौरान रॉकेट लॉन्चर लगाकर एमआई-17 को बनाया गया था लड़ाकू

## छुड़ा दिए थे पाकिस्तानी फौज के छक्के

**तमिलनाडु** में कुन्नूर के जंगलों में बुधवार को सेना का एमआई-17 हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। इसमें चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका समेत सेना के 13 लोगों की मौत हो गई है। जबकि एक ऑफिसर गंभीर रूप से घायल है। यह वही एमआई-17 हेलिकॉप्टर है जिसने कारगिल की जंग में पाकिस्तानी सैनिकों के छक्के छुड़ाए थे।

दरअसल, कारगिल के दौरान ऑपरेशन विजय मई 1999 में शुरू किया गया। इसके शुरुआती दो बड़े उद्देश्यों में टाइगर हिल्स और तोलोलिंग की चोटियों पर कब्जा करना शामिल था। इन दोनों इलाकों में पाकिस्तानी सैनिक सबसे ज्यादा तैनात थी और यह दोनों ही इलाके श्रीनगर हाईवे के सबसे करीब थे। पाकिस्तानी सेना का कारगिल की चोटियों पर कब्जा करने का मकसद था। श्रीनगर हाईवे और सियाचिन ग्लेशियर पर कब्जा करना। 23 मई को 18 ग्रेनेडियर्स और 1 नागा रेजिमेंट ने तोलोलिंग रेंज की ओर बढ़ना शुरू किया, लेकिन दुश्मन ऊंचाई पर था। इस वजह से उसने भारतीय सैनिकों पर खतरनाक और सटीक फायरिंग शुरू कर दी। थल सेना का आगे बढ़ना रुक गया। ऐसे हालात में 24 मई 1999 को वायुसेना से मदद मांगी गई। तब वायुसेना ने ऑपरेशन सफेद सागर शुरू किया। उस वक्त वायुसेना के पास एमआई 35 हैवी ड्यूटी गनशिप ही उपलब्ध थी। यानी, तब भारत के पास यह अकेला हेलिकॉप्टर था जो दुश्मन पर हमला कर सकता था। दूसरी तरफ यह हेलिकॉप्टर केवल 10 हजार फीट की ऊंचाई तक ही उड़ सकता था, जबकि तोलोलिंग पर मौजूद दुश्मन 15 हजार फीट की ऊंचाई पर था।



ऐसे में वायुसेना ने फैसला किया कि वो अपने एमआई-17 ट्रांसपोर्ट हेलिकॉप्टर को ही हमलावर हेलिकॉप्टर में बदल देगी। यानी, उसे गनशिप हेलिकॉप्टर में तब्दील करने का फैसला किया गया। इसके बाद इसमें 557 एमएम के रॉकेट वाले दो लॉन्चर लगाए गए। श्रीनगर एयरबेस पर दो यूनिट्स से हेलिकॉप्टर लेकर उनमें रॉकेट दागने वाले पॉड यानी लॉन्चर लगाए गए।

उधर, पाकिस्तानी सैनिकों के पास विमानों को मार गिराने वाली ऐसी मिसाइल थीं, जिन्हें कंधे पर रखकर दागा जा सकता था। इनमें अमेरिकी स्ट्रिंगर मिसाइलें भी थीं। 26 मई की सुबह पाकिस्तानी सेना के ठिकानों पर पहले वायुसेना के विमानों ने बम बरसाए। इसके बाद आए एमआई- 17 हेलिकॉप्टर। तीन दिनों तक एमआई-17 के रॉकेटों से हमला किया गया। 27 मई की सुबह चार एमआई-17 ने हमला शुरू किया गया। इसी दिन इनमें से एक हेलिकॉप्टर पाकिस्तानी सेना की मिसाइल का शिकार बन गया। बावजूद इसके बाकी तीन हेलिकॉप्टर अपने मिशन में लगे रहे। इस तरह तोलोलिंग में पाकिस्तानी सेना के ठिकानों को तबाह कर दिया गया।

ओमिक्रॉन प्रभाव

# इंडोनेशिया बैडमिंटन टीम विश्व चैंपियनशिप से हटी

एजेंसी। नई दिल्ली

**कोविड**-19 के नए स्वरूप ओमिक्रॉन के फैलने से चिंतित इंडोनेशिया की बैडमिंटन टीम ने रविवार से स्पेन के हुएलवा में शुरू हो रही बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप से हटने का फैसला किया है। बैडमिंटन इंडोनेशिया ने बुधवार को अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, इंडोनेशिया बैडमिंटन टीम स्पेन के हुएलवा में 12 से 19 दिसंबर 2021 तक होने वाली 2021 बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप से हट गई है। महासंघ ने कहा, इस फैसले के बाद इंडोनेशिया की टीम अब तुरंत 2022 में होने वाली प्रतियोगिताओं की तैयारी शुरू करेगी।

आल इंडोनेशिया बैडमिंटन महासंघ (पीबीएसआई) ने बुधवार को कहा कि यूरोपीय देशों में ओमिक्रॉन स्वरूप के कारण संक्रमण के मामलों में तेजी से इजाफे के बाद यह फैसला किया गया है। पीबीएसआई के विकास एवं प्रदर्शन विभाग के प्रमुख रियोनी मेनाकी ने कहा, हम कोई जोखिम नहीं उठाना चाहते। खिलाड़ियों का स्वास्थ्य और सुरक्षा सर्वोच्च है। हमने खिलाड़ियों के साथ भी चर्चा की है और वे विश्व चैंपियनशिप से हटने के लिए राजी हो गए हैं। उन्होंने कहा, इसके अलावा महामारी के बीच इंडोनेशिया सरकार ने भी विदेशी यात्रा गतिविधियों को कम करने की अपील की है। साथ ही कई यूरोपीय देशों में तेजी से कोविड-19 मामलों में इजाफा हो रहा है। बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने भी इंडोनेशिया के हटने की पुष्टि की लेकिन साथ ही इस फैसले पर निराशा भी जताई। बीडब्ल्यूएफ ने बयान में कहा, बीडब्ल्यूएफ पीबीएसआई के फैसले से निराश है और खेद है कि उन्होंने ड्रॉ के बाद टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया। उन्होंने कहा, हालांकि अब बीडब्ल्यूएफ और स्पेन बैडमिंटन महासंघ का ध्यान स्थानीय और राष्ट्रीय स्वास्थ्य अधिकारियों की सलाह और दिशानिर्देशों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित और सफल विश्व चैंपियनशिप के आयोजन पर है, जिसमें सभी खिलाड़ियों, टीम अधिकारियों और हितधारकों के लिए विस्तृत सुरक्षा प्रोटोकॉल भी शामिल हैं।

इंडोनेशिया की टीम के हटने से टूर्नामेंट की चमक फीकी हो जाएगी। इंडोनेशिया की टीम में पुरुष युगल में केविन संजय और मार्कस फर्नाल्डी की शीर्ष वरीय जोड़ी के अलावा दूसरी वरीय और गत चैंपिपयन मोहम्मद अहसन और हेंद्रा सेतियावान तथा फजर अल्फियान और रियान अर्दियांतो की छठी वरीय जोड़ी भी शामिल थी। पुरुष एकल में टीम में पांचवें वरीय एंथोनी गिनटिंग और सातवें वरीय जोनाथन क्रिस्टी शामिल थे। इसके अलावा ओलंपिक चैंपियन और छठी वरीय ग्रेसिया पोली और अप्रियानी रहायु की महिला युगल जोड़ी भी टीम का हिस्सा थी। पिछले साल इंडोनेशिया की टीम कोविड-19 महामारी के डेनमार्क के आरहस में हुए थॉमस एवं उबेर कप से भी हट गई थी लेकिन टूर्नामेंट स्थगित होने के बाद जब इस साल अक्टूबर में इसका आयोजन हुआ तो टीम ने 19 साल बाद खिताब जीता। भारत ने टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की पुष्टि की है और गत चैंपियन पीवी सिंधू बाली से सीधे प्रतियोगिता के लिए स्पेन पहुंचेंगी।



## गत चैंपियन मोमोटा विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप से हटे

**नई दिल्ली।** दो बार के गत चैंपियन जापान के केंटो मोमोटा ने पीठ की चोट से समय पर नहीं उबरने के कारण रविवार से शुरू होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप से हटने का फैसला किया। खेल की विश्व संचालन संस्था (बीडब्ल्यूएफ) ने एक बयान में कहा, बीडब्ल्यूएफ इस खबर की पुष्टि कर सकता है कि दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी और पुरुष एकल गत चैंपियन केंटो मोमोटा ने चोट की वजह से टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है। बयान में कहा गया, मोमोटा पीठ की चोट के कारण पिछले हफ्ते के एचएसबीसी बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स 2021 से भी हट गए थे और जापान लौट चुके हैं। सत्ताईस वर्षीय मोमोटा ने ट्रेनिंग के दौरान लगी पीठ की चोट के कारण इंडोनेशिया के बाली में विश्व टूर फाइनल्स में ग्रुप ए के शुरुआती मैच में भारत के लक्ष्य सेन के खिलाफ मैच से हटने का फैसला किया था।

## ओडिशा पैरा बैडमिंटन राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा

**नई दिल्ली।** टोक्यो पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता प्रमोद भगत सहित 500 पैरा शटलर 24 से 26 दिसंबर तक ओडिशा के भुवनेश्वर में होने वाली पैरा बैडमिंटन राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शिरकत करेंगे। भुवनेश्वर के दो स्थलों पर ओडिशा पैरा खेल संघ राज्य के खेल विभाग के साथ मिलकर तीन दिवसीय टूर्नामेंट का आयोजन करेगा जो भारतीय पैरालंपिक समिति और भारतीय बैडमिंटन संघ के तत्वाधान में कराया जाएगा। पैरालंपिक में भारत के लिए पहला बैडमिंटन स्वर्ण पदक जीतने वाले और मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से नवाजे जा चुके भगत टूर्नामेंट के आकर्षण का केंद्र होंगे। टूर्नामेंट में एसएच 6 वर्ग के टोक्यो स्वर्ण पदक विजेता कृष्णा नागर, टोक्यो रजत पदक विजेता सुहास यथिराज, पैरालंपिक कांस्य पदक विजेता मनोज सरकार, सुकांत कदम, पारूल परमार, मानसी जोशी, पलक कोहली, तरूण ढिल्लों, प्रेम कुमार एले, राज कुमार भी शिरकत करेंगे। भुवनेश्वर ने हाल में एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्वकप की मेजबानी की थी।

# भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी कोरोना पॉजिटिव

## कोरिया के खिलाफ मैच रद्द

एजेंसी। डोंगहे (दक्षिण कोरिया)

**एशियाई** चैम्पियंस ट्राफी में हिस्सा ले रही भारतीय महिला हॉकी टीम की एक सदस्य कोविड-19 के लिए पॉजिटिव पाई गई है, जिसके कारण मेजबान और गत चैंपियन कोरिया के खिलाफ बुधवार को होने वाला उसका मैच रद्द कर दिया गया। हॉकी इंडिया के एक सूत्र ने पुष्टि की कि एक खिलाड़ी का परीक्षण नतीजा पॉजिटिव आया है जिसके बाद एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) ने अपने ट्विटर हैंडल पर बयान जारी किया, लेकिन संबंधित खिलाड़ी की जानकारी नहीं दी।

एएचएफ ने ट्वीट किया, एशियाई हॉकी महासंघ को यह सूचित करते हुए खेद है कि टीम इंडिया के नियमित कोविड परीक्षण के दौरान कल एक नतीजा पॉजिटिव आया है। एएचएफ ने कहा, कोरिया और भारत के बीच आज दोपहर तीन बजे होने वाले मुकाबले का आयोजन नहीं होगा। जल्द ही आगे की जानकारी दी जाएगी। पॉजिटिव नतीजे के बाद हालांकि टूर्नामेंट में भारत के बाकी बचे मैचों को लेकर अभी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। भारत को अपने अगले मैच में गुरुवार को चीन से भिड़ना है। महामारी ने मंगलवार को ही टूर्नामेंट को प्रभावित कर दिया था जब भारत का मलेशिया



के खिलाफ दूसरा मैच कोविड से जुड़े मुद्दों के कारण रद्द कर दिया गया था। मलेशिया को प्रतियोगिता के कम से कम पहले दो दिन बाहर रहना पड़ा क्योंकि उसकी एक खिलाड़ी नूरुल फैजाह शफीकाह खलीम का दक्षिण कोरिया पहुंचने पर किया गया कोविड-19 का परीक्षण पॉजिटिव आया था। सूत्रों के अनुसार मलेशिया की तरह भारतीय दल को भी एक खिलाड़ी का परीक्षण पॉजिटिव आने के बाद पृथकवास पर रहना पड़ सकता है। पिछली बार के उप विजेता भारत ने इससे पहले थाईलैंड को 13-0 से करारी शिकस्त दी थी जिसमें ड्रैग फ्लिकर गुरजीत कौर ने पांच गोल किए थे। भारत अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ की महिला रैंकिंग में नौवें स्थान पर है और इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है।

## रीयल कश्मीर ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**कोलकाता।** गत चैंपियन रीयल कश्मीर एफसी ने बुधवार को यहां स्थानीय क्लब मोहम्मडन स्पोर्टिंग को कड़े मुकाबले में 1-0 से शिकस्त देकर 124वीं आईएफए शील्ड फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। रीयल कश्मीर के लिए मिजोरम के लालचावनकीमा ने अतिरिक्त समय में 98वें मिनट में किया। इससे टीम आईएफए शील्ड में लगातार दूसरे सेमीफाइनल में पहुंची। एक अन्य क्वार्टरफाइनल मैच में श्रीनिधी डेक्कन एफसी ने लालरोमाविया के 70वें मिनट में किए गए गोल से जार्ज टेलीग्राफ को शिकस्त दी।


## संक्षिप्त समाचार

### ब्रैडमैन के ऐतिहासिक बल्ले की नीलामी



**मेलबर्न।** दिग्गज बल्लेबाज डोनाल्ड ब्रैडमैन ने 1934 की एशेज श्रृंखला के दौरान जिस बल्ले का उपयोग किया था और जिससे उन्होंने तिहरा शतक भी बनाया था उसे नीलामी के लिए रखा गया है। ब्रैडमैन ने सलामी बल्लेबाज बिल पोंसफोर्ड के साथ 451 रन की साझेदारी के दौरान भी इसी बल्ले का उपयोग किया था। यह बल्ला 1999 से एनएसडब्ल्यू दक्षिणी हाइलैंड्स में बोराल में ब्रैडमैन संग्रहालय में प्रदर्शित किया गया है। ब्रैडमैन ने यह बल्ला 1934 में इंग्लैंड में पांचों टेस्ट मैच में उपयोग किया था। उन्होंने इस श्रृंखला में 758 रन बनाए थे। अपने कॅरियर में 52 टेस्ट मैचों में 99.94 की औसत से 6996 रन बनाने वाले ब्रैडमैन ने इस श्रृंखला में इस बल्ले का इस्तेमाल करते हुए हैडिंग्ले में 304 और ओवल में 244 रन बनाए थे। एबीसी.नेट.एयू की रिपोर्ट के अनुसार बल्ले के लिए कोई रिजर्व मूल्य नहीं रखा गया है। ब्रैडमैन का एक अन्य बल्ला 2018 में 110,000 आस्ट्रेलियाई डॉलर में बिका था।

### सेरेना का आस्ट्रेलियाई ओपन में खेलना संदिग्ध



**मेलबर्न।** अगले महीने शुरू होने वाले आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट की प्रवेश सूची में सेरेना विलियम्स का नाम नहीं है, जिससे माना जा रहा है कि सात बार की चैंपियन साल के इस पहले ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट से बाहर रह सकती है। सेरेना ने विंबलडन के पहले दौर के मैच में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण हटने के बाद कोई मैच नहीं खेला है और वह विश्व रैंकिंग में 41वें स्थान पर खिसक गई हैं। उन्होंने अपने 23 ग्रैंडस्लैम एकल खिताब में से आखिरी खिताब 2017 में आस्ट्रेलियाई ओपन में ही जीता था। इस साल के शुरू में उन्हें नाओमी ओसाका ने सेमीफाइनल में सीधे सेटों में हरा दिया था। नोवाक जोकोविच पुरुषों की प्रवेश सूची में नंबर एक खिलाड़ी के रूप में सूचीबद्ध हैं जिससे संकेत मिलते हैं कि वह सभी खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए कोविड-19 के पूर्ण टीकाकरण के आस्ट्रेलिया के कड़े नियमों के बावजूद 17 नवंबर से मेलबर्न पार्क में शुरू होने वाले टूर्नामेंट में खेलेंगे। जोकोविच ने हाल के महीनों में टीकाकरण की अपनी स्थिति पर टिप्पणी नहीं की थी हालांकि उन्हें एक जनवरी से सिडनी में शुरू होने वाले एटीपी कप के लिए सर्बिया की टीम में शामिल किया गया है।

### बार्टी बनी डब्ल्यूटीए की वर्ष की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



**सेंट पीटर्सबर्ग।** विंबलडन चैंपियन और विश्व की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी ऐश बार्टी को दूसरी बार डब्ल्यूटीए की वर्ष की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। बारबोरा क्रेजसिकोवा को सबसे अच्छा सुधार करने वाली खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने कैटरीना सिनियाकोवा के साथ मंगलवार को वर्ष की युगल टीम का पुरस्कार भी साझा किया। क्रेजसिकोवा 2000 के बाद पहली महिला खिलाड़ी हैं जिन्होंने फ्रेंच ओपन में एकल और युगल का खिताब जीता था। एम्मा रादुकानू को वर्ष की नवोदित खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने 18 वर्ष की उम्र में यूएस ओपन का खिताब जीता। वह पहली खिलाड़ी हैं जिन्होंने क्वालीफाईंग दौर से आगे बढ़कर ग्रैंडस्लैम खिताब जीता। कार्ला सुआरेज नवारो को वर्ष में शानदार वापसी करने वाली खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। बार्टी को 2019 में भी डब्ल्यूटीए की वर्ष की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। इस सत्र में उन्होंने विंबलडन के अलावा कुल पांच खिताब जीते और लगातार तीसरे सत्र में वर्ष के आखिर में नंबर एक खिलाड़ी रही।

### आईओसी पेंग को लेकर आश्वासन देने की स्थिति में नहीं

**लुसाने।** टेनिस खिलाड़ी पेंग शुहाई की चीन में सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने कहा कि वह उनके मामले में किसी तरह का आश्वासन देने की स्थिति में नहीं है। दो बार की ग्रैंडस्लैम युगल विजेता पेंग शुहाई ने दो नवंबर को सोशल मीडिया पोस्ट में कम्युनिस्ट पार्टी के एक शीर्ष अधिकारी पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। इसके बाद आईओसी के दो वीडियो कॉल के अलावा चीन के बाहर से उनके साथ कोई संपर्क नहीं हो पाया। आलोचकों का कहना है कि आईओसी अगले साल फरवरी में बीजिंग में शीतकालीन ओलंपिक खेलों को देखते हुए इस मामले में चीन का बचाव कर रहा है। महिला टेनिस संघ (डब्ल्यूटीए) भी पेंग से संपर्क करने में नाकाम रहा है और उसने चीन में होने वाले अपने सभी टूर्नामेंट निलंबित कर दिए हैं। इसके बाद पहली बार मंगलवार को आईओसी को पेंग से जुड़े सवालों का सामना करना पड़ा। आईओसी प्रवक्ता मार्क एडम्स ने कहा, हम आपको पूर्ण आश्वासन नहीं दे सकते हैं। इस प्रक्रिया में हम जो कुछ भी कर सकते हैं वह सबसे अच्छा है और हमारा मानना है कि यह खिलाड़ी के सर्वश्रेष्ठ हित में है।

# अब अतीत को भुलाकर भविष्य पर ध्यान देने का समय : नीरज

एजेंसी। चुला विस्टा (अमेरिका)

**भारत** के भालाफेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के लिए टोक्यो ओलंपिक की उपलब्धि अब अतीत की बात है और वह अभ्यास के लिए यहां पहुंचने के बाद आगामी वर्षों में सफलता हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। चोपड़ा कोच क्लॉज बार्तोनिज की देखरेख में 90 दिन तक यहां की विश्वस्तरीय सुविधाओं में अभ्यास करेंगे। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने पिछले शुक्रवार को उनके प्रस्ताव को तुरत-फुरत मंजूरी दे दी थी।

चोपड़ा ने ट्वीट किया, यह समय अतीत को भुलाकर भविष्य पर ध्यान केंद्रित करने का है। प्रतियोगिता से इतर अभ्यास के लिए पहुंच गया हूं तथा और बेहतर बनने के लिए प्रक्रिया शुरू करने को उत्सुक हूं। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के प्रस्ताव को चार घंटे के भीतर मंजूरी दे दी गई थी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि चोपड़ा रविवार को रवाना हो सकें। प्रतिष्ठित चुला विस्टा एलीट एथलीट ट्रेनिंग सेंटर में अभ्यास के लिए लक्ष्य ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम (टॉप्स) के तहत स्वीकृत लागत 38 लाख रुपये होगी। चोपड़ा ने लिखा, साइ महानिदेशक, टॉप्स और एएफआई के अधिकारियों तथा इसे साकार करने में शामिल प्रत्येक व्यक्ति का आभारी हूं। चोपड़ा ने टोक्यो में सात अगस्त को 87.85 मीटर भाला फेंककर एथलेटिक्स में भारत के लिए पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था।

## कमिंस के करिश्मे के बाद बारिश का खलल

# आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 147 रन पर समेटा

एजेंसी। ब्रिसबेन

**पैट** कमिन्स ने आस्ट्रेलियाई कप्तान के रूप में अपनी पहली पारी में ही पांच विकेट लिए जिससे उनकी टीम ने पहले एशेज टेस्ट क्रिकेट मैच के शुरुआती दिन बुधवार को यहां इंग्लैंड को 147 रन पर समेट दिया। इंग्लैंड की पारी समाप्त होने के बाद बारिश आ गई। खराब मौसम और आउटफील्ड गीली होने के कारण तीसरे सत्र का खेल नहीं हो पाया जिससे आस्ट्रेलिया को अपनी पहली पारी अब गुरुवार की सुबह शुरू करनी होगी। कमिन्स ने आखिरी तीन विकेट निकालकर कुल 38 रन देकर पांच विकेट लिए। उनके साथी तेज गेंदबाजों मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड ने दो दो जबकि आलराउंडर कैमरन ग्रीन ने एक विकेट लिया। इंग्लैंड के चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे, जिसमें जोस बटलर ने



39 और ओली पोप ने 35 रन का योगदान दिया।

इंग्लैंड की पारी समाप्त होने के बाद चाय का विश्राम ले लिया गया, लेकिन इसके बाद आगे खेल नहीं हो पाया। अंपायरों ने स्थानीय समयानुसार शाम पांच बजे दिन का खेल समाप्त करने की घोषणा की। दूसरे दिन का खेल आधा घंटे पहले शुरू होगा। इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने टॉस जीता, पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और आस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज श्रृंखला की पहली गेंद पर सलामी बल्लेबाज रोरी बर्न्स का विकेट गंवा दिया। बादल छाए हुए थे, पिच पर घास है और ऐसे में रूट का फैसला गलत साबित हुआ। स्टार्क की स्विंग लेती यार्कर पर बर्न्स आते ही पवेलियन लौटे तो इसके बाद हेजलवुड ने डाविड मलान (छह) और रूट (शून्य) को आउट करके इंग्लैंड का स्कोर छठे ओवर में तीन विकेट पर 11 रन कर दिया। कमिन्स ने स्टार आलराउंडर बेन स्टोक्स को तीसरी स्लिप में मार्नस लाबुशेन के हाथों कैच कराकर आस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान के रूप में अपना पहला विकेट लिया। स्कोर हो गया चार विकेट पर 29 रन।

सलामी बल्लेबाज हसीब हमीद ने एक छोर संभालकर लंच तक इंग्लैंड का स्कोर चार विकेट पर 59 रन तक पहुंचाया लेकिन वह 25 रन बनाकर दूसरे सत्र के शुरू में कमिन्स की बाहर जाती गेंद पर दूसरी स्लिप में स्टीव स्मिथ को कैच दे बैठे। पोप और बटलर ने छठे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी करके कुछ देर के लिए विकेट गिरने का क्रम रोका। स्टार्क ने बटलर को विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराकर यह साझेदारी तोड़ी जबकि पोप भी इसके तुरंत बाद ग्रीन की गेंद पर फाइन लेग बाउंड्री पर कैच दे बैठे। ग्रीन का यह पहला टेस्ट विकेट था।

# साजिद की फिरकी का जादू, पाकिस्तान ने बांग्लादेश को पारी और आठ रन से हराया

एजेंसी। ढाका

**ऑफ** स्पिनर साजिद खान ने मैच में 128 रन देकर 12 विकेट चटकाए, जिससे पाकिस्तान ने बारिश से प्रभावित दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के अंतिम दिन बुधवार को बांग्लादेश को पारी और आठ रन से हराकर श्रृंखला 2-0 से जीत ली। बांग्लादेश को पहली पारी में 87 रन पर सिमटने के बाद फॉलोआन को मजबूर होना पड़ा और दूसरी पारी में भी टीम 205 रन पर सिमट गई।

कम होती रोशनी के बीच ताइजुल इस्लाम और इबादत हुसैन की अंतिम जोड़ी ने 34 गेंद खेलकर ड्रॉ की उम्मीद



जगाई लेकिन साजिद ने ताइजुल को पगबाधा करके पाकिस्तान की जीत सुनिश्चित की। साजिद ने पहली पारी में 42 रन देकर आठ विकेट चटकाते हुए पाकिस्तानी गेंदबाजी की ओर से चौथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और फिर दूसरी पारी में भी 86 रन देकर चार विकेट हासिल किए। पाकिस्तान ने पहली पारी चार विकेट पर 300 रन बनाकर घोषित की थी। पहले तीन दिन बारिश और खराब रोशनी के कारण सिर्फ 63.2 ओवर का खेल संभव हो पाया था। तीसरे दिन सिर्फ 6.2 ओवर का खेल हो पाया जबकि दूसरे दिन एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। बांग्लादेश ने अंतिम दिन की शुरुआत पहली पारी में सात विकेट पर 76 रन से की, लेकिन जल्द ही टीम 87 रन पर सिमट गई जिसके बाद पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने बिना किसी हिचक के विरोधी टीम को फॉलोआन दिया। शाहीन शाह अफरीदी (31 रन पर दो विकेट) और हसन अली (37 रन पर दो विकेट) ने दूसरे पारी में भी बांग्लादेश को शुरुआती झटके दिए जिससे टीम ने 25 रन तक ही चार विकेट गंवा दिए।

## तोमर का शतक, राजस्थान ने पंजाब को हराया

**रांची।** सलामी बल्लेबाज अभिजीत तोमर के नाबाद शतक और गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन की मदद से राजस्थान ने विजय हजारे ट्रॉफी घरेलू एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ई के मैच में बुधवार को पंजाब को छह विकेट से हरा दिया।

जीत के लिए 220 रन के जवाब में तोमर ने 118 गेंद में 10 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 104 रन बनाकर राजस्थान को एक ओवर बाकी रहते जीत दिलाई। राजस्थान ने सलामी बल्लेबाज मनिंदर सिंह (31) और तीसरे नंबर पर उतरे महिपाल लोमरोर (0) के विकेट जल्दी गंवा दिए लेकिन इसके बाद तोमर ने एक छोर संभालकर टीम को जीत तक पहुंचाया।

# तमिलनाडु से हारी मुंबई

एजेंसी। थुम्बा

**तमिलनाडु** ने शाहरूख खान के अर्धशतक और वाशिंगटन सुंदर के हरफनमौला खेल की बदौलत बुधवार को यहां विजय हजारे ट्रॉफी घरेलू एक दिवसीय ग्रुप बी मैच में गत चैंपियन मुंबई को 54 रन से शिकस्त दी। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद तमिलनाडु ने शाहरूख खान (66 रन) के अर्धशतक से 50 ओवर मे आठ विकेट पर 290 रन का स्कोर खड़ा किया। उसके लिए बाबा इंद्रजीत ने 45, सुंदर ने 34 तथा विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक और जगदीशन कौशिक ने 32-32 रन का योगदान दिया।

मुंबई के धवल कुलकर्णी को तीन विकेट मिले जबकि मोहित अवस्थी



और तुषार देशपांडे ने दो दो विकेट हासिल किए। पृथ्वी साव और श्रेयस अय्यर के बिना खेल रही मुंबई ने दोनों सलामी बल्लेबाजों यशस्वी जयसवाल और अरमान जाफर के विकेट 15 रन के स्कोर पर गंवा दिए। कप्तान शम्स मुलानी ने 75 रन की अर्धशतकीय और साईराज पाटिल ने 42 रन की पारी खेली। लेकिन टीम 46.4 ओवर में 236 रन पर सिमट गई।

## कर्नाटक की पुदुचेरी पर बड़ी जीत

वहीं मंगलापुर में कर्नाटक ने पुदुचेरी को 236 रन से रौंद दिया। कर्नाटक ने सलामी बल्लेबाज रविकुमार समर्थ (95), कृष्णमूर्ति सिद्धार्थ (61), कप्तान मनीष पांडे (64) और श्रीनिवास शरत (55) के अर्धशतकों से 50 ओवर में छह विकेट पर 289 रन बनाए। फिर उसने जगदीश सुचित और वासुकी कौशिक की मदद से पुडुचेरी को 17.3 ओवर में महज 53 रन पर समेटकर विशाल जीत दर्ज की। जगदीश सुचित ने तीन ओवर में तीन रन देकर चार विकेट झटके जबकि वासुकी कौशिक ने छह ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। पुदुचेरी के लिए केवल तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच सके।

## त्रिपुरा की अरुणाचल पर 210 रन की बड़ी जीत

**जयपुर।** समित गोहेल की 135 रन की शतकीय पारी से त्रिपुरा ने बुधवार को यहां विजय हजारे ट्रॉफी प्लेट ग्रुप मैच में अरूणाचल प्रदेश को 201 रन से रौंद दिया। त्रिपुरा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए गोहेल की पारी की मदद से 50 ओवर में चार विकेट पर 336 रन बनाए जिसमें कप्तान केबी पवन ने 64 और रजत डे ने नाबाद 44 रन का योगदान दिया। गोहल ने 128 गेंद की पारी के दौरान 10 चौके और पांच छक्के जमाए। उन्होंने पवन के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 133 रन जोड़े। फिर डे और मनीशंकर मुरासिंह (नाबाद 34) ने महज 15 गेंद में 41 रन जोड़कर बड़ा स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए अरूणाचल प्रदेश की टीम 40वें ओवर में 126 रन पर सिमट गई।

# अश्विन दूसरे और अग्रवाल 30 पायदान ऊपर 11वें स्थान पर पहुंचे

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

एजेंसी। दुबई

**भारतीय** ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन बुधवार को जारी आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में एक पायदान के फायदे से दूसरे स्थान पर पहुंच गए, जबकि सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल और न्यूजीलैंड के स्पिनर एजाज पटेल ने भी लंबी छलांग लगाई है। अग्रवाल मुंबई में दूसरे टेस्ट में प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। इस मैच में उन्होंने 150 और 62 रन की पारियां खेली थीं जिससे वह पुरुषों की बल्लेबाजी रैंकिंग में 30 पायदान के फायदे से 11वें स्थान पर पहुंच गए। वह अपने कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ 10वें पायदान से महज एक स्थान नीचे हैं, जो उन्होंने नवंबर 2019 में हासिल की थी।



मुंबई में जन्में पटेल एक टेस्ट पारी में सभी 10 विकेट चटकाने वाले तीसरे क्रिकेटर बने थे तथा उन्होंने जिम लेकर और अनिल कुंबले की बराबरी की थी। उन्होंने मैच में 14 विकेट चटकाए थे जिससे वह 23 पायदान के फायदे से 38वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बाएं हाथ के स्पिनर की पिछली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 53 थी और श्रृंखला की शुरूआत में वह 62वें स्थान पर थे। मुंबई टेस्ट आईसीसी विश्व चैंपियनशिप का हिस्सा था और इसके बाद रैंकिंग में लाभ हासिल करने वाले अन्य खिलाड़ी भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (21वें पायदान से 45वें स्थान), तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (चार पायदान से 41वें स्थान) और न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल (26 पायदान के फायदे से 78वें स्थान) हैं। भारत की 372 रन की जीत में प्रत्येक पारी में चार-चार विकेट हासिल करने के बाद अश्विन ने शीर्ष रैंकिंग के गेंदबाज पैट कमिंस के बीच अंतर कम कर दिया। अश्विन को 43 रेटिंग अंक का फायदा हुआ, जिससे उनके 883 अंक हो गए हैं। इससे वह तीसरे स्थान पर काबिज जोश हेजलवुड से 67 अंक आगे हैं। वह आल राउंडर सूची में एक पायदान के फायदे से दूसरे स्थान पर पहुंच गए जबकि साथी रविंद्र जडेजा सूची में चौथे स्थान पर खिसक गए जिसमें वेस्टइंडीज के जेसन होल्डर शीर्ष पर काबिज हैं।

## स्पिनर एम्बुलडेनिया और रमेश मेंडिस को भी मिला लाभ

होल्डर एक पायदान के फायदे से बुधवार को अपडेट की गई गेंदबाजों की सूची में 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस सूची में गॉल टेस्ट के प्रदर्शन को भी रखा गया है जिसमें श्रीलंका ने 164 रन की जीत से श्रृंखला में 2-0 से जीत हासिल की थी और वह आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। क्रेग ब्रेथवेट (10 पायदान ऊपर 39वें स्थान पर) और नक्रुमाह बोनर (17 पायदान ऊपर 42वें स्थान पर) वेस्टइंडीज के लिए बल्लेबाजी सूची में फायदा हासिल करने वाले खिलाड़ी हैं। लेकिन गॉल टेस्ट के बाद जिसे सबसे ज्यादा फायदा हुआ, वह प्लेयर ऑफ द मैच रहे धनंजय डि सिल्वा हैं जो दूसरी पारी में नाबाद 155 रन की बदौलत 12 पायदान के फायदे से 21वें स्थान पर पहुंच गए। स्पिनर लसिथ एम्बुलडेनिया और रमेश मेंडिस को भी रैंकिंग में लाभ मिला है। एम्बुलडेनिया (सात विकेट से) पांच पायदान के फायदे से 32वें जबकि मेंडिस 11 विकेट से 18 पायदान की उछाल से 39वें स्थान पर पहुंचने में सफल रहे। बल्लेबाजों में रोहित शर्मा और विराट कोहली क्रमश: पांचवें और छठे स्थान पर बरकरार हैं। रोहित मुंबई टेस्ट में नहीं खेले थे जबकि कोहली ने शून्य और 36 रन बनाए थे।

# चैंपियन्स लीग के अंतिम 16 में पहुंचा एटलेटिको मैड्रिड

एजेंसी। पोर्टो

**एटलेटिको** मैड्रिड ने तीन खिलाड़ियों को लाल कार्ड, मैदान पर झड़प और अंतिम क्षणों में तीन गोल के गवाह बने मैच में पोर्टो को 3-1 से हराकर चैंपियन्स लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतिम 16 में अपनी जगह बनाई। एटलेटिको को क्वालीफाई करने के लिए ग्रुप-बी के इस मैच में जीत की जरूरत थी। पोर्टो के पास भी क्वालीफाई करने का मौका था। उसने इस मैच में दूसरे स्थान पर रहकर शुरुआत की थी। वह एटलेटिको और एसी मिलान से एक अंक आगे था।

मिलान को लिवरपूल ने 2-1 से हराकर लगातार छठी जीत दर्ज की। ऐसे में पोर्टो और एटलेटिको का मैच महत्वपूर्ण बन गया था। एटलेटिको के दो और पोर्टो के एक खिलाड़ी को लाल कार्ड मिलने के कारण दूसरे हाफ में मैदान छोड़ना पड़ा था। एंटोनी ग्रीजमैन ने 56वें मिनट में एटलेटिको को बढ़त दिलाई। एंजेल कोरिया और रोड्रिगो डि पॉल ने 90 मिनट का खेल होने के बाद गोल करके एटलेटिको की बढ़त 3-0 कर दी। पोर्टो को इसके बाद आखिरी क्षणों में पेनल्टी मिली जिसे सर्जियो ओलिवियरा ने गोल में बदला। इस बीच लियोनेल मेस्सी और काइलन एमबापे के दो दो गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने क्लब ब्रूज को 4-1 से हराया। ग्रुप ए में मैनचेस्टर सिटी को हालांकि आरबी लिपजिग से 2-1 से हार का सामना करना पड़ा।